हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

You Tube Subscribe


रांची, गुरुवार, 03 अक्टूबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 141 मूल्य : 2 रुपए

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

Koylanchal samvad news
www.koylanchalsamvad.com

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## तमाम अड़चनों को दूर कर हेमन्त सरकार ने कराया कांटाटोली फ्लाईओवर का निर्माण



| योजना लागत | फ्लाईओवर की लम्बाई | फ्लाईओवर की चौड़ाई |
|---|---|---|
| ₹224.94 करोड़ | 2240 मीटर | 16.6 मीटर |

**₹3264.00 करोड़ की 31 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन**

शिलान्यास की जाने वाली 27 योजनाओं की कुल लागत **₹2471.90 करोड़**

उद्घाटन की जाने वाली 04 योजनाओं की कुल लागत **₹792.10 करोड़**

कांटाटोली फ्लाईओवर, बिरसा चौक-धुर्वा गोल चक्कर 4 लेन स्मार्ट पथ एवं कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ (धनबाद) का उद्घाटन

सिरमटोली-कांटाटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर एवं सहजानन्द चौक-कांके रोड फ्लाईओवर का शिलान्यास

### मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री संजय सेठ**
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री-सह-सांसद, रांची लोकसभा

**श्री हफीजुल हसन**
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास, अल्पसंख्यक कल्याण, निबंधन विभाग

**श्रीमती महुआ माझी**
माननीय सांसद, राज्यसभा

**श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह**
माननीय विधायक, रांची

दिनांक : 04 अक्टूबर 2024 | समय: पूर्वाह्न 11:30 बजे
स्थान : संत पॉल कैथेड्रल मैदान, बहु बाजार के निकट, रांची



### उद्घाटन

- कांको चौक-विनोद बिहारी चौक-गोल बिल्डिंग 8-लेन पथ, कुल लागत **₹461.90 करोड़**
- अनगड़ा-हाहे-राहे पथ (MDR-021) (लम्बाई -26. 687 KM) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य, कुल लागत **₹57.95 करोड़**
- बिरसा चौक से धुर्वा गोल चक्कर (लम्बाई-2.60 KM) का चार लेन में मजबूतीकरण, चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य (साईकिल ट्रैक एवं फुटपाथ सहित) एवं धुर्वा गोल चक्कर से प्रोजेक्ट बिल्डिंग (लम्बाई-1.50 KM) पथ का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य (लम्बाई-4.10 KM), कुल लागत **₹47.33 करोड़**

### शिलान्यास

- सहजानन्द चौक के नजदीक से जज कॉलोनी के नजदीक 04 लेन एलिवेटेड पथ का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹430.75 करोड़**
- गोला-मुरी पथ का 4-लेन निर्माण कार्य, कुल लागत **₹333.17 करोड़**
- धनबाद जिला अंतर्गत मटकुरिया फ्लाईओवर का निर्माण, कुल लागत **₹256.54 करोड़**
- Foundation stone laying of fly over from Bahu Bazar to Patel Chowk Connecting Siramtoli Chowk and Kokar Bahu Bazar (Length 1.25 KM) in Ranchi city, कुल लागत **₹213.35 करोड़**
- भुईयाडीह लिट्टी चौक से भिलाई पहाड़ी पथ में स्वर्णरेखा नदी पर 4 लेन पुल का निर्माण, कुल लागत **₹77.77 करोड़**
- अन्य 19 पथों/ROB का निर्माण कार्य, कुल लागत **₹713.49 करोड़**

PR-337917 (IPRD) 2024-25

**सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार**

## नालंदा में अलग-अलग हादसों में महिला समेत 2 की मौत

नालंदा. नालंदा में दो अलग-अलग जगहों पर हादसों में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई है। मामला अस्थावां और एकंगरसराय थाना क्षेत्र है। मृतकों की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के निजामपुर वार्ड नंबर 2 निवासी शिवनंदन चौधरी की 48 वर्षीय पत्नी कुंती देवी और एकंगरसराय थाना क्षेत्र के तारापुर निवासी बच्ची प्रसाद के 23 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार के रूप में हुई है। मृतका कुंती देवी के परिजन ने बताया कि महिला 30 सितंबर को घर से निकली थी। इसके बाद से वह लापता थी। खोजबीन के क्रम में बुधवार की अहले सुबह गांव के बाहर सोयवा नदी से शव को बरामद किया गया। शव मिलने के बाद कोहराम मच गया। इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। एकंगरसराय निवासी राजेश कुमार के परिजन ने बताया कि युवक बुधवार की अहले सुबह शौच के लिए घर से बाहर निकाला था। तभी वह करंट के चपेट में आ गया। जिसके कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सुबह जब लोग अपने-अपने कामों के लिए खेतों की ओर जाने लगे तब जाकर घटना का खुलासा हुआ। अस्थावां थाना अध्यक्ष लाल मुनि दुबे और एकंगरसराय थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार झा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। दोनों ही मामले में यूडी केस दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

## 48 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

किशनगंज (बिहार). किशनगंज में एसएसबी के जवानों ने ऑटो से तस्करी कर रहे भारी मात्रा में स्मैक को जब्त किया है। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार 19वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ठाकुरगंज के निर्देश पर एसएसबी के जवानों ने भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 107/12 से लगभग 2 किमी (भारत की ओर) सियालडांगा के पास एक ऑटो चालक को रुकने को कहा। गाड़ी रोकने की जगह ऑटो चालक और तेजी से भागने लगा। इसके बाद जवानों ने थोड़ी दूरी पर उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। जहां तलाशी लेने पर उसके पास से 48 ग्राम स्मैक बरामद किया गया। पूछताछ करने पर तस्कर ने अपना नाम पप्पू प्रसाद गुप्ता बताया है। वह पोठिया के छत्तरगाछ का रहनेवाले है। एसएसबी के जवानों ने इसके बाद ऑटो के साथ तस्कर को गिरफ्तार कर कुर्लीकोर्ट थाना के हवाले कर दिया है। मामले में फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## दुकान में हाल-चाल पूछा, फिर व्यापारी से लूटे 5 लाख

भागलपुर. भागलपुर में बुधवार दोपहर बाइक सवार बदमाशों ने हथियार के बल पर चावल व्यवसायी गौतम भगत से 5 लाख रुपए की लूट कर ली। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। तीन बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया है। सीसीटीवी में भी तीन बदमाश दिखाई दे रहे हैं। लूट के बाद बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना ललमटिया थाना से महज 200 मीटर की दूरी की है। लूट से पहले व्यवसायी से बदमाशों ने पहले पूछा कि क्या हाल है चाचा? उसके बाद पैसों से भरा बैग मांगा, नहीं देने पर गोली मारने की धमकी दी, फिर बैग लेकर बाइक सवार हथियारबंद तीन बदमाश मौके से फरार हो गए। जाते-जाते बदमाशों ने व्यवसायी को जान मारने की भी धमकी दी है। जिससे कि व्यवसायी डरे सहमे में हुए हैं। मौके पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर सिटी एसपी डॉ. के रामदास, डीएसपी- 2 राकेश कुमार और कई थाने की पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। पीड़ित ने बताया कि बाइक पर सवार तीन बदमाश हथियार लेकर पहुंचे थे। बैग में 5 लाख रुपए थे। इधर, सिटी एसपी के.रामदास ने बताया कि चावल दुकानदार से तीन बाइक सवार बदमाशों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में पुलिस छानबीन कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## नेपाल से आए जंगली भैंस ने 2 लोगों को कुचला,मौत

सुपौल. सुपौल में जंगली भैंस ने दो लोगों की कुचलकर जान ले ली। घटना नेपाल सीमावर्ती बसंतपुर अंचल इलाके के भगवानपुर पंचायत के वार्ड 2 का है। बताया गया कि ये जंगली जानवर नेपाल से आए हैं।कोसी नदी होकर जंगली भैंस रानीगंज गांव में घुसे हैं। वहीं, घटनास्थल के पास बांस के पीछे अब भी लगभग 6 जंगली भैंस ने शरण लिया है। मृतक की पहचान 65 वर्षीय भुवनेश्वर मंडल और 25 वर्षीय मुकेश कुमार के रूप में हुई। दोनों भगवानपुर गांव के रहने वाले थे। दो लोगों की मौत की सूचना पर जुटी भीड़ ने आक्रोशित होकर भारत-नेपाल सीमा सड़क और एनएच-106 को जाम कर प्रदर्शन किया है। आक्रोशित लोग परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे। आक्रोशितों का कहना है कि वन विभाग की टीम को खबर दी गई, लेकिन लगभग दो घंटे बाद भी टीम नहीं पहुंची है। इससे आसपास के इलाके के किसान, बच्चे और बुजुर्गों में भी दहशत का माहौल है। बसंतपुर सीओ हेमंत कुमार ने बताया कि अड़ना भैंस के हमले से दो लोगों की मौत की सूचना मिली है। सड़क जाम कर रहे लोग मांग कर रहे कि उन भैंस का रेस्क्यू किया जाए। वन विभाग की टीम को खबर दी गई है। सड़क जाम कर रहे लोगों को शांत करवाया जा रहा है।

## शिवदीप लांडे अचानक कटिहार के थानों में पहुंचेः सड़क पर पुलिस की गश्ती नहीं देख हुए नाराज

कटिहार. पूर्णिया रेंज के आईजी शिवदीप लांडे ने बुधवार की सुबह अचानक विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस को भनक तक नहीं लगी। आईजी औचक निरीक्षण में कटिहार पहुंचे जहां पुलिस की मुस्तैदी देखने के लिए नगर थाना ,सहायक थाना और यातायात थाना के कई क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान वो नगर थाना के अंबेडकर कॉलोनी पहुंचे जहां उन्होंने लोगों से बातचीत की। आईजी लगभग दो घंटे तक कटिहार की सड़कों पर घूमते रहे। उन्हें कहीं भी पुलिस की मुस्तैदी नहीं दिखी। नगर थाना और सहायक थाना के लापरवाह रवैये को देख आईजी नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि मॉर्निंग में गश्ती के लिए बोला गया था। सुबह से घूम रहे थे देखा कि क्या सिचुएशन है। मुझे नगर थाना और सहायक थाना की ओर से कुछ खास गश्ती नहीं दिखी। इसके लिए एसपी से बात करूंगा। जो भी होगा वो एसपी तय करेंगे।

## मोबाइल नंबर पोर्ट कराने का झांसा...खाते से 63 हजार पारःबांका में ठगी का शिकार बना युवक

बांका. बांका में साइबर फ्रॉड ने एक युवक के साथ 63 हजार रुपए की ठगी कर ली। दरअसल उसने अपने जियो के नंबर को पोर्ट कराने के लिए गूगल पर जानकारी के लिए सर्च किया। इसके बाद एक नंबर पर संपर्क भी किया। इस दौरान साइबर ठग ने ओटीपी मांगा और फिर नंबर को एयरटेल में पोर्ट करा लिया। अगले दिन युवक के खाते से पैसे गायब हो गए। फिलहाल पीड़ित युवक ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित सुभाष ठाकुर पंचवाड़ा थाना क्षेत्र के सबलपुर का रहने वाला है। उसने साइबर थाना में कहा कि जब वह बैंक गया तो ठगी के बारे में जानकारी मिली। उसने आगे कहा कि उसका नंबर बंद हो जाने से उसे बैंक का कोई मैसेज नहीं मिल सका। वहीं ठगी होने के बाद जब वह बौंसी के जियो आफिस गया तो हां मौजूद कर्मी ने बताया कि आपका नंबर किसी व्यक्ति ने एयरटेल में पोर्ट करवा लिया है। उनका नंबर फिलहाल किसी जय प्रकाश गुप्ता के नाम पर चालू है। साइबर थानाध्यक्ष ने कहा कि आवेदन के अनुसार जांच पड़ताल की जा रही है।

## गया में फाइनेंस कंपनी में डकैती, 3 को मारी गोली

गया. गया में निजी फाइनेंस कंपनी आईबीएम फ्यूचर निधि में डकैती हुई है। वारदात को अंजाम देने 10 की संख्या में अपराधी आए थे, जो करीब 3 लाख रुपए लूटकर ले गए। चोर-चोर शोर होने पर अपराधियों ने फायरिंग कर दी। जिसमें 3 लोगों को गोली लगी है। कंपनी के डायरेक्टर रणविजय सिंह की हालत गंभीर है, आंख के पास बुलेट लगी है। उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। जबकि,दो घायलों में राकेश और उसकी बहन नेहा शामिल हैं। दोनों बैंक की बिल्डिंग में रेंट पर रहते हैं। घटना बुनियादगंज थाना क्षेत्र के खाजहापुर की है। कंपनी में काम करने वाले गोस्वामी ने कहा कि 10 बजे बैंक खुलने के बाद सभी स्टाफ काम कर रहे थे। इसी बीच 10 की संख्या में नकाबपोश बैंक के अंदर आ गए। उसके बाद उन्होंने हथियार के बल पर सभी को बंधक बना लिया। बदमाशों ने सभी का मोबाइल भी ले लिया। वे नगद लूटकर जा रहे थे कि डायरेक्टर रणविजय बैंक के अंदर आने लगे।

# बाढ़ राहत में जुटे एयरफोर्स के हेलिकॉप्टर का इंजन फेलःमुजफ्फरपुर में पायलट ने पानी में की इमरजेंसी लैंडिंग, लोगों ने कंधे पर उठाकर बाहर निकाला

मुजफ्फरपुर. मुजफ्फरपुर के औराई में बुधवार को वायु सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। सीतामढ़ी से हेलिकॉप्टर बाढ़ राहत सामग्री लेकर जा रहा था। नया गांव के वार्ड 13 में ये हादसा हुआ है। हेलिकॉप्टर पानी में गिरा है। 2 पायलट और 2 जवान सुरक्षित हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम के साथ स्थानीय लोगों की मदद से सभी को रेस्क्यू किया गयाा। आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि 'हेलिकॉप्टर राहत सामग्री पहुंचाने में लगा था। तभी जानकारी मिली की हेलिकॉप्टर का इंजन फेल हो गया है। पायलट ने इसकी जानकारी दी थी। सूझबूझ से पायलट ने पानी में इमरजेंसी लैंडिंग करवाई है। जवानों को मामूली चोट आई है। हम उन्हें सम्मानित करेंगे।'

इस हादसे से पहले का एक वीडियो सामने आया है जिसमें नजर आ रहा है कि हेलिकॉप्टर अचानक हवा में नियंत्रण खो देता है। जिसके बाद पायलट ने सूझबूझ से हेलिकॉप्टर को पानी में उतारा। एक दूसरे वीडियो में नजर आ रहा है कि राहत और बचाव टीम पानी में हेलिकॉप्टर में सवार सेना के जवानों को बचाने में जुटी है। नाव के जरिए इन जवानों को बाहर निकाला गया।







### बिहार में बाढ़ की चपेट में 10 लाख से ज्यादा आबादी

नेपाल में भारी बारिश की वजह से बिहार की कई नदियां उफान पर हैं। 16 जिलों के करीब 10 लाख आबादी बाढ़ से प्रभावित है। पूर्णिया, सहरसा, सुपौल, दरभंगा में हालात बेहद खराब हैं। बाढ़ के बीच अब वायुसेना की मदद ली जा रही है। एयरफोर्स की मदद से बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों तक हेलिकॉप्टर से फूड के पैकेट्स पहुंचाए जा रहे हैं। राहत और बचाव कार्य के लिए मंगलवार से सेना ने मोर्चा संभाला है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी मंगलवार को कोसी के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का एरियल सर्वे किया है। वहीं, बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए केंद्र सरकार की ओर से पहली किश्त 655.60 करोड़ रुपए जारी की गई है। राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से अग्रिम सहायता राशि जारी की गई है।

### सहरसाः सामुदायिक किचन में खाने की व्यवस्था

सहरसा में बाढ़ आने के कारण नवहट्टा प्रखंड और महिषी प्रखंड के दर्जनों गांव प्रभावित हो चुके है। यहां लोगों के घर में पानी घुसा हुआ है। इसके साथ ही कितनों के घर पानी में समा भी गए है। बाढ़ पीड़ितों के लिए जिला प्रशासन की ओर से सामुदायिक किचन खोला गया है। किचन में सभी बाढ़ पीड़ित खाना खा रहे है। नवहट्टा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में इसकी व्यवस्था की गई है। पीड़ित कुणाल कुमार की माने तो घर में पानी घुसने से जीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। सामुदायिक किचन की देख रेख कर रहे प्रखंड कल्याण पदाधिकारी की माने तो यहां सुबह से लेकर शाम तक लगभग 500 से 600 लोग खाना खा रहे है। रात में 1000 बाढ़ पीड़ित लोग खाना खाने के लिए आ जाते है। सेंटर पर लगभग 2000 लोगों के खाने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही यहां से दो और सेंटर पर खाना पहुंचाया जा रहा है।

### बाढ़ प्रभावितों के घर लौटने तक मिलती रहेगी राहत सामग्रीः मंत्री नीरज बबलू

सूबे के पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू सहरसा के कोशी तटबंध के बाढ़ प्रभावित इलाके का बुधवार को दौरा करने पहुंचे। उन्होंने बाढ़ राहत शिविर गंडोल में पीड़ितों के बीच राहत सामग्रियों का वितरण किया। मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने कहा कि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के निर्देश पर बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्रियों का वितरण किया गया है। बता दें कि सहरसा के चार प्रखंड के दर्जनों गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। बाढ़ पीड़ित एनएच 17 के मुख्य सड़क किनारे शरण लिए हुए हैं। वहीं मंत्री नीरज कुमार सिंह बबलू ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों के बीच आज सूखा राशन के रूप में चूड़ा, शक्कर, मोमबती, सलाई, बिस्किट, बच्चे का दूध पाउडर, दालमुट प्रत्येक परिवार के बीच दिए गए है। उन्होंने कहा कि आज से इसकी शुरुआत की गई है। जो तब तक बांटा जाएगा जब तक परिवार अपने घरों में लौट नहीं जाएंगे। बाढ़ प्रभावित इलाके के लोगों के लिए कैंप लगाया गया है और उनलोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए जगह जगह पानी टैंकर खड़े किए गए हैं। शौचालय का निर्माण करवाया जा रहा है। ताकि उन लोगों को कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# रेलवे का टेक्नीशियन रैकी कर चुराता था बाइकःमुंगेर में सहयोगी को पार्ट्स बेचता, जमालपुर कारखाना, रेलवे स्टेशन से उड़ाई 7 बाइक; 2 गिरफ्तार

मुंगेर. मुंगेर में अंतर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस ने रेल इंजन कारखाना में कार्यरत रेलकर्मी और उसके एक सहयोगी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर एक टाटा मैजिक पर लोड दो चोरी की बाइक सहित कई पार्ट्स भी बरामद किए हैं। बरामद बाइक पार्ट्स में बरौनी से चोरी की गई बाइक पार्ट्स भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपी शादीपुर निवासी गणेश प्रसाद का बेटा आनंद और बड़ी बाजार निवासी मोहम्मद जहीर का बेटा शाहनवाज उर्फ पप्पू है। आनंद रेल इंजन कारखाना के एमटीएस शॉप में टेक्नीशियन 3 के पद पर कार्यरत है, जिसका टिकट नंबर 2170 है।



### कारखाना और रेलवे स्टेशन पर करता था रैकी

आनंद, कारखाना, रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगहों पर पहले खड़ी बाइक की रेकी करता था। फिर मौका मिलते ही वहां से लेकर रफूचक्कर हो जाता था। फिर शाहनवाज के पास जाकर बेच देता था। शाहनवाज मुंगेर में ही टाउन हॉल के पास बाइक रिपेयरिंग और पार्ट्स की दुकान भी चलाता था। यहां से ही वह चोरी की बाइक का पार्टस अलग-अलग कर उसे बेच दिया करता था।

रेल डीएसपी मनीष आनंद ने कहा कि जमालपुर में हाल के दिनों हुई बाइक चोरी करने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड आनंद और उसके सहयोगी शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आनंद की निशानदेही पर एक मैजिक पर लोड दो बाइक और कई बाइकों के पार्ट्स भी मिले हैं। बरामद बाइक में एक ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र से चोरी की गई है। जबकि रेलवे स्टेशन परिसर से चोरी हुई एक बाइक का पार्टस बरामद किया गया है। बाइक का नंबर प्लेट और पार्टस भी बरामद किया गया है। पार्ट्स की भी पहचान कराई जा रही है।

### तीन महीने में 7 बाइक हुई थी चोरी

पुलिस सूत्रों की मानें तो पिछले तीन माह में दोनों ने मिलकर जमालपुर से कुल 7 बाइक चोरी की थी। इनमें से चार बाइक रेल इंजन कारखाना, एक ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र और दो बाइक रेलवे स्टेशन से उड़ाई गई थी। लगातार बाइक चोरी की घटना जमालपुर में पुलिस के लिए सिरदर्द बनी हुई थी।

### फुटेज में हुई थी पहचान, दो माह बाद आया हाथ

पुलिस सूत्रों की मानें तो आनंद की बाइक चोरी की तमाम घटनाएं सीसीटीवी फुटेज में कैद थी। पुलिस आनंद की पहचान में जुट गई थी। आखिरकार पुलिस के तकनीकी रूप से जांच की जिसके बाद आरोपी की पहचान हुई। रेल डीएसपी मनीष आनंद ने कहा कि जमालपुर में हाल के दिनों हुई बाइक चोरी करने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड आनंद और उसके सहयोगी शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आनंद की निशानदेही पर एक मैजिक पर लोड दो बाइक और कई बाइक्स के पार्ट्स को बरामद किया गया है। बरामद बाइक में एक ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र से चोरी की गई है जबकि रेलवे स्टेशन परिसर से चोरी हुई एक बाइक का पार्ट बरामद किया गया है। कहा कि कई बाइक के नंबर प्लेट और पार्टस भी मिले हैं। पार्ट्स की भी पहचान कराई जा रही है। छापेमारी अभियान में इंस्पेक्टर उमेश प्रसाद, रेल थाना की प्रभारी एसएचओ अब्लीना हंसदा, एसआई संजय कुमार, निरंजन कुमार, कांस्टेबल शत्रुघ्न और प्रतिभा शामिल थी।

# फल्गू में डूबे पांच नाबालिग, 2 की मौतः नदी में नहाने गए थे दो किशोर, एक-दूसरे को बचाने पांचों पानी की गहराई में गए

गया. गया में पितृपक्ष मेला के अंतिम दिन अमावस्या को संगतघाट पर स्नान कर रहे एस्कॉर्ट एंड गाइड के पांच नाबालिग फल्गू नदी में डूब गए हैं। जिसमें दो की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान बेलागंज निवासी 17 वर्षीय रीषा कुमारी और आलोक कुमार (16) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में मानपुर निवासी नैंसी कुमारी (17), मनीषा कुमारी (16) और औरंगाबाद निवासी विकास कुमार शामिल हैं। तीनों को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा कि पहले दो किशोर डूबे थें, उन्हें बचाने के चक्कर में तीन और डूब गए।

बच्चे फूल माला लाकर दे रहे थे

स्कॉर्ट एंड गाइड की इंचार्ज मधु शर्मा का कहना है कि अपने पितरों का तर्पण कर रही थी। इस बीच बच्चे नहाने लगे। नहाने के दौरान एक डूबने लगा। उसे बचाने के चक्कर में सभी डूबने लगे। दो की मौत हो गई। तीन को बचा लिया गया। प्रत्यक्षदर्शी स्काउट विमल कुमार ने बताया कि मैम तर्पण कर रही थीं। उनका फूल-माला बच्चे खरीद कर ला रहे थे। उसी दौरान देखा कि कुछ बच्चे डूब रहे हैं। उन्हें बचाने के लिए मैं भी गया। डीएम डॉ. त्यागराजन ने कहा आज सुबह लगभग 9:00 बजे के आसपास पिता महेश्वर घाट के सामने फल्गु नदी में वार्ड संख्या-53 के 5 स्थानीय बच्चे नहाने गए थे। इसी दौरान 2 डूबने लगे, उनको बचाने गए अन्य 3 बच्चे जाने लगे। गोताखोर और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू किया। समुचित इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेजा गया। दो की मौत हो गई।

## सीएम नीतीश ने 'बापू टावर' का किया उद्घाटन

पटना. गांधी जयंती के मौके पर बुधवार को सीएम नीतीश कुमार पटना में बापू टावर का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। मंत्री लेसी सिंह भी कार्यक्रम में पहुंची। उद्घाटन को लेकर पूरे बापू टावर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। आस-पास सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए थे। बापू टावर का निर्माण 129 करोड़ की लागत से हुआ है। 2 अक्टूबर, 2018 को महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर इसका शिलान्यास सीएम नीतीश ने किया था।

## भोजपुर में 1 दिन बाद मिला युवक का शव

आरा(भोजपुर). भोजपुर में घर से बुलाकर गोली मारकर हत्या कर फेंका गया युवक का शव बरामद हुआ है। उसका शव हसन बाजार थाना क्षेत्र के नोनार हाल्ट स्थित रेलवे ट्रैक से बुधवार को बरामद किया गया। शव के मिलने से गांव और आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। मृतक के ललाट पर कटा हुआ जख्म का निशान और दाहिने गाल पर गोल छेद का निशान पाया गया है। इसके कारण परिजन द्वारा गांव के ही युवक पर उसे घर से बुला और उसकी गोली मार कर हत्या कर उसके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकें जाने का आरोप लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार मृतक पीरो थाना क्षेत्र के बचरी गांव निवासी स्व.मुद्रिका राम का बेटा रमेन्द्र राम(35) है। वह पेशे से मजदूर था। इधर, मृतक के बड़े भाई नेकलाल राम ने बताया कि गांव का ही युवक मंगलवार की शाम करीब 7 बजे उसे घर से बुला कर ले गया था। देर रात तक जब घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था। इसी बीच बुधवार को उसका शव नोनार रेलवे ट्रैक पर फेंका हुआ बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन तुरंत वहां पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं, दूसरी तरफ मृतक के बड़े भाई नेकलाल राम ने घर से बुलाकर ले गए उक्त युवक पर अपने छोटे भाई रमेन्द्र राम की गोली मारकर हत्या करने और उसके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया है।

# मनोज भारती बने प्रशांत किशोर की जन सुराग के अध्यक्षः पीके ने लॉन्च की जन सुराज पार्टी, बोले- शराबबंदी हटाएंगे उस पैसे से नई शिक्षा नीति लाएंगे

पटना. बिहार की राजनीति में प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की एंट्री हो चुकी है। बुधवार को पटना के वेटरनरी ग्राउंड में प्रशांत किशोर ने जन सुराज को लॉन्च आधिकारिक तौर पर लॉन्च कर दिया। एससी समुदाय से आने वाले मनोज भारती को जन सुराज के पहले कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए गए हैं। पीके ने उनके नाम की घोषणा करते हुए कहा कि 'भारती को इसलिए अध्यक्ष नहीं चुना गया कि वे दलित समुदाय से हैं, बल्कि इसलिए चुना गया है, कि वे काबिल हैं और दलित समुदाय से भी आते हैं। 4 देशों में राजदूत रहे मनोज भारती मधुबनी के हैं। पीके ने जैसे ही उनका नाम अनाउंस किया उन्होंने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया है। पूर्व अफसर मनोज भारती का कार्यकाल मार्च तक रहेगा। इसके बाद अध्यक्ष चुनने को लेकर फिर चुनाव होगा। इस दौरान प्रशांत किशोर ने जय बिहार का नारा लगवाते हुए कहा कि 'आप सभी को 'जय बिहार' इतनी जोर से बोलना है कि कोई आपको और आपके बच्चों को बिहारी न कहे और यह एक गाली जैसा ना लगे। आपकी आवाज दिल्ली और बंगाल तक पहुंचनी चाहिए, जहां बिहार के छात्र हैं। इसे तमिलनाडु और बंबई तक पहुंचना चाहिए, जहां भी बिहारी बच्चों के साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें पीटा गया।' प्रशांत किशोर ने कहा कि 'बिहार के लोगों ने पिछड़ों के सम्मान के लिए लालू यादव को वोट दिया। लालू राज में पिछड़ों को सम्मान तो मिला सड़क और बिजली नहीं मिली। फिर नीतीश कुमार को सड़क और बिजली के लिए वोट दिया। नीतीश ने घर-घर बिजली पहुंचा दी भले ही बिल दोगुना हो गया। फिर मोदी को गैस सिलेंडर के लिए वोट दिया। सिलेंडर का दाम 1000 से ऊपर हो गया, लेकिन सिलेंडर हर घर तक पहुंच गया। आपने अनाज के लिए वोट दिया तो अनाज मिल रहा है, बिजली के लिए वोट दिया तो बिजली भी मिल रही है, आवाज के लिए वोट दिया तो पिछड़ों को आवाज भी मिली है। मगर किसी ने अपने बच्चों की पढ़ाई और रोजगार के लिए वोट नहीं दिया। इसलिए बिहार के बच्चे अनपढ़ और मजदूर रह गए। एक बार पढ़ाई और रोजगार के लिए वोट देना होगा, बच्चों के विकास के लिए वोट देना होगा।'



# पटना के बाढ़ में चला स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024:मेडिकल शिविर लगाकर साफ-सफाई की गई

पटना. पटना के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत बाढ़ और बख्तियारपुर नगर परिषद में जनप्रतिनिधि और कर्मियों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 चलाया गया। अभियान में सफाई मित्र के सहयोग और मेडिकल शिविर लगाकर साफ-सफाई की गई। नगर परिषद क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर पेंटिंग बनाकर और स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। दोनों नगर के सभाकक्ष में स्वच्छता के प्रति संकल्प लिया गया। नगर परिषद कार्यालय के आगे सेल्फी जोन भी बनाया गया। बाढ़ नगर परिषद के उमानाथ मंदिर प्रांगण में नगर परिषद के प्रतिनिधियों के द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 चलाया गया। अभियान में मुख्य पार्षद संजय कुमार, उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रविशंकर विद्यार्थी समेत नगर परिषद के 27 वार्ड के जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान किया। नगर क्षेत्र में 33 स्थलों का चयन किया गया था, सभी स्थलों की साफ-सफाई की गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 में शामिल होने वाले सफाई मित्र, शिक्षक और छात्रों को नगर परिषद सभाकक्ष में सम्मानित किया गया। बाढ़ नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार रजक ने कहा स्वच्छता की शुरुआत घर से ही करते हैं, जो सड़कों पर दिखने लगती है। इसके बाद शहर स्वच्छ दिखने लगेगा। हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि घर के कचरे को डस्टबीन में ही डालें, यत्र-तत्र गंदगी नही फैलाए। मुख्य पार्षद संजय कुमार ने कहा जिस तरह आज स्थानों का चयन कर सफाई की गई है, साल भर हमलोग स्थानों का चयन कर स्वच्छता अभियान चलाएंगे और लोगों को जागरूक करते रहेंगे। नगर के कोई कर्मी कार्य में विलंब करेंगे। शिक़ायत मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी, कर्मियों को बर्खास्त भी किया जाएगा। बख्तियारपुर नगर परिषद अध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि सफाई कर्मियों का स्वच्छता में अहम भूमिका होती है, आज हमलोगो के साथ सभी नगर पार्षद और जीविका दीदीयों ने अभियान में भाग लिया। नगर परिषद कार्यालय से सीढ़ी घाट तक स्वच्छता अभियान चलाया गया है। नगर परिषद में कचरों का अंबार कहीं भी नहीं है, जो रोजाना घरों से कचरे निकलते हैं उसे ही सफाई कर्मियों के द्वारा सफाई की जाती है।



### बक्सर में गांधी जयंती के मौके पर आयोजन

बक्सर नगर परिषद ने गांधी जयंती के मौके पर डीडीसी डॉ महेंद्र पाल और नगर परिषद के ईओ के नेतृत्व में स्वच्छता को लेकर किला मैदान में मानव श्रृंखला बनाया गया। यह काम नगर परिषद के स्वच्छता कर्मी, एनसीसी के कैडेट्स, स्काउट गाइड के कैडेट्स, वार्ड पार्षद और अन्य लोगों के सहयोग से स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया। नगर परिषद युवा अमित कुमार ने बताया कि मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। 17 सितंबर से जिले में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की कई गतिविधियों का आयोजन विभिन्न विभाग और संस्थानों से समन्वय स्थापित कर किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित डीडीसी ने बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा आज मानव श्रृंखला बनाकर शहरवासियों से नगर को स्वच्छ बनाने के लिए अभिप्रेरित किया जा रहा है। हम सभी को गंदगी जैसी कुरीति को अपने समाज से मुक्त करने के लिए इस अभियान का हिस्सा बनकर सबको साथ लेकर आगे बढ़ना होगा। विशेषकर युवा-युवतियों को स्वच्छता जैसे मुहिम में आगे आकर प्रतिभागी करना होगा। स्वच्छ बक्सर की परिकल्पना में शहरवासियों का साथ भी अति आवश्यक है। 10 साल पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी जयंती के दिन ही स्वच्छता अभियान की शुरुआत किया था। 10 साल पूरा होने पर कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गांधी जी की बताए हुए कदमों पर भारत ही नहीं बल्कि पूरा विश्व भी चलता है। नगर कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने कहा कि विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। आगे आने वाले समय में भी बक्सर को स्वच्छ बनाने हेतु लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा। इस अभियान में अब लोगों की सहभागिता अति आवश्यक है।

हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

रांची व धनबाद से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe Koylanchal samvad news

www.koylanchalsamvad.com

रांची, गुरुवार, 03 अक्टूबर, 2024 वर्ष : 12 अंक : 141

मूल्य : 2 रुपए



प्रियंका बोलीं- मोदी की पुलिस ने विनेश के बाल खींचे:उन्हें सड़कों पर...

आर्थिक विकास और बढ़ता कर्ज: भारत की अर्थव्यवस्था...

नवरात्रि में मां दुर्गा के इन नौ स्वरूपों की होती है अराधना


## गांधी जयंती पर पीएम मोदी ने हजारीबाग से देश को दी 40 एकलव्य आदर्श विद्यालय की सौगात

# पीएम मोदी ने भरी हुंकार,कहा-तेजी से बदल रही डेमोग्राफी कांग्रेस-जेएमएम-राजद को झारखंड के विकास में बताया बाधक

**रांची/हजारीबाग:** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गांधी जयंती पर हजारीबाग के मटवारी मैदान से हुंकार भरी. बीजेपी की परिवर्तन महासभा में उन्होंने कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राजद (राष्ट्रीय जनता दल) पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि तीनों दलों का गठजोड़ झारखंड के विकास में बाधक है. जब यहां से हेमंत सोरेन सरकार हटेगी, तभी झारखंड में बदलाव आएगा. विदाई की बेला में राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार की स्पीड बढ़ा दी है. पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड के विकास के लिए एक ओर दिन-रात मेहनत कर रही है, वहीं दूसरी ओर झारखंड सरकार झारखंड के विकास को पटरी से उतारने में लगी है. आज झारखंड का बच्चा-बच्चा




जान चुका है कि झारखंड के विकास में सबसे बड़ी बाधा कांग्रेस-जेएमएम और राजद का गठजोड़ है. झारखंड तभी आगे जाएगा, जब ये सरकार हटेगी. झारखंड तभी आगे जाएगा, जब यहां परिवर्तन होगा.

हजारीबाग में पीएम मोदी ने 83 हजार 300 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। अब वो आदिवासियों से संवाद के लिए पहुंचे हैं। हजारीबाग के मटवारी मैदान में परिवर्तन महारैली हो रही है। परिवर्तन रैली में अपने संबोधन की शुरुआत पीएम ने जय जौहार से की। पीएम ने कहा कि झारखंड के विकास में कांग्रेस, जेएमएम और राजद का गठबंधन सबसे बड़ी बाधा है। राज्य का विकास तभी होगा जब ये सत्ता से हटेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं में भी प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार करने से पीछे नहीं हट रही है. ये गरीब के राशन का पैसा डकार रहे हैं. जल जीवन मिशन में भी भ्रष्टाचार कर रहे हैं. यहां कांग्रेस के नेताओं के ठिकाने से सैकड़ों करोड़ बरामद होते हैं. यहां नेताओं के नौकरों के घरों से भी करोड़ों रुपए पकड़े जाते हैं. **शेष पेज 2 पर...**



*रांची एयरपोर्ट पर बीजेपी कार्यालय में सेवा करने वाले कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री ने बातचीत की। उन्होंने कहा- मुझे गर्व है कि हमारी पार्टी में ऐसे अनेक कार्यकर्ता हैं, जो पार्टी की मजबूती के लिए दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं।-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी*

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब की मान सरकार ने बढ़ाया मजदूरी शुल्क, सरकार पर पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

**चंडीगढ़,(ईएमएस)।** पंजाब की अनाज मंडियों में काम करने वाले मजदूरों को मान सरकार ने राहत दी है। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने अनाज की लोडिंग और अनलोडिंग के लिए मजदूरी शुल्क बढ़ाने का ऐलान किया है। मजदूरी शुल्क में एक रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। यह कदम मंडियों में काम करने वाले मजदूरों के लिए राहत देने वाला बताया जा रहा है। इस वृद्धि से राज्य के खजाने पर करीब 18 करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार आएगा। सीएम की इस घोषणा के साथ ही खरीफ विपणन सत्र 2024-25 के लिए धान की खरीद भी शुरू हो गई है। सीएम मान ने अपने मंत्रियों और विधायकों को निर्देश दिया है कि वे राज्य की मंडियों का दौरा करें और धान की खरीद प्रक्रिया को तेज करवाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस प्रक्रिया को सुचारू और परेशानी मुक्त किया जाए ताकि किसानों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में धान की खरीद प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। मान सरकार को इस खरीद सत्र के दौरान करीब 185 लाख टन धान की खरीद की उम्मीद है। सीएम मान ने यह भी तय किया कि किसानों की उपज को जल्द से जल्द खरीदा जाए और मंडियों में किसी भी प्रकार की देरी न हो। धान खरीद सत्र की इस शुरुआत से किसानों को भी राहत मिलेगी, क्योंकि वे अपनी उपज को जल्द और सुचारू रूप से बेच सकेंगे। इसके साथ ही, मंडी मजदूरों के लिए बढ़ा हुआ मजदूरी शुल्क उन्हें आर्थिक रूप से मदद देगा, जिससे उनकी आमदनी में सुधार होगा।

### नवरात्रि आज से 12 अक्टूबर तक: आज कलश स्थापना के लिए दिनभर में दो मुहूर्त रहेंगे



3 अक्टूबर, गुरुवार से नवरात्रि शुरू हो रही है। इस बार अंग्रेजी तारीखों और तिथियों का तालमेल गड़बड़ होने से अष्टमी और महानवमी की पूजा 11 तारीख को होगी। 12 अक्टूबर, शनिवार को दशहरा मनेगा। जिससे देवी पूजा के लिए पूरे नौ दिन मिलेंगे। नवरात्रि के पहले दिन घट (कलश) स्थापना की जाती है। इसे माता की चौकी बैठाना भी कहा जाता है। इसके लिए दिनभर में दो ही मुहूर्त रहेंगे।

#### नवरात्रि का विज्ञान

देवी भागवत और मार्कंडेय पुराण के मुताबिक नवरात्रि के नौ दिनों तक देवी पूजा और व्रत करने का विधान है। आयुर्वेद के नजरिये से इसे समझें तो, इन दिनों में मौसम बदलता है, जिससे डाईजेशन गड़बड़ हो जाता है। इसे ठीक रखने के लिए व्रत की परंपरा शुरू की गई है।

#### सेहत को ठीक करने के लिए सबसे अच्छा समय

शारदीय नवरात्र से सर्दियों की शुरुआत होती है, इसलिए इस दौरान हल्का आहार लिया जाता है। इस समय के दौरान पाचन प्रक्रिया आम दिनों की अपेक्षा धीमी होती है। जिससे आलस्य, सुस्ती महसूस होती है। इसी कारण कहते हैं कि नवरात्र में उपवास नहीं करें तो भी भोजन हल्का करना चाहिए। उपवास से हमारा पाचन तंत्र ठीक हो जाता है। खाना पचाने की क्षमता बेहतर होती है। मौसम परिवर्तन का ये मुख्य समय होता है। इस कारण बीमारी फैलाने वाले बैक्टीरिया और जीवाणु ज्याद एक्टिव रहते हैं। ऐसे में नवरात्रि के दिनों में उपवास का महत्व बढ़ जाता है। नवरात्रि के वक्त सूर्य भूमध्यरेखीय तल के सबसे करीब होता है और दिन-रात बराबर होते हैं। विज्ञान की भाषा में इसे इक्विनॉक्स कहते हैं। ये साल में दो बार होता है। पहला मार्च में उसके बाद 22 सितंबर को, जिसे ओटमनल इक्विनॉक्स कहते हैं। इन दिनों में धरती तक सूर्य और चंद्रमा की रोशनी बराबर पहुंचती है। साल में जब ये खगोलीय घटना हो रही होती है, उसी समय हम शारदेय नवरात्रि मनाते हैं। शरद की नवरात्रि बर्फ के गिरने का मौसम लाती है।

आश्विन महीने की शारदेय नवरात्रि में न ज्यादा ठंड रहती है न गर्मी। इस वक्त प्रकृति बेहद अनुकूल होती है। प्रकृति और मौसम के बदलने का असर निजी और बाहरी दोनों तरह से दिखता है। निजी रूप से ये साधना, ध्यान का समय है, जबकि बाहर दुनिया में इसी दौरान गर्मी कम होती है। विज्ञान में इसे प्रिंसिपल ऑफ थर्मोडायनामिक्स कहते हैं। हमारे ऋषि जानते थे कि इक्विटल साइकल के बिंदु, यानी ऋतुओं का संधिकाल ब्रह्मांड की शक्ति के विघटन और उसे फिर से बनाने का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने दी 3 अक्टूबर से हड़ताल पर जाने की दी धमकी

रांची: झारखंड में अपनी मांगों के समर्थन में झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने 3 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की धमकी दी है. इस संबंध में जानकारी देते हुए संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि राज्य के सभी सप्लाई एरिया बोर्ड ट्रांसमिशन जोन के बिजली कर्मचारी 3 अक्टूबर से होने वाली हड़ताल के लिए तैयार हैं और कल सभी रांची के सेक्टर 3 धुर्वा गोल चक्कर मैदान पहुंचेंगे. अजय राय ने बताया कि उनकी 6 सूत्री मांगों में आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त कर पुरानी व्यवस्था लागू करना, होमगार्ड की तर्ज पर 1000 रुपये से ऊपर के बिजली कर्मचारियों का मानदेय अनुभव के आधार पर चार श्रेणियों में तय करना, नियमित नियुक्ति में प्राथमिकता तय करना और 10 साल से अधिक सेवा दे चुके कर्मचारियों की नियमित नियुक्ति करना और सभी सप्लाई और ट्रांसमिशन जोन में एरियर घोटाले की जांच करवाना और जहां एरियर का भुगतान नहीं हुआ है, वहां एरियर का भुगतान सुनिश्चित करना शामिल है.




## पेज 1 का शेष...

उन्होंने सुना है कि अब जब इनकी विदाई होने को है तो इन्होंने भ्रष्टाचार की स्पीड और स्केल दोनों बढ़ा दिए हैं.

वहीं पीएम मोदी ने बुधवार को झारखंड के हजारीबाग जिले की धरती से 40 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का लोकार्पण किया. 1726.2 करोड़ रुपए की लागत से इन विद्यालयों का निर्माण किया गया है. इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के तहत 1108.2 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 25 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का शिलान्यास भी किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग के बिनोवा भावे विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम से 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का शुभारंभ किया, जिसकी लागत 79.156 करोड़ रुपए है. पीएम मोदी ने 1173.55 करोड़ रुपए की लागत से बनी 1387 किलोमीटर सड़क को भी राष्ट्र को समर्पित किया.

प्रधानमंत्री ने पीएम जनमन के तहत घरों के विद्युतीकरण भी राष्ट्र को समर्पित किया. इसके तहत 170.74 करोड़ रुपए की लागत से 75,884 लाभार्थियों के घर बिजली पहुंची. पीएम जनमन के तहत 5,557 लाभार्थी गांवों में पेयजल की आपूर्ति शुरू हो गई है. पीएम ने इसको भी राष्ट्र को समर्पित किया. पीएम मोदी ने 27.5 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 10 छात्रावासों का शिलान्यास किया, तो 93.17 करोड़ रुपए की लागत से 275 मोबाईल मेडिकल यूनिट सेवा राष्ट्र को समर्पित की. इतना ही नहीं, प्रधानमंत्री ने 49.7 करोड़ रुपए की लागत से 250 वन धन विकास केंद्रों के लिए टूल किट राष्ट्र को समर्पित किया. पीएम जनमन योजना के तहत 4 करोड़ की लागत से 800 लाभार्थियों के घरों को सौर ऊर्जा से रोशन किया गया.

### आदिवासी नायकों को पूरा सम्मान दे रही है बीजेपी

पीएम मोदी ने कहा कि आज उन्हें गर्व है कि उनकी सरकार आदिवासी नायकों को पूरा सम्मान दिला रही है. ये भाजपा है, जिसने आदिवासी म्यूजियम बनाने का अभियान शुरू किया है. रांची में भगवान बिरसा मुंडा को समर्पित म्यूजियम बना है. भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाने की शुरुआत की गयी है.

### झारखंड में आज से परिवर्तन की हो गयी शुरुआत

पीएम मोदी ने कहा कि आज से झारखंड में परिवर्तन की शुरुआत हो गयी है. झारखंड के विकास के लिए, हर गरीब को घर मिले, इसके लिए परिवर्तन की शुरुआत हो गयी है. हर घर को जल का कनेक्शन, भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए, जल, जंगल, जमीन की हिफाजत के लिए, बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए और आदिवासी समाज के अधिकारों के लिए बदलाव शुरू हो गया है.

## पंजाब एंड सिंध बैंक ने विद्यार्थियों के बीच कराई निबंध प्रतियोगिता

रांची(मोहसिन आलम):पंजाब एंड सिंध बैंक मैन रोड शाखा ने राईन उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल लेक रोड रांची में छात्र-छात्राओं के बीच स्वच्छ भारत अभियान पर निबंध प्रतियोगिता बैंक अधिकारी कौशल कुमार व मति आंचल होरा के नेतृत्व में आयोजन किया गया।जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर बैंक अधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि यह आयोजन से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में,दिल से 'स्वच्छांजलि' देकर सम्मानित करने के देश के सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। पंजाब एंड सिंध बैंक ऐसी नेक पहल का समर्थन करने और देश भर में स्वच्छता की भावना को बढ़ावा देने के प्रति अपने समर्पण पर दृढ़ है। वहीं मति आंचल होरा ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मानसिक एवं बौद्धिक स्तर को तैयार करना है उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ ही समाज में स्वच्छता के प्रति हम सबको सजक होना है। मौके पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका मति फरहीन नाज ने बैंक के स्वच्छता के प्रति सराहनीय कार्य करने पर धन्यवाद करते हुए सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार के रूप में मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चियां उपस्थित थे।

## ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल नेवरी ने स्वच्छता जागरूकता प्रभात फेरी निकाला

कांके(मोहसीन आलम): ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल नेवरी के छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षाओं ने गांधी जयंती के पावन अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया.प्रभात फेरी स्कूल प्रांगण से निकलकर नेवरी गांव के टोला मोहल्ला होते हुए पुनः स्कुल लौट गई, इस दौरान स्कूली बच्चों ने चौक चौराहों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को गंदगी नहीं फैलाने, प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने, एवं कूड़ेदान का इस्तेमाल करने के लिए जागरूक किया,स्कूली बच्चे राहगीरों से स्वच्छता के प्रति सुझाव भी ले रहे थे, इसके अलावा कई तरह के सवाल भी बच्चे लोगों से पूछ रहे थे,स्कूली बच्चे हाथों में बैनर पोस्टर लिये हुए स्वच्छता के प्रति नारे लगाते हुए धीरे-धीरे बढ़ रहे थे,जिसे देख ग्रामीणों ने स्कूली बच्चों के कार्यों क़ो खूब सराहना किया,इस अवसर पर स्कूल के निर्देशक जीशान अख्तर ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी,और लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत यह कार्यक्रम किया जा रहा है, ताकि लोगों को स्वच्छता की प्रति जागरूक किया जा सके, लोगों के जागरूक होने से ही स्वच्छ समाज का निर्माण हो सकता है,इस अवसर पर मुख्य रूप से स्कूल के वाइस प्रिंसिपल संगीता तिरु, शिक्षक शाहिल साईं, रुखसाना परवीन, हेमंत कुमार, परवेज होवारी,रेखा मेम सहित अन्य शिक्षक एवं छात्राएं मौजूद थे।

## खिजरी विधायक के सौजन्य से दो मृतक परिवारों क़ो मिला सूखा चावल



ओरमांझी(मोहसीनआलम):सिलदीरी गांव के मरहूम साजिद अंसारी और बारीडीह गांव के स्वर्गीय दुती महतो के परिजनों को विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से 52-52किलो चावल सहायता स्वरूप दी गई, मालूम हो साजिद अंसारी का आकस्मिक मौत 5 दिन पहले गुमला के घाघरा के एक तालाब में डूबने से हुई थी,घर में कमाने खाने वाला कोई नहीं है, बूढी मां तीन बच्चे और एक पत्नी बेसहारा हो गए हैं, जिससे देखते हुए परिजनों क़ो चावल देकर मदद किया गया.उसके अलावा बारिडीह के दुति महतो का निधन के उपरांत जैसे ही खिजरी के विधायक को पता चला तुरंत विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी व प्रखंड के उप प्रमुख रिजवान अंसारी क़ो आदेश देकर दोनो मृतक परिवार को सूखा राशन एवं नगद राशि देकर सहयोग करने के लिये दोनों मृतको के घर भेजा।और मदद किया गया,मौके पर उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने कहा कि गठबंधन की सरकार में सभी वर्गों पर विशेष रुप से ध्यान दिया जा रहा है। सभी लोगों के लिए सरकार बेहतर कार्य कर रही है। मृतक परिवार को किसी भी तरह से कोई दिक्कत नही होना चाहिए। लोकप्रिय विधायक हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए तात्पर्य एवं कटिबंध है, वही विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि विधायक द्वारा चावल वितरण करने का अभियान दिनों दिन तेजी आ रहा हैं, विधायक जी के सहयोग से हाथी पीड़ित परिवार सहित मृतक परिवार,और गरीब बेटी की शादी में लगातार मदद करते आ रहे हैं जिसका फायदा उन्हें आने वाले विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा, मौके पर मुजिबुल अंसारी, जियाउल अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# टाटा स्टील फाउंडेशन ने शिक्षकों और छात्रों को उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया



जमशेदपुर । टाटा स्टील फाउंडेशन ने "मस्ती की पाठशाला" के पहले बैच के छात्रों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया, जिन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में मैट्रिक परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इस समारोह में पूर्वी सिंहभूम के जिला उपायुक्त, मस्ती की पाठशाला के शिक्षक और प्राचार्य, साथ ही टाटा स्टील फाउंडेशन के डायरेक्टर चाणक्य चौधरी, चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर सौरव रॉय और फाउंडेशन के अन्य सम्मानित अधिकारी उपस्थित रहे। इस सम्मान समारोह की शुरुआत महात्मा गांधी और डॉ. लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करके की गई। इस कार्यक्रम में 600 से अधिक लोग उपस्थित रहे, जिनमें सरकारी अधिकारी, पार्टनर्स, शिक्षक, प्राचार्य और अन्य शामिल थे। छात्रों और शिक्षकों को उनकी निरंतर मेहनत के लिए सम्मानित किया गया, जिन्होंने बिना किसी औपचारिक शिक्षा के शुरुआत करते हुए एक अंग्रेजी माध्यम सरकारी स्कूल में दाखिला लिया और मैट्रिक की पहली परीक्षा पास की। कुछ छात्रों ने गर्मियों की छुट्टियों में इंटर्नशिप की और फिर आगे की पढ़ाई के लिए स्कूल में दोबारा शामिल हुए। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों के प्राचार्यों, शिक्षकों, सौरव रॉय और पूर्वी सिंहभूम के डीसी द्वारा संचालित प्रेरणादायक सत्रों के बीच छात्रों और शिक्षकों द्वारा शानदार प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर सौरव रॉय ने कहा, "यह देखना अत्यंत प्रेरणादायक है कि बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर क्या शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं, और यह केवल उनकी यात्रा की शुरुआत है। यह परिवर्तन सरल नहीं था और शुरुआत में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन हम उन शिक्षकों के प्रति आभारी हैं, जिन्होंने हर बच्चे को समान शिक्षा और अवसर दिलाने के लिए इस मिशन को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी बना लिया। ये बच्चे अपनी यात्रा के माध्यम से न केवल अपने लिए, बल्कि अपने कई साथियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बने हैं, और जिस भविष्य की ओर वे बढ़ रहे हैं, वह सच में प्रशंसनीय है।" मस्ती की पाठशाला टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई एक अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा, कौशल विकास और समर्थन के माध्यम से उनकी वास्तविक क्षमताओं को पहचानने में मदद करना है और उन्हें श्रम के सबसे खराब रूपों से बाहर निकालना है। वर्तमान में, जमशेदपुर के आसपास 139 बस्तियों में 4,000 बच्चों तक पहुंचने वाली मस्ती की पाठशाला सबसे वंचित बच्चों को कौशल, शिक्षा, अवसर और जानकारी प्रदान करने की उम्मीद करती है, ताकि वे सामाजिक चुनौतियों का सामना कर सकें और एक सम्मानजनक जीवन जी सकें। वित्तीय वर्ष 2024 में, फाउंडेशन ने 7.4 लाख से अधिक बच्चों तक अपनी पहुंच बनाई और 6,932 बाहर-बसे बच्चों को औपचारिक शिक्षा में वापस लाने में सफलता हासिल की। इसके साथ ही, अपने शिक्षा संबंधित पहलों के माध्यम से 3.2 लाख बच्चों को आधारभूत साक्षरता और गणित कार्यक्रमों में शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त, समय पर की गई पहल ने ओडिशा के क्योंझर में 17 ब्लॉकों को बाल श्रम मुक्त घोषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## बरकट्ठा में खोला गया सामाजिक सहायता केंद्र, लोगों की समस्याओं का समाधान करने में मदद करेगा केंद्र- सुनील कुमार






बरकट्ठा। बरकट्ठा बालिका उच्च विद्यालय के समीप सामाजिक सहायता केंद्र खोला गया। युवा समाजसेवी सुनील कुमार ने शुभारंभ करते हुए इसके बारे में लोगों को पूरी जानकारी दी। कहा कि आम नागरिक का जो अधिकार है वह मतदान का अधिकार है। चुनाव प्रक्रिया के समय लोग मतदान कर अपने क्षेत्र के प्रतिनिधि को चुनते हैं। जनता के द्वारा चुने गए प्रतिनिधि जनता की समस्याओं को सड़क से सदन तक पहुंचाने हेतु आवाज बुलंद करते हैं। लेकिन अक्सर ऐसा देखा जा रहा है कि जब चुनाव आता है तो उस समय मतदाताओं को छोटे-छोटे प्रलोभन, झूठे वादे देकर उनको बहला फुसलाकर, उनकी असली ताकत मतदान को करा कर गलत जनप्रतिनिधि का चयन कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में उस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास रुक जाती है। इसलिए हमलोगों ने सामाजिक सहायता केंद्र के माध्यम से एवं मीडिया बंधुओं के सहयोग से अंतिम व्यक्ति तक हम लोग पहुंच कर उनकी हर सुख-दुख में उनके लिए काम करेंगे। इसके लिए हम लोगों ने एक टीम गठन किया है। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों से जुड़े सभी गांवों में सामाजिक सहायता केंद्र के माध्यम से उन्हें जागरूक करने का कार्य, अधिकारों एवं हक दिलाने का कार्य तथा सरकारी योजना से लाभान्वित कराने में सामाजिक सहायता केंद्र मदद करेगी। साथ ही साथ अगर किन्हीं का कुछ समस्या हो तो हमें लिखित रूप से इस कार्यालय में आवेदन दें। हर संभव जल्द से जल्द उनकी समस्या को नियमानुसार मदद किया जाएगा। युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे रोजगार युक्त योजनाओं से युवाओं को जोड़कर उन्हें रोजगार देना एवं आम जनता के बुनियादी समस्या पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। कहा कि आप सबों से मेरा एक ही अनुरोध होगा कि आप हमसे जुड़े और लोगों को भी जुड़ने के लिए प्रेरित करें। मौके पर विपीन कुमार, विनय यादव, रवि कुमार पासवान, दिपक कुमार, प्रमोद पांडेय समेत अन्य कई लोग मौजूद रहे।

## एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थ प्रोवाइडर्स ऑफ़ इंडिया झारखण्ड चैप्टर की एक मीटिंग हुई

रांचीः एसोसिएशन ऑफ़ हेल्थ प्रोवाइडर्स ऑफ़ इंडिया झारखण्ड चैप्टर की एक मीटिंग हुई जिसमें आज की प्रस्थिति और हमारी चुनौतियों पैर विचार विमर्श किया गया/ इसमें करीब 30 अस्पताल के अधिकारी मौजूद रहे। इसमें सर्व सम्मति से सभी मौजूद लोगों ने आयुष्मान भारत स्कीम में काम करने और सरकार को सहयोग करने का निर्णय लिया। सभी ने JSAS (झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी) के कार्यों की सराहना की / ये भी निर्णय लिया गया के सरकार से ये अनुरोध किया जाये के विगत 04 महीनों से जिन अस्पतालों का पेमेंट रोका गया है उसे जल्द से जल्द रिलीज़ किया जाये / इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाने और सकारात्मक आश्वासन और सहयोग के लिया स्वस्थ्य सचिव, झारखण्ड सरकार एवम एग्जीक्यूटिव (डायरेक्टर झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी) के कार्यों की सराहना की गयी / (ये भी निर्णय हुआ के सरकार से अनुरोध किया जाये के अस्पताल, JSAS (झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी) और NIC (नेशनल इन्शुरन्स कंपनी) के बीच नियमित मीटिंग हो जिससे समस्याएँ पैर विचार विमर्श हो सके और उसका निष्पादन हो सके.

## विश्रामपुर के सम्मेलन में बसपा कार्यक्रताओं का हुआ महाजुटान,पार्टी में शामिल हुए दर्जनों लोग



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर जानता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित सम्मेलन सह मिलन समारोह में बसपा कार्यकर्ताओं का महाजुटान हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता व संचालन जिलाध्यक्ष अशोक राम ने किया। प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने कहा कि बसपा के बैनर तले दलितों शोषितों को न्याय दिलाने हेतु शुरू की गई सामाजिक लड़ाई को अंतिम दम तक लड़ता रहूंगा। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को न्याय और अधिकार दिलवा कर रहूंगा। चाहे इसके लिए मेरी जान ही क्यों न चली जाए। उन्होंने स्थानीय भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी पर जमकर हमला बोला। कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र के बजाए विधायक ने सिर्फ अपना विकास किया है। बहुजन समाज इस बार उनके सत्ता को तास के पत्तों की तरह बिखेर कर रख देगा। इस बार जनता पिछले बार के रनर राजन मेहता को विनर और विधायक चंद्रवंशी को पांचवें स्थान पर लाने का संकल्प ले चुकी है। उन्होंने कार्यक्रताओं को आगामी विस चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वाहन किया। बसपा के प्रदेश प्रभारी जी सी दिनकर ने कहा कि झारखंड में आने वाला दिन बसपा का है। बाद इसके लिए बहुजन समाज को जागृत करते हुए संघर्ष हेतु एक मंच पर लाना होगा। कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में लोग बसपा मे शामिल हुए। सभी को प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। मौके पर श्रीकांत गौतम,रामबाबू चिरगाई,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार,अजय कुमार,बसपा नेत्री गीता मेहता,धर्मेंद्र ठाकुर,प्रमोद राम,शिव कुमार विश्वकर्मा,विद्याधर प्रसाद सहित काफी संख्या में बसपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नगर परिषद द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा का हुआ समापन, सफाई मित्रों को किया गया सम्मानित



संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा पिछले पंद्रह दिनों से चल रहा स्वच्छता पखवाड़ा का समापन गांधी जयंती के अवसर पर किया गया। अहले सुबह स्वच्छता अभियान चलाया गया। लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वच्छता रैली भी निकाली गई। मुख्य कार्यक्रम गांधी चौक के पास आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नप अधिकारियों,नप प्रतिनिधियों व स्थानीय गण्यमान लोगों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के किया। उसके बाद लोगों ने स्वच्छता का शपथ लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विभिन्न स्कूलों में आयोजित स्वच्छता प्रतियोगिता के विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डेत व संचालन नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने किया। मौके पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर मो.सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी,नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी,बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित,एनामुल हक गुड्डू,सिटी मैनेजर प्रभात कुमार,डॉ अनिल कुमार सिंह,सुबोध केशरी,दीपक चंद्रवंशी,रवि कुमार,विजय कुमार रवि,मजमुदिन अंसारी,राजेश प्रसाद,आनंद कुमार,संदीप कुमार,रमेश कुमार,प्रवीण कुमार,कमलेश चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।

## चौपारण प्रखंड में जन्म जयंती पर याद किए गए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी

कोयलांचल संवाद संवाददाता



चौपारण (हजारीबाग) पूरे प्रखंड में गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। प्रखंड के शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रपिता के चित्र पर फूल अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। मौके पर कई जगह गांधी के विचारों उनके जीवन मूल्यों और आदर्शों पर लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि स्वतंत्र भारत की परिकल्पना उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य था। गांधी ने सत्य अहिंसा के मार्ग का अनुसरण कर संपूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधते हुए देश की स्वतंत्रता के लिए जो संघर्ष किया उसका परिणाम है कि आज हम स्वतंत्र देश में सांस ले रहे हैं। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने प्रखंड परिसर में साफ सफाई की, झापा मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह ने अपने पंचायत में सफाई अभियान चलाया, गाँधी स्मारक में चौपारण पंचायत की मुखिया पिंकी सिंह एवं प्रतिनिधि बिनोद सिंह ने गाँधी जी और शास्त्री जी पर माल्यार्पण कर एवं सफाई कर स्वछता का संदेश दिया। वहीं कई स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया कई सामाजिक संगठनों ने अपने-अपने संगठनों के बैनर तले गांधी जयंती को मनाया और गांधी के प्रति अपने उद्गार व्यक्त किए।

## महामहिम से ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के प्रस्ताव को नवी अनुसूची में डाली जाएः ओबीसी मोर्चा



रांचीःराज्य सरकार द्वारा कैबिनेट और विधानसभा से ओबीसी को 27% आरक्षण देने का पारित प्रस्ताव जो महामहिम के पास है, उसे 50% बढाकर केंद्र सरकार को 9वीं अनुसूची में डालने की मांग राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम को मांग पत्र सौंपा कर की।

ज्ञात हो की 10 सितंबर को इसी मुद्दे को लेकर महामहिम के समक्ष एकदिवसीय महाधरना भी दिया गया था।

राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने महामहिम को अवगत कराया है कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ओबीसी को 36% से 50% आरक्षण देने की अनुशंसा राज्य सरकार से की है। इसलिए ओबीसी को राज्य में 50% आरक्षण मिलनी चाहिए।

महामहिम को सौंपे गए मांग पत्र में जातीय जनगणना कराने, केंद्र और राज्य में ओबीसी वर्ग का स्वतंत्र मंत्रालय गठित करने, सात अधिसूचित जिले में ओबीसी का आरक्षण जो शून्य है, उसे जनसंख्या अनुपात में करने, ओबीसी पदाधिकारियों -कर्मचारियों को प्रमोशन में रिजर्वेशन देने, ओबीसी में लागू क्रीमी लेयर को हटाने , चंद्रवंशी समाज को सीएनटी एक्ट से बाहर करने या जमीन पर लोन देने सहित अन्य मांग शामिल है।

महामहिम ने मांग पत्र को गंभीरता से देखने के पश्चात् कहा कि आपकी मांगे जायज है। अपने स्तर के मामलों को हम देखें हैं।

प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के साथ राष्ट्रीय ओबीसी अधिकारी- कर्मचारी मोर्चा अध्यक्ष लाल बिहारी यादव, उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा, महासचिव अजय मेहता, अशर्फी चंद्रवंशी का नाम शामिल है।

## एकता मंच ने मेघा सम्मान समारोह व फुटबॉल मैच का किया आयोजन, मैट्रिक परीक्षा के टॉपर छात्र-छात्राओं क़ो किया पुरस्कृत



ओरमांझी(मोहसीन आलम):एकता मंच चकला ने महात्मा गांधी एंव लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर बुधवार क़ो मेघा सम्मान समारोह व फुटबॉल मैच का आयोजन बसुआ टोली फुटबाल मैदान में किया गया,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी व विशिष्ट अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए, कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर मलियापन कर और राष्ट्रध्वज फहराकर किया गया,मेघा सम्मान समारोह में 12 हाई स्कूल के टॉपर छात्राओं और फुटबाल मैच के विजेता और उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे.मौके पर मुख्य अतिथि श्री चौधरी ने आयोजन समिति के लोगों एंव सम्मानित छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं देश के भविष्य होते हैं, छात्राओं को सही मार्ग दिखाने से वह देश के निर्माता बन सकते हैं, क्षेत्र में पढ़ाई लिखाई की भावना को बढ़ावा देना जरूरी है,वहीं उन्होंने कहा कि पढ़ाई के अलावा खेलकूद भी शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जरूरी है,वही विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि छात्र छात्राओं को सम्मानित करने से छात्रों के अंदर आत्मविश्वास पैदा होता है,वहीं उन्होंने कहा कि झारखंड की सभ्यता और संस्कृति की रक्षा के लिए सभी को आगे आना होगा,स्वच्छ जीवन जीने के लिए सभी को पेड़ पौधों की रक्षा करना होगा,वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है,जरूरत है प्लेटफॉर्म देकर उन्हें निखारने की, इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष मोतीलाल महतो,सचिव अब्दुल कयूम अंसारी, उपाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र मिश्र,शिक्षाविद गोविंद लाल गुप्ता,प्रो.पारसनाथ महतो,मुखिया शिव नाथ मुंडा,विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी,सत्यनारायण तिवारी,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर महतो,उमाशंकर साहू,मानकी राजेंद्र,तोहिद आलम,मिनहाज अंसारी,अलखनाथ महतो,शकील अंसारी,मेराज अंसारी,सहित अनेको गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।**

**''अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना''**
**संख्या –22/2024–25**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 15.10.2024 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 16.10.2024 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 16.10.2024 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, गुमला।
   2. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.–01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Laying of Paver Blocks path and stone dust filling work at K.O. College Campus Gumla | 9,71,100.00 | 19,500.00 | 1250.00 | 2 माह |

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल,गुमला।

PR 337848 (Building) 24-25 (D)

## सरला बिरला स्कूल में मनी गांधी जयंती, छात्रों को बापू के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित



रांची : सरला बिरला पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती मनायी गयी. बापू की जयंती पर उनके शांति, अहिंसा और सत्य के सिद्धांतों को याद किया गया. इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें 'वैष्णव जन' गीत की प्रस्तुति की गयी. छात्रों ने नृत्य, कविताएं और भाषणों के माध्यम से गांधीजी के विचारों को प्रदर्शित किया. सामाजिक विज्ञान विभाग ने 'गांधी दर्पण' नामक एक प्रदर्शनी भी आयोजित की. इसमें गांधीजी के जीवन की प्रमुख घटनाओं को दर्शाया गया. प्रदर्शनी में भारत छोड़ो आंदोलन, दांडी मार्च और नयी तालीम को प्रमुखता दी गयी. प्रदर्शनी में नेल आर्ट और टैटू के स्टॉल भी लगाये गये. इस खास अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल परमजीत कौर ने छात्रों को गांधीजी के पदचिह्नों पर चलने और शांति व सद्भावना के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया.

## गैंगस्टर अमन हत्याकांड : मुख्य आरोपी विकास बजरंगी को बेल देने से कोर्ट का इनकार



रांची : गैंगस्टर अमन सिंह की धनबाद जेल में हत्या के मुख्य आरोपी विकास बजरंगी उर्फ विकास कुमार को बेल देने से रांची सिविल कोर्ट ने इनकार कर दिया है. विकास बजरंगी की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सीआईडी की विशेष अदालत ने सुनवाई हुई. सीआईडी और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने विकास बजरंगी की जमानत याचिका खारिज कर दी है. बहस के दौरान सीआईडी की ओर से बताया गया कि विकास बजरंगी पर आरोप गठित किया जा चुका है और विकास के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं. इसलिए उसे बेल नहीं दी जानी चाहिए. बता दें कि धनबाद जेल में बंद गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या तीन दिसंबर 2023 को जेल में गोली मारकर कर दी गयी थी. विकास इस हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त है. विकास की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की.

## चार करोड़ गबन करने के दोषी को बेल

रांची : झारखंड हाईकोर्ट ने चार करोड़ का गबन करने वाले बिपिन कुमार उर्फ अनमोल राम को जमानत दे दी है. रांची सिविल कोर्ट ने 10 अप्रैल 2023 को बिपिन को दोषी करार देते हुए सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनायी थी. साथ ही ट्रायल कोर्ट ने बिपिन पर एक करोड़ का जुर्माना भी लगाया था. सिविल कोर्ट के आदेश के खिलाफ दोषी ने हाईकोर्ट में अपील याचिका दाखिल की थी. जिस पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट में सुनवाई हुई. बिपिन की ओर से अधिवक्ता राहुल पांडेय ने बहस की. दरअसल एसबीआई और यूबीआई की 20 अलग-अलग एटीएम में साल 2019 में एसआइएस कर्मियों को 4.07 करोड़ डालने का जिम्मा मिला था. लेकिन पूरी प्लानिंग के साथ सुरक्षा एजेंसी के कर्मियों ने नौ से 15 दिसंबर के बीच चार करोड़ से अधिक राशि गबन कर ली. पैसे गबन करने के बाद एजेंसी के सुरक्षाकर्मी फरार हो गये. इसके बाद एटीएमों में डाली जाने वाली कैश का ऑडिट एसआइएस के अधिकारियों ने किया. ऑडिट में पता चला कि बैंक की ओर से दी गयी पूरी राशि एटीएम में डाला ही नहीं गयी. इसके बाद सिक्योरिटी एजेंसी एसआइएस के कैश मेनेजमेंट के सहायक प्रबंधक कंचन ओझा ने सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी, जिसका केस नंबर 578/2019 है. इसके बाद पुलिस ने रांची और बिहार समेत अन्य राज्यों में छापेमारी कर 2 करोड़ 57 लाख कैश बरामद किये थे.

## तबादला हुए 41 डीएसपी का मूवमेंट ऑर्डर जारी

रांची : तबादला हुए 41 डीएसपी का मूवमेंट ऑर्डर आज बुधवार को जारी कर दिया गया है. डीजीपी के आदेश पर आईजी मानवाधिकार ने यह ऑर्डर जारी किया है. गौरतलब है कि बीते दिन सरकार ने डीएसपी रैंक के 41 अधिकारियों का तबादला किया था. लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी उनका मूवमेंट ऑर्डर जारी नहीं किया गया था. वहीं सरकार ने मंगलवार को सात डीएसपी के तबादले के आदेश को विलोपित कर दिया था. जारी आदेश में कहा गया है कि वैसे डीएसपी जिनके पदस्थापन स्थान पर दूसरे डीएसपी का पदस्थापन हो गया है, परंतु उनका दूसरे जगह पर पदस्थापन नहीं हुआ है, वो पुलिस मुख्यालय में योगदान देंगे.

## झारखंड में गर्मी से फिलहाल राहत नहीं, बढ़ेगा पारा: सरायकेला का तापमान पहुंचा 38 डिग्री के करीब

रांची. झारखंड में फिलहाल गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। फिलहाल आने वाले 2-3 दिनों तक लगातार बनी रहेगी। 2-3 दिन के बाद साउथ वेस्ट मानसून के लौटने पर रांची में अच्छी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार सात अक्टूबर तक के लिए कोई अलर्ट नहीं है। इस दौरान मौसम साफ रहेगा। हर दिन की तरह धूप में गर्मी होगी। एक दो दिन हल्के दर्जे की बारिश स्थानीय मौसम परिवर्तन की वजह से हो सकती है। पिछले 24 घंटे में सरायकेला का पारा 38 डिग्री के दर्ज किया गया। बात रांची के मौसम की करें तो इस दौरान न्यूनतम तापमान 23 डिग्री और अधिकतम तापमान 32 डिग्री पार करेगा। अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के कारण गर्मी की स्थिति बनी रहेगी। गर्मी का आलम यह है कि बीते 24 घंटे में सबसे अधिक गर्मी 37.6 डिग्री दर्ज की गई है। यह तापमान सरायकेला जिले का है। मौसम में इस बदलाव का असर राज्य के अधिकांश जिले में देखने को मिल रहा है। जिलों का तापमान 35 डिग्री के पार चला गया है। जिलों के अधिकतम तापमान की बात करें तो देवघर, धनबाद, जामताड़ा, चतरा, गढ़वा, पलामू, बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम आदि का तापमान 35 से 37 डिग्री के बीच है। वहीं इन नौ जिलों को छोड़ अन्य का तापमान 32 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊपर है।

## भाभी की हुंकार, बस सरकार बनने का इंतजार

रांची: झारखंड में विधानसभा चुनाव होने को है। ऐसे में राज्य के कई मुद्दों पर विपक्ष हमलावर है, जिसमें सबसे प्रमुख बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा है. विपक्ष लगातार राज्य की हेमंत सरकार पर इस मामले को लेकर आरोप लगा रही है. इस बीच सीएम हेमंत सोरेन की भाभी और भाजपा नेता सीता सोरेन ने ट्वीट किया है. उन्होंने ट्वीट कर कहा, 'मैं प्रण लेती हूं झारखंड में भाजपा सरकार आते ही सबसे पहला कदम बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन-चुन कर फेंकने का काम करूंगी. इन दीमकों के वजह से हमारी बहन बेटियां असुरक्षित हैं.' बता दें कि हाल ही में झारखंड हाईकोर्ट ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में बड़ा फैसला लिया था. कोर्ट ने घुसपैठियों की पहचान को लेकर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन करने का आदेश दिया. कोर्ट ने अपने आदेश में 22 नवंबर 2023 का जिक्र किया है. साल 2023 में पूर्व चीफ जस्टिस संजय मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की बेंच के द्वारा दिया गया था. इस मामले पर याचिकाकर्ता के वकील राजीव कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने शुरू में कमेटी बनाने पर सहमति बनाई थी. लेकिन बाद में इससे पीछे हट गई. उस वक्त राज्य में घुसपैठियों की पहचान के लिए ज्वाइंट कमेटी बनाने के लिए राज्य सरकार तैयार थी.

# बापू और शास्त्री की जयंती पर राज्यपाल व सीएम ने दी श्रद्धांजलि

रांचीः देश के दो महान सपूतों की जयंती है. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर झारखंड सहित देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं. रांची के मोरहाबादी स्थित बापू बाटिका में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और सांसद महुआ माजी ने श्रद्धासुमन अर्पित कर राष्ट्रपिता को याद किया. इस अवसर पर बापू के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' को मृणालिनी अखौरी के द्वारा पारंपरिक रूप से गाया गया. भजन कार्यक्रम में राज्यपाल सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए.





### बापू का संदेश आज भी प्रासंगिकः राज्यपाल

इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बापू की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बापू का संदेश आज भी प्रासंगिक है और दिन प्रतिदिन यह और भी प्रासंगिक होता जा रहा है. वास्तव में अब देश और समाज महसूस करता है कि महात्मा गांधी के संदेश जो उस समय प्रासंगिक उससे ज्यादा अब हैं. हमारे देश के प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार देश को एक दिशा देने का काम किया है कि कैसे स्वच्छता रखी जाए, दुनिया में वही देश प्रगति कर रहा है जो अपने देश को साफ सुथरा और स्वच्छ रख रहे हैं महात्मा गांधीजी ने प्रारंभ से ही इस बात को लेकर देशवासियों का ध्यान आकर्षित किया था कि अगर वास्तव में हम अपने समाज को दुरुस्त देखना चाहते हैं तो स्वयं अपने आपको, अपने स्थान को साफ-सुथरा और स्वच्छ रखने का काम करें. यह हमारे लिए और भी ज्यादा प्रासंगिक है. वास्तव में आज महत्वपूर्ण दिन है. आज महात्मा गांधी जी के साथ-साथ लाल बहादुर शास्त्री जी का भी जन्मदिन है, जो वास्तव में हमारे देश के महापुरुष हैं. वास्तव में हमारे देश को, समाज को, दिशा दी और मजबूत करने की दिशा में काम किया था. आज दोनों ही महापुरुष हम सब के लिए प्रेरणास्रोत हैं.



### सीएम हेमंत ने महात्मा गांधी और शास्त्री को किया नमन, दी शुभकामनाएं

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने श्रद्धांजलि अर्पित की. साथ ही उन्होंने समस्त देशवासियों को गांधी जयंती की शुभकामनाएं दी. उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर कर कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर झारखंड समेत समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार. बापू एक विचार हैं, जो हमेशा अजर-अमर हैं. अहिंसा, प्रेम, सत्याग्रह और स्वतंत्र जीवन के बापू के विचार मानव जाति को व्यवस्थित और संकल्पित होकर समाज के समग्र विकास में महती भूमिका निभाने के लिए सदैव प्रेरित करते रहेंगे. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर शत-शत नमन. हेमंत सोरेन ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर याद किया. उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर शत-शत नमन.

### बापू की सोच पर चलने से बेरोजगार की समस्या कम होगीः वित्त मंत्री

इस मौके पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि सामाजिक सहिष्णुता, धार्मिक सहिष्णुता के साथ साथ रोजगार के मुद्दे पर इतनी बड़ी सोच किसी की भी नहीं हो सकती, जो राष्ट्रपिता की थी. घर-घर में चरखा और कॉटेज इंडस्ट्री की बात उन्होंने की. रामेश्वर उरांव ने कहा कि आज बेरोजगारी की जो समस्या है उसको दूर करने के लिए बापू की स्वरोजगार की सोच आज भी प्रासंगिक है, जिस पर आज चलने की आवश्यकता है. इससे बेरोजगारी की समस्या कम हो जाएगी. गांधी जी आने वाले समय में भी प्रासंगिक रहेंगे, अपने समय में थे ही और आज भी प्रासंगिक हैं.

### बाबूलाल और शिवराज चौहान ने भी जयंती पर बापू को किया नमन

राष्ट्रपिता की जयंती पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सांसद मनीष जयसवाल ने हजारीबाग समाहरणालय परिसर में बापू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर सादर नमन किया. इसके बाद समरणालय परिसर में वृक्षारोपण किया.

# प्रधानमंत्री से मिलकर उत्साहित हुए एनडीए नेता

रांचीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड के दौरे पर हैं. हजारीबाग में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने से पहले एनडीए नेताओं ने रांची एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का स्वागत किया. पीएम के स्वागत के लिए रांची एयरपोर्ट पहुंचे भाजपा और लोजपा नेताओं ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया.

इस दौरान प्रधानमंत्री ने एनडीए नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं. दिल्ली से विशेष विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचे प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अनुराग गुप्ता के अलावा कई बड़े नेता मौजूद थे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रांची से हेलीकॉप्टर के जरिए हजारीबाग के लिए रवाना हुए जहां उनका कार्यक्रम प्रस्तावित है.



### पीएम से मुलाकात के बाद एनडीए नेताओं में उत्साह

भाजपा कार्यालय से जुड़े एक दर्जन से अधिक नेता और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री से मिलने रांची एयरपोर्ट पहुंचे. पीएम से मुलाकात करने वाले भाजपा नेताओं में राजीव रंजन मिश्रा, अरुण कुमार झा, राकेश भास्कर, बभन गुप्ता समेत कई अन्य शामिल हैं, जबकि लोजपा के दोनों गुटों के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान और राज कुमार राज एयरपोर्ट पर मौजूद थे.लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 20 दिनों में दूसरी बार प्रधानमंत्री का झारखंड आना यह दर्शाता है कि इस जगह से उनका कितना लगाव है. उन्होंने कहा कि यह झारखंड के लिए सौभाग्य की बात है. एक अन्य सवाल के जवाब में वीरेंद्र प्रधान ने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए के अंदर सीटों का बंटवारा एक सप्ताह के अंदर हो जाने की संभावना है. लोजपा की ओर से राज्य स्तर से मांग राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंप दी गई है, अब देखना है कि केंद्रीय स्तर पर क्या निर्णय लिया जाता है.

### भाजपा कार्यालय के कर्मचारियों से पीएम ने की मुलाकात

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद खुशी जाहिर करते हुए भाजपा नेता राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि इस बार सुखद बात यह रही कि प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यालय के सभी कर्मचारियों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना. विधानसभा चुनाव है, स्वाभाविक रूप से प्रधानमंत्री ने सभी को इसमें जुट जाने का संदेश दिया है. भाजपा नेत्री शोभा यादव कहती हैं कि यह गर्व की बात है कि देश के प्रधानमंत्री पहली बार भाजपा कार्यालय के कर्मचारियों से मिले और उनके साथ तस्वीर भी खिंचवाई और उनका कुशलक्षेम भी जाना, इससे यह भी पता चलता है कि प्रधानमंत्री क्या सोचते हैं और कितने सरल और सहज हैं. प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचे लोजपा पशुपति पारस गुट के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने कहा कि मुलाकात के दौरान उन्हें पीएम का आशीर्वाद मिला. पीएम ने एकजुट होकर मजबूती से चुनाव लड़ने को कहा. निश्चित रूप से एनडीए मजबूती से चुनाव लड़ेगी और बहुमत के साथ सरकार बनाने में सफल होगी.

## महात्मा गांधी और शास्त्री जी की जयंती पर बच्चों को पठन-पाठन सामग्री बांटा



रांची। सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी के तत्वावधान में मुख्य कार्यालय करबला टैंक रोड में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर मासूम बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि मोहम्मद नौशाद उर्फ राजू भाई और विशिष्ट अतिथि सचिव रामेश्वर राम जी उपस्थित थे। संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने मोहम्मद नौशाद को बुके देकर माला पहना कर और सचिव रामेश्वर राम को भी माला पहना कर सम्मानित किया। गुलाम मुस्तफा ने कहा कि राष्ट्रीय पिता महात्मा गांधी बापू और लाल बहादुर शास्त्री जी का त्याग और बलिदान को भूलाया नहीं जा सकता। महात्मा गांधी बापू जी का नारा तुम हमें खून दो हम तुम्हें आजादी देंगे नमक आंदोलन सत्याग्रह करो या मरो चरखा चला कर कपड़ा बनाना और शास्त्री जी का नारा जय जवान जय किसान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर मोहम्मद नौशाद और सचिव रामेश्वर राम ने भारतीय एकता कमेटी के सराहनीय कार्यों के लिए संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा को बहुत-बहुत बधाई दी और कहा कि बेशक भारतीय एकता कमेटी जमीन से जुड़कर समाज सेवा का कार्य करती है। इस मौके पर बच्चों को कॉपी पेन इंस्ट्रूमन बॉक्स चॉकलेट मिठाई आदि भी दिया गया। सभी बच्चों ने कहा कि हम लोगों का स्कूल जल्द से जल्द बन जाए यही हम लोगों की दिली तमन्ना है जहां हम लोग निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकें।

# एक साल में पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना के 11 जवानों ने की आत्महत्या

रांची : झारखंड में बीते एक साल में पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना के 11 जवानों ने आत्महत्या की है. इनकी आत्महत्या की मुख्य वजह या तो वर्क प्रेशर हैं, नहीं तो उनकी निजी जिंदगी में चल रही परेशानियां. बता दें कि ड्यूटी पर तनाव, ओवरटाइम और छुट्टी ना मिलना पुलिसकर्मियों की जिंदगी का हिस्सा बन गया है. इसका असर उनकी लाइफस्टाइल पर भी पड़ने लगा है. काम के दबाव के कारण उन्हें स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां झेलनी पड़ रही है. इन परेशानियों से तंग आकर पुलिसकर्मी आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं. पुलिसकर्मियों का समय से पहले रिटायरमेंट लेने के पीछे भी शायद यही वजह है.

### बीते एक साल में 11 जवानों ने की आत्महत्या

02 अक्टूबर : चाईबासा के कराइकेला में एएसआई में गोली मारकर की आत्महत्या कर लिया.

25 जुलाई : चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के शीला ओपी स्थित सीआरपीएफ कैंप में आशीष कुमार नाम के जवान ने गोली मारकर आत्महत्या की थी.

जुलाई के आखिरी हफ्ते में : लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के करमडीह पिकेट में पदस्थापित जवान प्रमोद सिंह की मौत उसके ही हथियार से गोली चलने की वजह से हो गयी थी.

18 जून : बोकारो के हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 8 में एक सीआईएसएफ जवान संजीत ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली थी.

31 मई : हजारीबाग डीआईजी आवास में तैनात जिला पुलिस के 31 वर्षीय जवान विकास कुमार ने ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मार ली थी. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी.

6 फरवरी : चतरा स्थित सीआरपीएफ 190 बटालियन कैंप में कैलाश चंद मेहरा नामक जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. वह मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिला के लोहड़ी गांव का रहने वाला था.

नवंबर 2023 : सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना में पदस्थापित सत्यजीत कच्छप ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी.

24 नवंबर 2023 : रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र में उत्तराखंड निवासी आर्मी के जवान ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी.

# झारखंड पुलिस के तीन अधिकारियों को सुप्रीम कोर का अवमानना नोटिस

रांची : झारखंड पुलिस के तीन अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में चार्जशीट दाखिल करने के लिए अवमानना नोटिस जारी किया है. जबकि अदालत ने एफआईआर में आगे कोई कार्रवाई करने पर अंतरिम रोक लगा दी. दरअसल न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ एक एसएलपी पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गयी थी, जिसमें एक आईपीएस अधिकारी की पत्नी (अब दिवंगत) द्वारा अपने मकान मालिक के खिलाफ दर्ज करायी गयी प्राथमिकी को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था. सुप्रीम कोर्ट ने जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किया है, उसमें तत्कालीन डीएसपी सिटी रांची दीपक कुमार व दयानंद कुमार शामिल हैं. दोनों अधिकारी संबंधित समय में लोअर बाजार पुलिस स्टेशन रांची से जुड़े थे. इसके अलावा तारकेश्वर प्रसाद केसरी को भी अवमानना नोटिस जारी किया गया है. कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 4 नवंबर 2024 को तीनों अधिकारी व्यक्तिगत रूप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है.

### मकान मालिक और किरायेदार के बीच विवाद का है मामला

यह मामला मकान मालिक और किरायेदार के बीच हुए विवाद से संबंधित है. झारखंड के तत्कालीन डीजीपी की पत्नी ने लोअर बाजार थाना में मकान मालिक के परिवार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी. दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि कई बार मकान मालिक के परिवार और अन्य लोगों ने जबरन उसके घर में घुसकर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है. डीजीपी की पत्नी ने मारपीट करने का भी आरोप लगाया. मकान मालिक ने तर्क दिया कि किरायादार किराया नहीं दे रहा था. घर खाली कराने की प्रक्रिया उप-विभागीय मजिस्ट्रेट के माध्यम से कानूनी रूप से शुरू की गयी थी. हालांकि मकान मालिक के अनुसार, किरायेदार ने बदले की भावना से कार्रवाई के रूप में आपराधिक मामला दायर किया.

# नवरात्रि पूजा में छा जाएं, रांची के बाजारों में आया जूट का खास उल्लू नेकलेस

रांची . बाजारों में नवरात्र के मौके पर ज्वेलरी की खूब धूम है लेकिन इस बार खास आकर्षण का केंद्र है जूट से बना उल्लू नेकलेस, जो लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है. इस खास नेकलेस को आपने शायद ही पहले कभी देखा हो, क्योंकि ये न केवल अपनी अनोखी डिजाइन बल्कि इसकी सांस्कृतिक महत्ता के कारण भी चर्चा में है. इस नेकलेस को बेचने वाली आभा के मुताबिक, बंगाली समुदाय में उल्लू का खास महत्व है, विशेषकर नवरात्र के दौरान. उल्लू को माता रानी का प्रिय माना जाता है और इसे शुभ माना



जाता है. नवरात्र में बंगाली महिलाएं इस नेकलेस को पहनना शुभ मानती हैं. ये परंपरा अब धीरे-धीरे अन्य समुदायों की महिलाओं के बीच भी लोकप्रिय हो रही है.इस नेकलेस की सबसे बड़ी खासियत ये है कि येह जूट से बना है, जो इसे पूरी तरह इको-फ्रेंडली बनाता है.

जूट के साथ सीप और मोती का बेहतरीन कांबिनेशन इसे और खास बनाता है. इसकी डिजाइन इतनी अनोखी है कि इसे पहनकर आप भीड़ से अलग दिखेंगे. साथ ही, ये नेकलेस पारंपरिक थीम पर भी आधारित है, जो एथनिक लुक के लिए परफेक्ट है. आभा बताती हैं कि एक नेकलेस को बनाने में 6-7 घंटे का समय लगता है और वे एक दिन में 10 से 12 नेकलेस तैयार कर लेती हैं. अब तक 100 से अधिक पीस बिक चुके हैं. इस खूबसूरत नेकलेस की कीमत 150 से 250 तक है, जिसे आप रांची के अपर बाजार की रंगरेज गली से खरीद सकते हैं. इसके अलावा, यहां आपको जूट के अलावा संखा पोला और ब्रोंज नेकलेस का भी अच्छा कलेक्शन मिलेगा. नवरात्र के इस खास मौके पर अगर आप कुछ अलग और इको-फ्रेंडली पहनने का सोच रही हैं, तो जूट का उल्लू नेकलेस आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प है.

# श्रीमहावीर मंदिर दुर्गा पूजा समिति : मर्त रूप ले रहा अयोध्या का श्रीराम मंदिर



रांची : श्रीमहावीर मंदिर दुर्गा पूजा समिति का पूजा पंडाल इस बार अयोध्या के श्रीराम मंदिर की तर्ज पर बनाया जा रहा है. बांस, बीट और कपड़ा आदि से मंदिर को मूर्त रूप दिया जा रहा है. टेंट हाउस, रातू के संचालक मोहित मिश्रा के निर्देशन में पश्चिम बंगाल से आये कारीगर 60 चौड़ा, 55 लंबा और 50 फीट ऊंचे पंडाल की साज-सज्जा में रात दिन लगे हैं. शिल्पकार अमित पाल मां की 15 फीट ऊंची प्रतिमा गढ़ रहे हैं. अध्यक्ष रितेश कुमार और उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि पूजा स्थल के आस-पास आकर्षक विद्युत साज्जा की जायेगी. विद्युत चलित यंत्र लगाये जायेंगे. रंग-बिरंगी लाइट के जलते ही मनोरम आकृतियों का खूबसूरत नजारा देखते ही बनेगा.

### 1974 से हो रही है दुर्गा पूजा

रितेश ने बताया कि श्रीमहावीर मंदिर दुर्गा पूजा समिति 1974 से दुर्गा पूजा का आयोजन कर रही है. शुरुआती दौर में कम बजट पर पूजा होती थी. लेकिन तीन दशक से बड़े पैमाने पर दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है. इस बार भी भव्य रूप में पूजा करने की तैयारी है. इसके लिए लगभग 20 लाख का बजट तय किया गया है. उन्होंने बताया कि महाषष्ठी के दिन आम भक्तों के लिए पंडाल का पट खोल दिया जायेगा. इसके बाद नित्य पूजन-आरती के बाद विशेष भोग बांटे जायेंगे. विजयदशमी के बाद शोभायात्रा के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन किया जायेगा.

### चुस्त-दुरुस्त रहेगी सुरक्षा व्यवस्था

मां भवानी के दर्शन-पूजन को आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसके मद्देनजर पूजा स्थल के आस-पास चुस्त-दुरुस्त सुरक्षा इंतजाम किये जायेंगे. समिति के पदाधिकारी और सदस्य भक्तों को हरसंभव सहयोग देने के लिए मौके पर मुस्तैद रहेंगे. गार्ड की तैनाती की जायेगी. चारों ओर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा भी लगाये जायेंगे. अध्यक्ष रितेश कुमार, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, सचिव बली सिंह, कोषाध्यक्ष रिंकू सिंह, विकास कुमार, मंत्री विरेंद्र साहू, पप्पू यादव, संरक्षक ललन प्रसाद, मणिकांत राव, हिमांशु सिंह, मंटू सिंह आदि गठित समिति में शामिल हैं.

## आर्थिक विकास और बढ़ता कर्जः भारत की अर्थव्यवस्था का संकट?

हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी 3.4 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई है, देश पर कर्ज 3.3 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंच गई है। हमारी अर्थव्यवस्था और कर्ज बराबर पर आ गए हैं। ऐसे में सवाल है, क्या भारत की अर्थव्यवस्था दिवालियापन की ओर बढ़ रही है। 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल के अंत में भारत की अर्थव्यवस्था 700 बिलियन डॉलर थी। 10 वर्षों के मनमोहन शासनकाल में यह आंकड़ा बढ़कर 2014 में 2.25 ट्रिलियन डॉलर हो गया था। नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद 10 साल के शासन काल में जीडीपी 2024 में लगभग 3.4 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। मोदी के पिछले एक दशक के कार्यकाल में औद्योगिक उत्पादन और विनिर्माण के क्षेत्र में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई,जिससे बेरोजगारी पिछले 10 वर्षों में तेजी के साथ बढ़ी है। आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं हुआ। मनमोहन सिंह के 10 साल के कार्यकाल में 1.55 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बढ़ी थी। 2008 में अमेरिकी आर्थिक मंदी का असर भी भारतीय अर्थ व्यवस्था में पड़ा था। मोदी के 10 साल के कार्यकाल में 1.15 ट्रिलियन डालर की अर्थ-व्यवस्था बढ़ी। 2014 में कर्ज 56 लाख करोड़ का भारत पर था। जो अब बढ़कर 1.65 करोड़ से ज्यादा हो चुका है। विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर घटकर 5.5 फीसदी पर आ गई है। इस क्षेत्र में भी रोजगार में कमी आई है। भारत के कपड़ा रेडीमेड और हस्तकला उद्योग में चीन का कब्जा 80% तक हो गया है। जिससे भारतीय बाजार और उद्योग प्रभावित हुए हैं। पिछले एक दशक में प्रत्येक क्षेत्र में 100 फ़ीसदी विदेशी निवेश की छूट दिए जाने के बाद से भारत का लघु एवं मध्यम क्षेत्र का रोजगार और उद्योग धंधे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। जिसके कारण देश में बड़ी तेजी के साथ बेरोजगारी बढी है।2014 में मोदी सरकार ने आते ही सभी सेक्टर में 100 फ़ीसदी विदेशी निवेश को जो छूट दी। उसके बाद से देश का आर्थिक ढांचा बुरी तरह गड़बड़ा गया है। भारत की अर्थव्यवस्था विदेशी निवेश और कर्ज पर आधारित हो गई है। अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति मे भारी कर्ज का बोझ कोढ में खाज की तरह हो गया है। पिछले 10 वर्षों में जनता के ऊपर टैक्स और शुल्क बेतहाशा बढ़ाए गए हैं। जिसके कारण महंगाई बड़ी तेजी के साथ बढ़ी, लोगों की आय कम हुई। स्थानीय रोजगार खत्म होने के कारण बेरोजगारी बढ़ी। सरकार ने इस दिशा में कोई ठोस ध्यान नहीं दिया। केंद्र सरकार राज्य सरकारों और स्थानीय संस्थाओं ने इन 10 वर्षों में विकास कार्यों और लोक लोभावन योजनाओं के लिए कर्ज लेकर सरकारी खर्चों को बढ़ा लिया। पिछले 10 सालों में लगातार टैक्स और शुल्क के रूप में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों को 2014 की तुलना में 10 गुना ज्यादा कमाई की है। केंद्र और राज्य सरकारों ने भारी कर्ज लिया। कर्ज लेने के लिए बजट का आकार बढ़ाया। जिससे ज्यादा से ज्यादा कर्ज मिल सके। 2014 से लेकर 2024 के बीच में सरकार ने कर्ज और विदेशी निवेश को ही प्राथमिकता दी है। सरकार का ध्यान कभी भी महंगाई, बेरोजगारी, नागरिकों के ऊपर बढ़ते कर्ज, स्थानीय स्तर पर बेरोजगारी जैसे विषयों पर नहीं रहा। 1970 से लेकर 2000 के 30 वर्षों में भारत में सभी क्षेत्रों में स्थानीय रोजगार लघु उद्योग के रूप में विकसित हुए थे। जिसके कारण भारत की अर्थव्यवस्था एक नए स्वरूप में पहुंच गई थी। 2008 की अमेरिकी मंदी का कोई प्रभाव भारत में इसलिए नहीं पड़ा। हमारी अर्थव्यवस्था लघु एवं मध्यम उद्योगों के हाथ में थी। कृषि की अर्थव्यवस्था मजबूत थी। 2014 के बाद से हम विदेशी निवेश पर आश्रित होते चले गए। हमारा आयत कई गुना बढ़ गया। उसकी तुलना में हम अपना निर्यात नहीं बढ़ा पाए। कर्ज लेकर खर्च की पूर्ति करते रहे। जिसके कारण भारतीय अर्थव्यवस्था दिवालियापन की ओर बढ़ चली है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के पास खर्च करने के लिए पैसे नहीं है। वह लगातार कर्ज उठा रहे हैं। बजट का 25 से लेकर 40 फ़ीसदी तक ब्याज और किस्त के रूप में राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को सरकारी खजाने से चुकाना पड़ रहा है। भारत में आम जनता से दुनिया भर में सबसे ज्यादा टैक्स वसूल किया जा रहा है। अब इस टैक्स को बढ़ाया भी नहीं जा सकता है। लोगों की बचत खत्म हो गई है ! पिछले कई वर्षों से बचत से खर्च मध्यम एवं निम्न वर्ग चला रहे हैं। भारतीय शेयर बाजार और आर्थिक आंकड़ों में हेरफर करके वर्तमान सरकार वास्तविक स्थिति की अनदेखी कर रही है। इससे समस्या और भी बढ़ रही है। विश्व बैंक भारत को बढ़ते कर्ज को लेकर लगातार चेतावनी दे रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भारत में राजनीतिक अस्थिरता बढ गई है।

## निर्मला के दामन पर वसूली का आरोप...?

सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स सहित अन्य ऐसी ही एजेंसियों के बेजा इस्तेमाल या दुरूपयोग के आरोप केन्द्र सरकार पर लगते रहे है। पिछले कुछ दशकों में और खासकर विधानसभा और लोकसभा चुनावों के कुछ पहले ये एजेंसियां सक्रिय होकर अपने टारगेट को जद में लेते रहीं हैं। इन एजेंसियों का निशाना अकसर विपक्ष के नेता और ऐसे ही कतिपय कारपोरेट कंपनियों के धनकुबेर रहे हैं। इस मामले में कई बार गैरभाजपाई राजनीति पार्टियों ने आवाज भी उठाई लेकिन ये आवाज दबकर रह गई। जब भी सीबीआई, ईडी या ऐसी ही एजेंसियों के दुरूपयोग की बात सामने आई तो इसे सियासी आरोप कहकर खारिज कर दिया गया। लेकिन इलेक्टोरेल बॉड के मामले और इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सहित अन्य खिलाफ शिकायत दर्ज होने से अब सीबीआई-ईडी आदि पर लगने वाले आरोप कुछ हद तक सच्चे लगने लगे हैं। बेंगलुरु में चुने हुए प्रतिनिधियों के लिए नामित मैजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ जबरन वसूली और आपराधिक साजिश के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि, इलेक्टोरल बॉन्ड वसूली मामले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारण को राहत मिल गई है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ मामले में जांच पर 22 अक्टूबर तक रोक लगा दी है। कर्नाटक बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष नलीन कुमार कटील ने निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इलेक्टोरल बॉन्ड वसूली मामले में नलीन कुमार कटील सह-आरोपी हैं। इसी मामले में केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को मुख्य आरोपी बनाया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने चुनावी बांड की आड़ में कुछ कंपनियों से जबरन वसूली की थी।

बेंगलुरू की एक विशेष लोक अदालत ने चुनावी बॉन्ड के जरिए उगाही की शिकायत पर सुनवाई करते हुए वित्त मंत्री सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था। जनाधिकार संघर्ष परिषद के सह-अध्यक्ष आदर्श अय्यर की याचिका पर सुनवाई के बाद ये एफआईआर दर्ज की गई। इससे पहले मार्च में स्थानीय पुलिस को शिकायत दी थी जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। इस मामले में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक बीजेपी अध्यक्ष बीवाई विजेंद्र, बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नलीन कुमार कतील और पार्टी के अन्य पदाधिकारियों को भी आरोपी बनाया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के लाभ के लिए हजारों करोड़ रुपये की जबरन वसूली की। उसने कहा कि चुनावी बॉन्ड की आड़ में पूरा जबरन वसूली का धंधा अलग-अलग स्तरों पर बीजेपी के अधिकारियों के साथ मिलकर चलाया गया। कोर्ट को दी गई शिकायत में कहा गया है कि निर्मला सीतारमण ने ईडी के जरिए जेपी नड्डा और कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष नलीन कतील के लाभ के लिए हजारों करोड़ रुपये की उगाही करने में मदद की। निर्मला सीतारमण ने विभिन्न कॉरपोरेट्स, उनके सीईओ, एमडी आदि के यहां छापे मारने, जब्ती करने और गिरफ्तारियां करने के लिए ईडी की सेवाएं लीं। ईडी की छापेमारी के डर से कई कॉरपोरेट कंपनियों, उनके सीईओ, एमडी आदि के यहां छापेमारी, जब्ती और गिरफ्तारी का डर दिखाकर कई करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदने के लिए मजबूर किया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों और संवैधानिक पदों पर बैठे कई अन्य लोगों, एमएनसी और टीएनसी कॉर्पोरेट कंपनियों के सीईओ और एमडी के साथ मिलकर चुनावी बांड की आड़ में जबरन वसूली की। शिकायत में 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की रकम वसूलने का आरोप लगाया गया है। शिकायत में एल्युमिनियम और कॉपर की दिग्गज कंपनी मेसर्स स्टरलाइट एंड मेसर्स वेदांता कंपनी का उदाहरण दिया गया है, जिन्होंने अप्रैल 2019, अगस्त 2022 और नवंबर 2023 के बीच 230.15 करोड़ रुपये इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए दिए।

## हज़ारों करोड़ रुपए खर्च होने के बाद भी एनआरसी डब्बे में बंद

> स्वतंत्रता के पहले 1905 में बड़ी संख्या में अंग्रेजों ने बांग्ला भाषा के लोगों को यहां पर बुलाकर बसाया था। 1951 की जनगणना में इनको शामिल किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर इनका एक अलग रजिस्टर तैयार किया गया था। 1971 में जब भारत और पाकिस्तान के बीच में लड़ाई हुई। तब असम में कुछ बांग्लादेशी शरणार्थी के रूप में आए थे तत्कालीन इंदिरा सरकार ने इन्हें शरण देने का आदेश दिया था। 1985 में हुए असम समझौते में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय 1971 में जो बांग्लादेशी असम में आकर बसे थे। उन्हें भारत का नागरिक मान लिया गया था।

सनत जैन

भारत के असम राज्य के दो जिलों के नागरिकों का राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर बनाने का फैसला हुआ था। दो जिलों में जो 19 लाख लोग बाहर से आए थे। उनकी नागरिकता के लिए यह प्रक्रिया शुरू की गई थी। केन्द्र सरकार बदलते ही एनआरसी का पूरा स्वरूप ही बदल गया। यह एक राजनीतिक मुद्दा बन गया। केंद्र और राज्य सरकारों के हजारों करोड़ों रुपए इस प्रक्रिया में खर्च हुए। दो जिलों के स्थान पर सारे असम राज्य के लाखों परिवारों को इसकी वेदना सहनी पड़ी। दस्तावेज जुटाने के लिए दस्तावेजों की फोटो कॉपी कराने और अपने आप को नागरिक बताने के लिए लाखों लोग 2 साल से अधिक परेशान हुए। करीब 25 लाख दस्तावेजों का वेरिफिकेशन किया गया। सरकारी अमले ने घर-घर जाकर 25 लाख घरों में जाकर दस्तावेजों को जांचा गया। 13.18 लाख लोगों को एनआरसी के रजिस्टर में शामिल किया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जब फिर इसकी जांच की गई, तो 2346 डेटा की जांच की गई। उसमें 943 डेटा गलत मिले। मई 2021 में सुप्रीम कोर्ट को इसकी जानकारी दी गई। उसके बाद से ही मामला ठंडा पड़ा हुआ है। असम के 68 लाख परिवारों ने नागरिकता के लिए फॉर्म भरे। 10 लाख लोगों के परिवार की फैमिली ट्री का सत्यापन किया गया। आस पड़ोस के लोग यदि एक दूसरे को नहीं पहचानते थे, तो उनके नाम खारिज कर दिए गए। उन्हें संदिग्ध माना गया। 68 लाख लोगों में से 27 लाख लोगों को रिजेक्ट कर दिया गया था। जिसमें एक सांसद का परिवार भी था। केंद्र और असम की राज्य सरकार ने राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर को लेकर खूब हंगामा किया। संसद में नया कानून बनाने के पहिले और बाद में लगातार राजनीति होती रही। सरकारी खजाने से हजारों करोड़ों रुपए खर्च हो गए। 68 लाख परिवारों के हजारों रुपए हर परिवार के खर्च हुए। लाखों लोगों को परेशानी में डालने के बाद भी कुछ भी हासिल नहीं हुआ। जहां से यह मामला शुरू हुआ था, वहीं पर आज भी वहीं अटका हुआ है।

**कैग रिपोर्ट में 260 करोड़ का घोटाला**

2020 में कैग ने इस सारे मामले का ऑडिट किया। डाटा एंट्री ऑपरेटर की तनख्वाह 14500 प्रति ऑपरेटर तय थी। सरकारी रिकॉर्ड में 9000 ऑपरेटर नियुक्त किए गए थे। उन्हें 5500 प्रति ऑपरेटर भुगतान किया गया। केग की रिपोर्ट के अनुसार इसमें 260 करोड रुपए का घोटाला हुआ। इसके अलावा अन्य सर्वेक्षण और कार्यों में सैकड़ों करोड रुपए खर्च में घोटाले किए गए। शासकीय स्तर पर लाखों दस्तावेजों का डिजिटाइजेशन कराया गया। हजारों कर्मचारियों को कई महीने तक घर-घर जाकर जांच के कार्य में लगाया गया था। इसमें बड़े पैमाने पर सरकारी धन खर्च किया गया।

**रिजेक्शन स्लिप नहीं दे पाए**

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर नवंबर 2019 में स्टेट कोऑर्डिनेटर प्रतीक हजेला को मध्य प्रदेश सरकार के पास डेपुटेशन पर भेज दिया गया। 24 दिसंबर 2019 को हितेश देव सरमा को स्टेट कोआर्डिनेटर बनाया गया। जब उन्होंने जांच की तो उसमें भी भारी गड़बड़ियां पाई गई। जिसके कारण आज तक रिजेक्शन स्लिप के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। जुलाई 2022 में वह भी सेवा निवृत हो गए। उसके बाद इसकी जिम्मेदारी गृह सचिव मजूमदार के पास आई। उन्होंने इस मामले में कोई रुचि नहीं ली। असम सरकार ने भी यह मामला ठंडा बस्ते में डाल दिया है. सरकार जानकारी देने से भी बच रही है।

**धड़ाधड़ बन रहे हैं आधार कार्ड**

एनआरसी रजिस्टर का मामला ठंडा पड़ने के बाद पिछले कुछ समय से लाखों लोगों के नाम असम की मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं। नए आधार कार्ड भी बनाए जा रहे है। सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। हजारों करोड रुपए खर्च हो जाने और लाखों परिवार कई वर्षों तक प्रताड़ित करने के बाद असम में पुरानी स्थिति बनी हुई है। इसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाए। यहां की जनता को यह समझ में नहीं आ रहा है। अभी भी प्रताणना और राजनीति से एक वर्ग नारकीय जीवन जी रहा है। असम में बांग्ला प्रवासियों का इतिहास स्वतंत्रता के पहले 1905 में बड़ी संख्या में अंग्रेजों ने बांग्ला भाषा के लोगों को यहां पर बुलाकर बसाया था। 1951 की जनगणना में इनको शामिल किया गया था। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश पर इनका एक अलग रजिस्टर तैयार किया गया था। 1971 में जब भारत और पाकिस्तान के बीच में लड़ाई हुई। तब असम में कुछ बांग्लादेशी शरणार्थी के रूप में आए थे तत्कालीन इंदिरा सरकार ने इन्हें शरण देने का आदेश दिया था। 1985 में हुए असम समझौते में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय 1971 में जो बांग्लादेशी असम में आकर बसे थे। उन्हें भारत का नागरिक मान लिया गया था। 2010 में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में दो जिलों के लिए एनआरसी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। 2013 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से यह प्रोजेक्ट पुनः शुरू किया गया। प्रतीक हजेला को प्रोजेक्ट का कोआर्डिनेटर बनाया गया था। 2018 में इसका पहला ड्राफ्ट तैयार हुआ था। इस प्रस्ताव में 40 लाख लोगों को एनआरसी से बाहर कर दिया गया था। जांच के बाद उसके बाद एक सप्लीमेंट्री सूची जारी की गई। जिसमें 19 लाख लोगों को संदिग्ध माना गया उसके बाद से यह मामला ठंडा पड़ा हुआ है। असम में इसको लेकर लगातार राजनीति हो रही है। असम में बांग्ला भाषी नागरिकों के ऊपर हमेशा तलवार लटकती रहती है। भारतीय नागरिक होते हुए भी अधिकांश एक धर्म विशेष के होने के कारण उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार किया जा रहा है। जिसके कारण असम में राजनीतिक और सामाजिक टकराव बना हुआ है। 1.85 लाख घुसपैठिये घोषित 73 डिटेंशन सेंटर में पिछले 11 वर्षों से यह खेल चल रहा है। असम फॉरेन ट्रिब्यूनल ने 1.85 लाख लोगों को घुसपेठिया घोषित किया गया है। जो डिटेंशन सेंटर बनाये गये थे। अब अधिकांश खाली हो चुके हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार मात्र 73 लोगों को डिटेंशन सेन्टर में रखा गया है। पिछले 9 वर्षों से एनआरसी के नाम पर असम में जो खेल खेला गया है। उसने मानवता को एक तरह से शर्मसार किया है। देश एवं प्रदेश के सरकारी खजाने से हजारों करोड़ रूपया खर्च हो गया। 2 लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हो गए। लाखों लोगों के ऊपर अभी भी तलवार लटक रही है।

## चाँद मियां से चाँद तक का सफर

> बहरहाल आज पितृमोक्ष अमवस्या है। आज अपने पूर्वजों कि तर्पण का आखरी दिन है। काशी कि पंडित अपने पूर्वजों को कैसे विदा करते हैं ये आप सभी ने देख लिया है। काशी के पंडितों को पहले मियाँ शब्द कि अर्थ को जान लेना चाहिये। चाँद मियां कि साथ जो मियां शब्द बाबस्ता है वो फ़ारसी का शब्द है। संस्कृत में भी होता तो भी उसका अर्थ स्त्री का पति, स्वामी, मालिक सादात ही होता। मियां का अर्थ अल्लाह,मुर्शिद, पीर, संगीतज्ञ, मिरासी, मूर्ख, दीवाना, बावला मीरान अर्थात सरदार, आक़ा, मालिक, हाकिम, सरदार, बुजुर्ग, वाली वारिस उस्ताद, पढ़ाने वाला, मुल्ला ही होता। वैसे पहाड़ी राजपूत, राजाओं के ख़ानदानी लोग, ठाकुर, शहज़ादे, शाही ख़ानदान के लोग भी एक -दूसरे के लिए जाने-अनजाने मियां शब्द का इस्तेमाल करते रहे हैं।

राकेश अचल

रोजाना लिखकर दिहाड़ी कमाने वाले हम जैसे लोग आजकल चकरघिन्नी बने हुए है। लिखने के लिए इतने मुद्दे और विषय कुकुरमुत्तों की तरह उग आते हैं। तय कर पाना कठिन हो जाता है कि कौन से मुद्दे पर लिखा जाये और कौन से छोड़ दिया जाये? आज भी समाने चाँद मियां हैं, गांधी बब्बा हैं, सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या है और नितिन गडकरी की विषकन्या है। बात चाँद मियाँ से शुरू करते है। ये चाँद मियां अपने चिर-परिचित साईं बाबा हैं। काशी के ब्राम्हणो ने अपने शहर के मंदिरों से चाँद मियां की 14 प्रतिमाएं ऐसे हटा दीं जैसे वे कोई आतंकवादी हों। साईं बाबा का नाम चाँद मियां हो या अब्दुल इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। फर्क इस बात से पड़ रहा है कि समाज में नफरत मनुष्यों से होती हुई अब बुतों पर आ गयी है। साईं बाबा उर्फ़ चाँद मियां के खिलाफ नफरत का श्रीगणेश दिवंगत शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती ने किया था। काशी के ब्राम्हणों की करतूत देखकर स्वामी जी की आत्मा गदगद हो रही होगी। स्वाभाविक है ऐसा होना। हमारे देश में किसी चाँद मियां को पूजने की गुंजाईश नहीं है। काशी के पंडितों का पंडितों के बूते से बाहर है अन्यथा वे चाँद मियां के बुतों के साथ ही अजमेर जाकर ख्वाजा साहब की मजार भी उखाड़ फेंकते क्योंकि वे भी मियां हैं। काशी के ब्राम्हण दरअसल साईं बाबा की पूजा को प्रेत पूजा मानकर इसको सनातन विरोधी बता रहे हैं जैसे सनातनी प्रेत,भूत,मशान की पूजा करते ही नहीं हैं। वे पूरे पितृपक्ष में क्या करते हैं वे खुद नहीं जानते। दरअसल काशी के ब्राम्हण न चाँद का अर्थ जानते हैं और न मियाँ का। उनके लिए तो ये दोनों म्लेच्छ हैं,विजातीय हैं,विधर्मी हैं ,उन्हें मंदिरों में पूजने की तो छोड़िये इस मुल्क में भी रहने की इजाजत नहीं दी जाना चाहिए। कोई चार दशक पहले मैंने भी साईं बाबा के मंदिर जाकर शायद पाप किया था। मुझे उस समय किसी ब्राम्हण या शंकराचार्य ने बताया ही नहीं कि साईं बाबा चाँद मियां हैं इसलिए उनके दर्शन करने से पाप लगता है। शिरडी के साईं मंदिर में जाने वालों को ये काशी वाले कैसे रोकेंगे मुझे पता नहीं क्योंकि वहां आज भी हर दिन हजारों लोग जाते हैं। काशी वालों कि संसद आजकल देश कि प्रधानमंत्री भी हैं उन्हें चाहिए कि वे देश में जहँ-जहाँ चाँद मियां कि मंदिर हैं उनके ऊपर बुलडोजर चलवा दें। शिरडी में तो ये काम और आसान है क्योंकि वहां उनकी अपनी डबल इंजिन की सरकार है। इसके लिए संसद में कोई विधेयक लाने या अध्यादेश जारी करने की भी जरूरत नहीं है

इस देश की खासियत ये है कि यहां के ब्राम्हणों को अपना मूल काम करने की तो फुरसत नहीं है और ऊल-जलूल काम करने कि लिए वे हमेशा तैयार रहते हैं। मैं अभी तक ब्राम्हणों को विद्व्त परिषद का सम्माननीय सदस्य मानता था लेकिन मुझे अब लगता है कि काशी के ब्राम्हण मंडन मिश्र की परम्परा कि ब्राम्हण नहीं है। वे कूप मंडूक हैं ,उन्हें भी सियासत करना आ गया है। वे भी सरकार की हिन्दू राष्ट्र की कल्पना में डुबकियां लगा रहे हैं। जन्मना मै भी एक ब्राम्हण हूँ लेकिन मुझे ईश्वर की कृपा से न ऐसे सपने आते हैं और न मुझे किसी की पूजा-रचा से कोई आपत्ति है। जिसे ,जो पसंद है वो उसे पूजे। मंदिर बांये,मस्जिद बनाये ,गुरूद्वारे बनाये ,गिरजाघर बनाये। चाहे तो अपने नेताओं की प्रतिमाएं बनाकर उन्हें चाँद मियां के स्थान पर लगवा कर प्राण- प्रतिष्ठित कर दे।

मुझे L लगता है कि काशी में जो हुआ है उससे एक बात तो प्रमाणित हो गयी है की नितिन गडकरी की विषकन्या अपना काम करने में कामयाबी कि बहुत नजदीक है। विषकन्या अर्थात सत्ता ने समाज में इतना जहर घोल दिया है की वो अब आदमियों कि साथ-साथ बुतों से भी अदावत मानने लगा है। मेरा आज भी मानना है की काशी कि ब्राम्हण हों या उनके स्मार्टक हिन्दू धर्म में आयी संकीर्णता की वजह से धर्म की दरकती ईंटों को देखकर आतंकित हैं ,उन्हें अपनी रोजी-रोटी पर खतरा मंडराता दिखाई दे रहा है। ये खतरा है या नहीं अलग बात है लेकिन उन्हें ये खतरा महसूस कराया जा रहा है फर्जी आंकड़े दिखाकर।

काशी कि ब्राम्हण नहीं जानते कि चाँद मियां की बिरादरी में बुत परस्ती की मुमानियत है। उनके यहां पांच वक्त की आरती नहीं नमाज होती है ये तो हम हिन्दुओं में ही मुमकिन है। चाँद मियां कि मंदिर और बुत किसी मुसलमान ने नहीं बनवाये,हिन्दुओं ने बनवाये है।वाहन पांच वक्त की आरती चाँद मियां की बिरादरी वालों ने शुरू नहीं की बल्कि हिन्दुओं ने शुरू की है। ऐसे लोगों को देशद्रोही,धर्मविरोधी करार देकर देश के बाहर कर देना चाहिए।

दरअसल ये मंगल पर जाने का नहीं अपितु गाय और गोबर की और लौटने का युग है। यहां गाय को राजमाता बनाने की होड़ चल रही है और इसके पीछे वे ही पावन हाथ हैं जो गोमांस का निर्यात करते हैं। लेकिन काशी कि पंडितों का जोर इनके ऊपर नहीं चलता। काशी वाले चाँद मियां की प्रतिमाएं तो हटा और हटवा सकते हैं लेकिन गोमांस का भक्षण करने वाले किसी केंद्रीय मंत्री को मंत्रिमंडल से नहीं निकलवा सकते। । आज जब मै ये सब लिख रहा हूँ तब मुझे महात्मा गाँधी की याद आती है। आज उनका जन्मदिन है। अच्छा हुआ कि वे आज नहीं हैं अन्यथा काशी वालों की करतूत उन्हें भी बहुत परेशान करती। वे परेशान होकर आज भी - सबको सन्मति दे भगवान का भजन गाते दिखाई देते। चाँद मियां के बुतों कि दुश्मनों के लिए तो बाबा गाँधी कि बुत भी कांटे की तरह चुभते हैं। लेकिन सियासी मजबूरी है कि उन्हें देश में भी और विदेश में भी गांधी कि बुतों कि आगे बुत बनकर अपना शीश झुकाना पड़ता है।काशी ब्रांड पंडितों का जोर नहीं है अन्यथा वे गाँधी के बुतों की जगह क्रांतिवीरों कि बुत स्थापित कर चुके होते।

बहरहाल आज पितृमोक्ष अमवस्या है। आज अपने पूर्वजों कि तर्पण का आखरी दिन है। काशी कि पंडित अपने पूर्वजों को कैसे विदा करते हैं ये आप सभी ने देख लिया है। काशी के पंडितों को पहले मियाँ शब्द कि अर्थ को जान लेना चाहिये। चाँद मियां कि साथ जो मियां शब्द बाबस्ता है वो फ़ारसी का शब्द है। संस्कृत में भी होता तो भी उसका अर्थ स्त्री का पति, स्वामी, मालिक सादात ही होता। मियां का अर्थ अल्लाह,मुर्शिद, पीर ,संगीतज्ञ, मिरासी, मूर्ख, दीवाना, बावला मीरान अर्थात सरदार, आक़ा, मालिक, हाकिम, सरदार, बुज़ुर्ग, वाली वारिस उस्ताद, पढ़ाने वाला, मुल्ला ही होता। वैसे पहाड़ी राजपूत, राजाओं के ख़ानदानी लोग, ठाकुर, शहज़ादे, शाही ख़ानदान के लोग भी एक -दूसरे के लिए जाने-अनजाने मियां शब्द का इस्तेमाल करते रहे हैं।

## माउंट आबू ब्रह्माकुमारीज में ग्लोबल समिट का आगाज करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

डॉ श्रीगोपाल नारसन

आध्यात्मिकता द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज विषय पर 4 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित हो रही ग्लोबल समिट में 4 अक्टूबर को सुबह 10 बजे राष्ट्रपति उदघाटन करेंगी। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के मुख्यालय शांतिवन में राष्ट्रपति विशेष विमान से 3 अक्टूबर को शाम को शांतिवन पहुंच जाएंगी, जहां रात्रि विश्राम के बाद 4 अक्टूबर को सुबह 10 बजे ग्लोबल समिट का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इस समिट में देश-विदेश से अपने-अपने क्षेत्रों की जानीं-मानीं हस्तियां भाग ले रही है।समिट के संयोजक व संस्थान के कार्यकारी सचिव डॉ. बीके मृत्युंजय भाई ने बताया कि इस अवसर पर देशभर से धर्म, अध्यात्म, शिक्षा, राजनीति, व्यापार और मीडिया जगत की दिग्गज हस्तियां महोत्सव की शोभा बढ़ाएंगी। इस समिट में कुल आठ सत्र आयोजित किए जाएंगे। वहीं रात में देशभर से आए कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यकारी सचिव डॉ. बीके मृत्युंजय भाई ने बताया कि राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मु पहली बार 3 जनवरी 2023 को शांतिवन पहुंचीं थीं, जहां उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित आध्यात्मिकता से स्वर्णिम भारत का उदय कार्यक्रम में भाग लिया था। ब्रह्माकुमारीज़ के माउंट आबू स्थित ज्ञान सरोवर परिसर में रात्रि विश्राम के बाद सुबह मुरली क्लास में भाग लिया था और पांडव भवन में ब्रह्मा बाबा के समाधि स्थल पर पुष्पांजली अर्पित की थी। राष्ट्रपति द्रौपदी लंबे समय से ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान से जुड़ी हैं। यहां सिखाए जाने वाले राजयोग मेडिटेशन के कारण उनके जीवन में बहुत बदलाव आया है। उन्होंने जीवन के कठिन दौर में राजयोग की बदौलत नई दिशा प्राप्त की।तभी तो आज भी वह सुबह 3.30 बजे से राजयोग ध्यान करती हैं।

ब्रह्माकुमारीज इस समिट में उन अनुकरणीय व्यक्तियों को सम्मानित कर रहा है, जिन्होंने एकता, शांति और न्याय को बढ़ावा देकर मानवता पर गहरा प्रभाव डाला है। ये पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों के उन नेताओं को भी दिया जाता हैं, जो अपने अटूट समर्पण और सिद्धांतों के माध्यम से समाज का उत्थान कर रहे हैं।मानवता के संरक्षक के रूप में विभिन्न हस्तियों को सम्मानित करने के साथ ही उनके संघर्षों के प्रतिफल से वैश्विक एकता और शांति को बढ़ावा मिलने की गाथा का भी वर्णन किया जाता है। जिनकी असाधारण उपलब्धियां और मूल्य उन्हें प्रेरणादायक नेता के रूप में परिभाषित करते हैं, उन्हें सम्मान देने और निडर रिपोर्टिंग के माध्यम से सत्य, निष्ठा और लोकतंत्र को बनाए रखने वाले पत्रकारों को भी सम्मान मिलना इस समिट की बड़ी उपलब्धि है। ब्रह्माकुमारीज को उन लोगों को सम्मानित करने पर गर्व करती है जो दुनिया में एकता, शांति और सद्भाव को बढ़ावा दे रहे हैं। जो क्षेत्रीय संघर्षों या युद्ध को रोकने में योगदान दे रहे हैं,साथ ही आध्यात्मिक साधनों के माध्यम से राजनीतिक, कूटनीतिक और आर्थिक प्रकृति के विवादों को सुलझा रहे हैं और खतरों को कम करने, मानवता के भीतर गरीबी और भ्रम को खत्म करने के तरीके विकसित कर रहे हैं। ब्रह्माकुमारीज की मूल भावना शांति, सामाजिक न्याय और अंतर-धार्मिक सहयोग को मजबूत करना है।ब्रह्माकुमारीज उन भारतीयों को भी सम्मानित करेगी जिनके जबरदस्त जुनून, नवाचार और असाधारण उपलब्धि ने उन्हें उत्कृष्ट नेता बनाया और जिनके जीवन में दृढ़ संकल्प, उच्च आदर्शवाद, सिद्धांत और मूल्य, समर्पण, परोपकारिता, अथक भावना और असाधारण आत्म शक्ति की विशेषता रही है। इस समिट में कई राज्यपाल,केंद्रीय मंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, ख्यातिप्राप्त हस्तियां पधार रहे है।

# ईरान का दावा 20 फाइटर जेट ध्वस्त किए, इजरायल ने कहा सभी मिसाइलों को नष्ट किया, कोई नुकसान नहीं

तेहरान(ईएमएस)। ईरान का दावा है कि उसने मिसाइलों से हमला करके, इजरायल के 20 फाइटर जेट विमान ध्वस्त कर दिए हैं जबकि इजरायल कह रहा है कि ईरान की एक एक मिसाइल को नष्ट कर दिया। इससे इजरायल को कोई नुकसान नहीं हुआ है। ईरानी गार्ड्स के अनुसार, उनके निशाने पर इजरायल के तीन सैन्य ठिकाने थे, जिनमें से नेवातिम एयरबेस को विशेष रूप से निशाना बनाया गया। उन्होंने दावा किया है कि इस हमले में नेवातिम एयरबेस पर खड़े कम से कम 20 फाइटर जेट्स को नष्ट कर दिया गया है, जिससे यह एयरबेस अब ऑपरेटिंग स्थिति में नहीं है। हालांकि, इजरायल की ओर से अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है और नुकसान का सही आंकड़ा भी स्पष्ट नहीं है। इससे पहले, अप्रैल में भी ईरान ने इजरायल पर 110 बैलिस्टिक और 30 क्रूज़ मिसाइलें दागी थीं। लेकिन यह पहली बार है जब ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया है। इजरायली डिफेंस फोर्सेज ने बताया कि उन्होंने ईरान की अधिकांश मिसाइलों को नाकाम किया, जिसमें उनके दो मुख्य हथियार-आयरन डोम और डेविड्स स्लिंग - का उपयोग किया गया। बता दें कि ईरान ने मंगलवार की रात इजरायल पर 200 से अधिक मिसाइलें दागी हैं। इस हमले के वीडियो में तेल अवीव सहित अन्य इलाकों में मिसाइलों की बौछार दिखाई दे रही है। ईरानी मीडिया का दावा है कि इन सभी मिसाइलों ने सटीक निशाना बनाया है और टारगेट हिट किए हैं। ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड ने इस हमले में पहली बार हाइपरसोनिक मिसाइलों के इस्तेमाल का दावा किया है, और कहा है कि 90 प्रतिशत मिसाइलें अपने लक्ष्यों पर लगीं।आयरन डोम यह इजरायल का प्रमुख एयर डिफेंस सिस्टम है, जो कम दूरी की मिसाइलें, रॉकेट और ड्रोन को रोकने के लिए डिजाइन किया गया है। आयरन डोम में इंटरसेप्टर होते हैं जो यह पहचान सकते हैं कि कोई मिसाइल या रॉकेट किस इलाके में गिरने वाला है और उसे हवा में ही इंटरसेप्ट कर देते हैं। इसकी सफलता दर 90% है।डेविड्स स्लिंग यह इजरायल का दूसरा महत्वपूर्ण हथियार है, जो लंबी दूरी के रॉकेट, बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों को नाकाम करता है। यह 1 मिनट के अंदर 100 किलोमीटर के दायरे में 200 टारगेट को ट्रैक कर सकता है और 300 किलोमीटर तक की रेंज में मिसाइलों को रोकने की क्षमता रखता है। हाल ही में, जब ईरान ने मोसाद के मुख्यालय को निशाना बनाया, तब डेविड्स स्लिंग ने इजरायली खुफिया एजेंसी की रक्षा की। इस घटनाक्रम ने इजरायल और ईरान के बीच के तनाव को और बढ़ा दिया है, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति और भी जटिल हो गई है।


वेस्टबैंक में इजरायलली डिफेंस सिस्टम द्वारा गिराये ईरानी मिसाइल के टूकड़े को देखते हुए एक फिलिस्तीनी।

### ईरान के हमले के बाद इजरायल का अमेरिका और सहयोगी देशों ने किया बचाव

मिडिल ईस्ट में इस समय सबसे ज्यादा तनाव है। हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत और दक्षिणी लेबनान में इजरायल के ग्राउंड ऑपरेशन के बाद मंगलवार आधी रात को ईरान ने इजरायल पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागीं। ईरान का दावा है कि उन्होंने इजरायल पर 180 मिसाइलें दागी हैं। ऐसे में सवाल है कि इजरायल ने इतने बड़े हमले को नाकाम कैसे किया और जमीनी स्तर पर कितना नुकसान हुआ?

ईरान का यह हमला काफी स्ट्रैटेजिक था। ईरान ने तेल अवीव में इजरायल के तीन मिलिट्री बेस और खुफिया एजेंसी मोसाद के हेडक्वार्टर को निशाना बनाया था। इजरायल के मिलिट्री बेस पर मिसाइलें दागी गईं। टेल नोफ और नेवाटिम इजरायली सेना आईडीएफ के सबसे एडवांस मिलिट्री बेस हैं। सैटेलाइट फुटेज से पता चलता है कि नेवाटिम पर कुछ ही मिसाइलें गिरी थीं। इस हमले में ईरान ने फताह मिसाइलों का इस्तेमाल किया था। ईरान के इस हमले में एक शख्स की मौत हुई है और आईडीएफ का एक सैनिक गंभीर रूप से घायल हुआ है।

इजरायल के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में इस हमले का थोड़ा बहुत नुकसान देखने को मिला है। मीडिया रिपोर्ट में इजरायली सेना के प्रवक्ता का कहना है कि इस हमले में वह इजरायल में हुई किसी की मौत की जानकारी उसे नहीं हैं। आईआरजीसी का कहना है कि उनकी ओर से दागी गई मिसाइलें टारगेट पर जाकर गिरी हैं जबकि इजरायली सेना का कहना है कि ईरान की ओर से दागी गई मिसाइलों में से ज्यादा को नष्ट कर दिया गया।

ईरान के हमले मुख्य तौर पर जेरूशलम और तेल अवीव को निशाना बनाकर किए गए थे। इन हमलों के बीच इजरायल में रातभर सायरन बजते रहे। तेल अवीव में सायरन बजते ही लोगों को जहां मौका मिला, वहां भागते नजर आए। सायरन बजते ही तेल अवीव में एक ब्रिज के नीचे इजरायली नागरिकों ने शरण ली। इजरायल में जगह-जगह बॉम्ब शेल्टर्स और बंकर्स बने हुए हैं, जहां बड़े पैमाने पर लोगों ने शरण ली। ईरान का कहना है कि अगर इजरायल इस हमले का जवाब देता है तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस बीच ईरान ने बुधवार तक कई फ्लाइट्स रद्द कर दी हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने इस साल अप्रैल महीने में भी इजरायल पर मिसाइलें दागी थीं। अप्रैल में ईरान ने इजरायल पर 100 बैलिस्टिक और 30 क्रूज मिसाइलें दागी थी लेकिन इस बार ईरान ने इजरायल पर जो हमला किया है, वह पिछले हमले से ज्यादा तेज और जोरदार था।

### ईरान की दो टूक...इजराइल ने किया पलटवार... परिणाम होगा भयंकर

ईरान ने हाल ही में इजरायल पर 200 मिसाइलें दागने के बाद अपनी आक्रामकता को बढ़कर इजरायल को चेतावनी दी है। ईरान के आर्मी चीफ जनरल मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी ने कहा है कि यदि इजरायल ने ईरानी हमले का जवाब दिया, तब उसका परिणाम भयंकर होगा। उन्होंने कहा कि ईरान इजरायल के हर ठिकाने को निशाना बनाएगा। बीते एक साल से इजरायल और हमास जैसे उग्रवादी संगठनों के बीच जारी संघर्ष अब एक नए मोड़ पर पहुँच गया है। पिछले 10 दिनों से इजरायल की ओर से हिजबुल्लाह के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है, जिसमें लेबनान में तेज़ी से हमले किए जा रहे हैं। ईरान ने इस बीच, मंगलवार को इजरायल पर 200 मिसाइलें दागी, जिन्हें इजरायल के आयरन डोम सिस्टम ने रोकने में सफलता मिली। फिर भी, इस हमले ने दोनों देशों के बीच की स्थिति को और तनावपूर्ण बना दिया है। अमेरिका ने हालात को देखकर अपने सैनिकों की संख्या बढ़ाने का ऐलान किया है, जबकि इजरायल ने एक दृढ़ संकल्प लिया है कि या ईरान बचेगा या फिर वे खुद। जनरल बाघेरी ने स्पष्ट किया कि ईरान के हमले के बाद भी उनकी सेना फायर मोड में बनी हुई है और वे किसी भी परिस्थिति में जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार हैं। यह बयान इशारा करता है कि ईरान अब इजरायल के खिलाफ एक व्यापक आक्रामक नीति अपना सकता है, जो कि क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय बन सकता है।

### लेबनान के अंदर घुसी इजरायली सेना....कई गांव को हिज्बुल्लाह के नियंत्रण से मुक्त कराया

इजरायल की सेना ने लेबनान के अंदर 48 किलोमीटर तक घुसपैठ की है, इसके परिणामस्वरूप हिज्बुल्लाह के लड़ाके इलाके को छोड़कर भाग चुके हैं। हालांकि, कुछ संघर्ष लेबनानी सेना और बचे-कुचे हिज्बुल्लाह लड़ाकों के बीच जारी है। इस संघर्ष से करीब 10 लाख लोग इस क्षेत्र से भाग चुके हैं, जिससे स्थानीय जनसंख्या लगभग समाप्त हो गई है।

इजरायली सेना ने पूरे दक्षिणी लेबनान में अपना प्रभाव जमा लिया है। इजरायल की नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट ने इस ऑपरेशन को हिज्बुल्लाह के खिलाफ अगले चरण की लड़ाई के रूप में बताया है। यह इजरायली सेना द्वारा लेबनान की जमीन पर 50 वर्षों में चौथी बार घुसपैठ है, और 2006 में 34 दिन चले युद्ध के बाद पहली बार हो रहा है। इजरायल इस एक सीमित जमीनी ऑपरेशन के रूप में पेश कर रहा है, जिसमें वायुसेना की भी मदद ली जा रही है। आसमान से बमबारी और मिसाइलों के जरिए जमीनी फौज के लिए रास्ता साफ किया जा रहा है।


फिलीपींस में मिस एशिया पैसिफिक कंटेस्ट में भाग लेती हुई प्रतियोगी।

## मां ने फेंक दी बेटे की पसंदीदा कॉमिक्स, मामला कोर्ट तक पहुंचा

ताईपे (ईएमएस)। ताइवान में एक मां ने अपने बेटे की पसंदीदा कॉमिक्स फेंक दी। इस वाकये से बेटा मां से इतना नाराज हो गया कि वह मामले को कोर्ट तक लेकर चला गया। महिला ने अपने 20 वर्षीय बेटे 'अटैक ऑन टाइटन' के 32 संस्करणों को घर की साफ-सफाई के दौरान फेंक दिया। महिला का कहना था कि वह बेटे के बढ़ते कलेक्शन से परेशान थी और उसे घर में थोड़ी जगह बनाने की जरूरत थी। जब बेटा घर आया और उसे अपनी कॉमिक्स के फेंके जाने का पता चला, तो वह गुस्से में आ गया और उसने पुलिस को बुला लिया। बेटे ने अपनी मां के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उसने आरोप लगाया कि मां ने उसकी व्यक्तिगत संपत्ति को बिना अनुमति के नष्ट किया है। उसने कोर्ट में बताया कि 'अटैक ऑन टाइटन' बेहद लोकप्रिय कॉमिक्स है और इसे पूरा करना बहुत मुश्किल है। उसके अनुसार, अब 32 संस्करणों को फिर से प्राप्त करना असंभव है, क्योंकि यह अब छपते नहीं हैं। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद निर्णय दिया। मां ने दावा किया कि कुछ कॉमिक्स गीली और खराब हो गई थीं और ये कमरे में बहुत जगह घेर रही थीं।

## चीनी सरकार के आर्थिक पैकेज ने अर्थव्यवस्था को किया पुनर्जीवित, रातों रात बढ़ी अमीरों की संपत्ति, शेयर बाजारों में भी आया उछाल

बीजिंग,(ईएमएस)। चीन की अर्थव्यवस्था पिछले कुछ सालों से गंभीर संकट झेल रही थी, जिसके कारण रियल एस्टेट सेक्टर और रोजगार सृजन में भी गिरावट देखने को मिली है। सरकारी प्रतिबंधों के चलते आम लोगों की मांग में कमी आई। हालांकि, पिछले एक साल में चीनी सरकार ने अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की भरपूरी कोशिश की है, लेकिन अधिकांश प्रयास असफल रहे। चीनी सरकार ने सीधे वित्तीय लाभ देने का फैसला लिया, जिसके तहत कई आर्थिक पैकेज की घोषणा की। हाल ही में घोषित इस प्रोत्साहन पैकेज का प्रभाव चीन के शेयर बाजारों में साफ दिखाई दे रहा है, जहां भारी उछाल आया। इसके परिणामस्वरूप, चीन के 54 सबसे अमीर लोगों की संपत्ति में करीब 19 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि यह वृद्धि 30 सितंबर को समाप्त हुए सप्ताह में दर्ज की गई, और यह 2016 के बाद से एक हफ्ते में संपत्ति में हुई सबसे बड़ी वृद्धि है, जिसमें कुल मिलाकर करीब 130 अरब अमेरिकी डॉलर का इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक इस वृद्धि का कारण चीन के शेयर बाजार में आई तेजी है। सीएसआई 300 इंडेक्स में पिछले सप्ताह 25 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि देखी गई है। यह उछाल तब आया जब बीजिंग ने अपनी सुस्त अर्थव्यवस्था को गति देने कई अहम कदम उठाए, जैसे ब्याज दरों में कटौती और बैंकों के रिजर्व में कमी। इन कदमों ने बाजार में निवेशकों का विश्वास बढ़ाया और इंडेक्स में लगातार 9 दिन की वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें सोमवार को 8.5 फीसदी की तेजी आई थी। यह 2008 के बाद से सबसे बड़ी तेजी थी। पिछले तीन सालों में सख्त नीतियों से कई चीनी अरबपतियों की संपत्ति में गिरावट आई थी, विशेषकर रियल एस्टेट और टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में। लेकिन हालिया तेजी ने इस स्थिति को पलट दिया है। टेक्नोलॉजी क्षेत्र में टेनसेंट होल्डिंग्स के को-फाउंडर पोनी मा को भी इस उछाल से फायदा मिला है। उनकी संपत्ति इस साल करीब 50 फीसदी से बढ़कर 51 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 4,23,150 करोड़ रुपये हो गई है। इसके अलावा, अलीबाबा ग्रुप के को-फाउंडर जैक मा की संपत्ति भी बढ़कर 36 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 2,98,800 करोड़ रुपए हो गई है। चीन के इस नए आर्थिक पैकेज का प्रभाव न केवल अरबपतियों की संपत्ति पर, बल्कि देश की समग्र अर्थव्यवस्था पर भी पड़ा है।

## क्रैथॉन तूफान से खतराः ताइवान में तबाही से बचाने के लिए दफ्तर, स्कूल, मार्केट और शेयर बाजार बंद

ताइपे(ईएमएस)। बेहद खतरनाक तूफान क्रैथॉन ने ताइवान की नींद उड़ा दी है। गुरुवार की सुबह कई शहरों में दस्तक देने वाले इस तूफान के खतरों को देखते हुए स्कूल,कॉलेज,दफ्तर, यहां तक की शेयर मार्केट भी बंद कर दिए गए हैं। इसके साथ ही, ताइवान में दर्जनों अंतरराष्ट्रीय उड़ानें और घरेलू उड़ानें भी रद्द कर दी गई हैं। मौसम प्रशासन ने कहा कि तूफान की तीव्रता कम हो गई है, लेकिन तूफानी लहरों, तेज हवाओं और बारिश का खतरा अभी भी बना हुआ है। साल की शुरुआत में टाइफून गेमी के गंभीर प्रभावों के कारण, ताइवान के लोग इस बार और अधिक सतर्क हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने 38,000 जवानों को तूफान से निपटने के लिए तैयार रहने का आदेश दिया है। इस प्रकार, ताइवान की सरकार और नागरिक इस संकट का सामना करने के लिए तैयार हैं और स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं।

ताइवान के मौसम विभाग ने कहा कि गुरुवार की सुबह काऊशुंग और उसके पड़ोसी शहर ताइनान के बीच तूफान आने की संभावना है, जिसके बाद यह पश्चिमी तट से होते हुए राजधानी ताइपे की ओर बढ़ेगा। सभी शहरों में एक दिन की छुट्टी घोषित की गई है। पूर्वी एशियाई देश ताइवान की सरकार इस समय एक गंभीर स्थिति का सामना कर रही है। बुधवार को राजधानी ताइपे समेत देश के कई हिस्सों में सभी ऑफिस, स्कूल-कॉलेज और शेयर बाजार बंद कर दिए गए हैं। सरकार को यह चिंता है कि साल 1977 में आए एक खतरनाक समुद्री तूफान की यादें फिर से न लौट आएं। मौसम के पूर्वानुमानों में चेतावनी दी गई है कि एक समुद्री तूफान, जिसे क्रैथॉन नाम दिया गया है, बड़ी तबाही मचा सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ताइवान के काऊशुंग तट पर तूफान की बड़ी लहरें उठने और मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। स्थानीय सरकार ने लोगों को घर पर रहने और समुद्र, नदियों और पहाड़ों से दूर रहने की सलाह दी है। सरकारी अधिकारियों ने 1977 के तूफान थेल्मा का संदर्भ देते हुए चेतावनी दी है, जिसमें समुद्री तूफान के कारण 37 लोगों की जान गई थी और 2.7 मिलियन की आबादी वाले शहर को भारी नुकसान हुआ था। ताइवान में आमतौर पर तूफान प्रशांत महासागर के सामने पहाड़ी और कम जनसंख्या वाले पूर्वी तट पर आते हैं, लेकिन इस बार क्रैथॉन तूफान पश्चिमी मैदान पर आने की संभावना है।

## ये हमला नहीं बदला हैः अमेरिका के समर्थन के लिए इजरायल ने कहा थैंक्यू


तेहरान में ईरान के इजरायल पर मिसाइल हमलों के बाद हुए प्रदर्शन के दौरान एक महिला उत्साहित होकर हिज्बुल्ला नेता हसन नसरल्लाह जिंदा है के नारे लगाती हुई।

यरूशलम(ईएमएस)। ईरान ने बीती रात इजरायल पर हमला किया। और संदेश भी दिया कि ये हमला नहीं बदला है। बदला उस हमास नेता का जिसे इजरायल ने कुछ दिनों पहले ही मार गिराया था। इधर इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान की हर एक मिसाइल का जवाब हमने दिया है। उनकी एक एक मिसाइल को आसमान में ही ध्वस्त कर दिया है। इससे इजरायल का डिफेंस सिस्टम कितना मजबूत है,इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।नेतन्याहू ने अमेरिका के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा, ईरान हमारे खुद की रक्षा करने और अपने दुश्मनों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के हमारे दृढ़ संकल्प को नहीं समझता है। हमास, हिजबुल्लाह और ईरान के नेताओं ने इजरायल के संकल्प को कम करके आंका है। जो कोई भी हम पर हमला करेगा हम उन पर जवाबी हमला करेंगे। गाजा, लेबनान, यमन, सीरिया और ईरान सहित क्षेत्र में अपने विरोधियों से खतरों के खिलाफ इजरायल का रुख स्पष्ट है। इस प्रकार, ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव ने स्थिति को और भी जटिल बना दिया है, जिससे क्षेत्र में एक नई हिंसा की लहर का खतरा बढ़ गया है।

वहीं, दूसरी ओर हिजबुल्लाह के आतंकियों ने भी इजरायल में घुसपैठ की, जिसमें आठ इजरायली नागरिकों की हत्या कर दी गई। मंगलवार देर रात, मध्य इजरायल में तेल अवीव के जाफा में एक संदिग्ध आतंकवादी हमले में लोगों को गोली मारने की घटना सामने आई। इस घटना में कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनमें एक कुत्ता भी शामिल है। पुलिस की रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा बलों ने दो हमलावरों को मार गिराया। इजरायल की मैगन डेविड एडोम इमरजेंसी सेवाओं ने बताया कि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनकी मौत हो गई। अधिकारियों ने यह भी कहा कि रेलवे स्टेशन पर एक ट्रैफिक क्रॉसिंग के पास गोलीबारी की घटना के बाद और अधिक घायलों की आशंका है। इन घटनाओं पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का बयान भी आया। उन्होंने कहा कि ईरान ने इजरायल पर मिसाइल हमला करके एक बड़ी गलती की है। यरूशलम में सुरक्षा कैबिनेट की बैठक में बोलते हुए नेतन्याहू ने कहा कि मंगलवार को हुआ ईरानी मिसाइल हमला इजरायल के एयर डिफेंस सिस्टम की क्षमताओं को दर्शाता है, जो कि इस हमले को नाकाम करने में सफल रहा। ईरान ने मंगलवार को इजरायल पर एक गंभीर हमला किया, जिसके पीछे हमास के बड़े नेता इस्माइल हानिया की हत्या का बदला लेने की भावना थी। इस हमले में इजरायल के एयर डिफेंस सिस्टम पर दबाव डाला गया, जो कि अत्यधिक रॉकेट हमलों का सामना कर रहा था। इस दिन, ईरान ने इजरायल पर एक साथ कई रॉकेट दागे, जिससे स्थिति गंभीर हो गई।


मैक्सको में नई राष्ट्रपति बनी क्लोडिया शेनबाम शपक ग्रहण समारोह में लोगों का अभिवादन करती हुईं।

## बांग्लादेश ने पाकिस्तान से कहा- माफी मांगें तभी रिश्ते सुधरेंगे

ढाका(ईएमएस)। शेख हसीना की सरकार बेदखल होते ही बांग्लादेश अनाथ सा हो गया है। उसे खुद नहीं मालूम की रिश्ते किससे बेहतर रखना है और किससे नहीं रखना है। केवल संभावनाओं और उम्मीदों की बुनियाद पर बांग्लादेश की सरकार चल रही है। पहले पाकिस्तान से दोस्ती के लिए हाथ बढ़ाया अब कह रहा है कि पहले 1971 में की गई अमानवीयता के लिए माफी मांगें तभी पाकिस्तान से रिश्ते बेहतर हो सकेंगे।हाल ही में बांग्लादेश में पाकिस्तान के उच्चायुक्त ने अंतरिम सरकार के कई बड़े सदस्यों से ढाका में मुलाकात भी की थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहिद हुसैन ने कहा है कि मौजूदा सरकार ने पाकिस्तान को ऐसा नहीं लगने दिया है कि वह 1971 के मुद्दे को एक तरफ रखकर अच्छे रिश्ते चाह रहे हैं। उनका कहना है कि पाकिस्तान माफी मांगता है, तो दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य करने में मददगार साबित होगा।उन्होंने कहा, हमें पाकिस्तान की तरफ से कुछ नहीं सुना है। मुझे व्यक्तिगत तौर पर लगता है कि अगर वो (पाकिस्तान सरकार) 1971 पर बात करने की हिम्मत दिखाए और कहे कि वे माफी मांगना चाहते हैं, तो संबंध आसान हो जाएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश चाहता है कि 1971 में निहत्थे बंगालियों पर किए अत्याचारों पर पाकिस्तान सार्वजनिक रूप से औपचारिक घोषणा कर माफी मांगे।

तौहिद हुसैन ने कहा, जापान द्वितीय विश्व युद्ध से ही अपने कामों के लिए माफी मांग रहा है। मेरा मानना है कि पाकिस्तान में अगर कोई सरकार हिम्मत दिखा सकती है और ऐसा बयान दे सकती है, तो रिश्तों का सामान्य होना और आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध चाहता है, लेकिन 1971 के मुद्दे रहेंगे। उन्होंने कहा, 1971 हमेशा हमारे दिल में है।बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस से मुलाकात के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दोनों देशों के रिश्तों पर बात की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, शरीफ ने कहा था कि बांग्लादेश और पाकिस्तान को अपने संबंधों का नया अध्याय शुरू करना चाहिए।

### कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के बाहर दो धमाके

कोपेनहेगन (ईएमएस)। डेनमार्क के कोपेनहेगन में इजरायली दूतावास के बाहर दो धमाके हुए हैं, इसके बाद डेनमार्क पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी है। धमाकों की आवाज ने क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। वहीं जॉर्डन ने स्पष्ट किया है कि वह किसी भी पक्ष के लिए युद्ध का मैदान नहीं बनेगा। जॉर्डन के संचार मंत्री मोहम्मद अल मोमानी ने कहा कि जॉर्डन की स्थिति हमेशा से ऐसी रही है कि वह किसी के लिए भी मोहरा या युद्ध के मैदान के रूप में नहीं रहा। जॉर्डन के लोगों की सुरक्षा हमारी सर्वोपरि जिम्मेदारी है। इस दौरान, इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। इजरायली डिफेंस फोर्स ने कहा कि वे ईरान के हमले का जवाब देने के लिए तैयार हैं, लेकिन वे समय और स्थान का चयन करेंगी।

## चीन का छलका दर्दः शी जिनपिंग ने गिनाई चुनौतियां बोले- कई देशों ने बढ़ाई दिक्कतें



बीजिंग(ईएमएस)। चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों के चलते चौतरफा घिरता जा रहा है। नतीजा ये है कि कई देश मिलकर चीन की खिलाफत में उतर आए हैं। वे अपने अपने तरीके से चीन के लिए मुश्किले खड़ी कर रहे हैं। खुद राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इसका जिक्र चीन के 75वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत के गठबंधन क्वॉड की गतिविधियों के कारण चीन को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर, उन्होंने कहा, आगे की राह आसान और सुगम्य नहीं होगी, इसमें कठिनाइयाँ और बाधाएँ आएँगी।


अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, अमेरिका के साथ बढ़ती प्रतिस्पर्धा और दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के साथ तनाव को लेकर शी ने कहा कि ये सभी कारक चीन के लिए चुनौतीपूर्ण हैं। दक्षिण चीन सागर पर चीन के दावों के चलते, फिलीपींस जैसे देशों के साथ तनाव बढ़ रहा है, जो अमेरिका का सैन्य समर्थन प्राप्त कर रहा है। वर्तमान में, भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार वर्षों से अधिक समय से गतिरोध जारी है, हालाँकि दोनों देशों ने इस स्थिति को सुलझाने के लिए कूटनीतिक और सैन्य वार्ता जारी रखी है। इस प्रकार, चीन को विभिन्न आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके लिए शी जिनपिंग ने अपनी सरकार और जनता से एकजुट होकर आगे बढ़ने की अपील की। तियानमेन स्क्वायर पर आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। हालांकि, पिछले वर्षों की तरह कोई भव्य सैन्य परेड या उत्सव का आयोजन नहीं किया गया। शी ने लोगों को कठिन समय के लिए तैयार रहने का आह्वान किया और कहा कि शांति के समय में सतर्क रहना आवश्यक है। उनका यह भी कहना था कि कोई भी कठिनाई चीन के लोगों को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। शी जिनपिंग ने अपने भाषण में ताइवान का उल्लेख करते हुए कहा कि ताइवान, चीन का क्षेत्र है और उसकी स्वतंत्रता का विरोध किया जाएगा। यह बयान ताइवान की राजनीतिक स्थिति को लेकर बीजिंग की स्पष्ट स्थिति को दर्शाता है। चीन की आर्थिक स्थिति को लेकर शी ने चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से रियल एस्टेट बाजार में मंदी के कारण। उन्होंने अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकने के लिए सुधारों और खुलापन बढ़ाने का संकल्प लिया। चीन की आर्थिक मंदी, बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) जैसी वैश्विक रणनीतिक पहलों पर भी प्रभाव डाल रही है, जिसके अंतर्गत चीन ने कई छोटे देशों में भारी निवेश किया है।



# औषधीय गुण से भरे हुए हैं आम के पत्ते

अभी तक आपने आम के पत्तों को धार्मिक अनुष्ठानों में इस्तेमाल करते हुए बहुतायत में तो देखा होगा, लेकिन शायद आपको यह नहीं मालूम होगा कि यही पत्ते अनेक बीमारियों से हमें निजाद दिला सकते हैं। दरअसल आम के पत्ते अनेक पोषक तत्वों से परिपूर्ण होते हैं। आम ही नहीं आम के पत्ते भी आपके लिए कम फायदेमंद नहीं होते हैं। आयुर्वेदिक औषधीय में इसका विशेष महत्व है और बताया जाता है कि मोतियाबिंद, तनाव कम करने, मोटापा घटाने और कैंसर जैसे घातक रोगों से छुटकारा दिलाने की भी ताकत होती है इसमें। आम के फल के साथ ही साथ इसके पत्ते का इस्तेमाल भी फायदेमंद हैं। आम के पत्ते में काफी मात्रा में मैगीफेरिन, गैलिन एसिड तथा पॉलीफिनॉल्स जैसे तत्व होते हैं। इस कारण शुगर, अस्थमा और अनेक प्रकार के रोगों में आम के पत्ते का प्रयोग काफी लाभदायक होता है। इसके अतिरिक्त श्वांस संबंधी समस्या में भी आम के पत्ते काफी लाभकारी होते हैं।

अस्थमा होने पर आम की पत्तियों का काढ़ा बनाकर पिलाया जाए तो काफी लाभ मिलता है। आम के पत्ते में एंटी डाइबिटीक गुण होता है अतः यह शुगर को कंट्रोल करने में भी लाभदायक हो सकता है। इसके लिए जरुरी है कि आम के पत्तों को सुखाया जाए और उसका पाउडर बनाकर नियमित सेवन करें इससे शुगर कंट्रोल रहने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त ब्लडप्रेशर में भी आम के पत्तों को पानी में उबालकर उस पाने से स्नान करना चाहिए। इससे ब्लड प्रेशर से छुटकारा भी मिलता है। आम के पत्ते पथरी से निजाद दिलाने में भी काफी लाभदायक होते हैं। इन पत्तों का पाउडर बनाकर रोजाना सेवन करने से जल्द ही पथरी निकल जाती है। आम की ताजा नर्म पत्तियां रोज सुबह खाली पेट खाने से ट्यूमर भी खत्म हो जाता है। इस प्रकार आम के पत्ते अनेक प्रकार से औषधीय इस्तेमाल में लिए जा सकते हैं।



# बच्चों का दिमाग तेज होने दें ये आहार

अगर आप चाहती हैं कि आपका बच्चा स्वस्थ होने के साथ ही तेज दिमाग वाला हो तो उसके खाने का भी ध्यान रखना जरुरी है। इसके लिए संपूर्ण पौष्टिक आहार देना जरुरी है।

**सूखे मेवे** : बच्चों को सूखे मेवे खाने की आदत जरूर डालें। आप चाहें तो बच्चों को दूध में ड्राई फ्रूट्स डालकर पीलाएं। इससे बच्चे का शारीरिक और दिमागी विकास तेजी से होता है। रात के समय बादाम भिगोकर ऱखें और सुबह उनका सेवन करें और बच्चों को भी करवाएं।

**सेब** : सेब में एंटीऑक्सीडेंट होते है जो भूलने की बीमारी से हमेशा बचाए रखते है। सेब बच्चों और बड़ों दोनों के लिए फायदेमंद है। इसलिए खुद और बच्चों को भी रोजाना सुबह खाली पेट सेब का सेवन करवाएं।

**अंडा** : अंडे में विटामिन की मात्रा अधिक होती हैं, जिसका सेवन करने से दिमाग में सेल्स का विकास होता हैं। दिमाग में जितने ज्यादा सेल्स होंगे, उनकी याददाश्त भी उतनी तेज होंगी। इसके अलावा इसमें प्रोटीन की मात्रा भी पर्याप्त है, जिससे बच्चा शारीरिक रुप से फिट रहता है।

**दही** : फुल फैट दही ब्रेन सेल्स को लचीला बनाने में मदद करती हैं, जिससे दिमाग भी तेज होता है। इससे दिमाग तुरंत किसी भी प्रतिक्रिया को करने की क्षमता बढ़ाता है। इसलिए अपने बच्चे को रोजाना दिन में दही का सेवन करने को कहें।

# नवरात्रि में मां दुर्गा के इन नौ स्वरूपों की होती है अराधना

**नवरात्रि** में माता दुर्गा के नौ रूपों को पूजा जाता है। माता दुर्गा के इन सभी नौ रूपों का अपना अलग महत्व है। माता के प्रथम रूप को शैलपुत्री, दूसरे को ब्रह्मचारिणी, तीसरे को चंद्रघण्टा, चौथे को कूष्माण्डा, पांचवें को स्कन्दमाता, छठे को कात्यायनी, सातवें को कालरात्रि, आठवें को महागौरी तथा नौवें रूप को सिद्धिदात्री कहा जाता है। नवरात्र में मां दुर्गा के प्रतिदिन अलग-अलग रूपों की पूजा विशेष फल देने वाली है।



## मां शैलपुत्री

मां दुर्गा का पहला स्वरूप शैलपुत्री का है। पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण इनको शैलपुत्री कहा गया। यह बैल पर बैठीं, दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में पुष्प कमल धारण किए हुए हैं। त्रिशूल भक्त की दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों तरह के तापों से रक्षा करता है और कमल निर्लिप्तता का भाव जागृत करता है। यह नव दुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। नवरात्रि पूजन में पहले दिन इन्हीं का पूजन होता है।

## मां ब्रह्मचारिणी

मां दुर्गा की नौ शक्तियों में से दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। यहां ब्रह्म शब्द का अर्थ तपस्या से है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यंत भव्य है। इनके बाएं हाथ में कमण्डल और दाएं हाथ में जप की माला रहती है। जप माला जहां नाम सिमरन करते हुए अपने इष्ट की ओर एक-एक कदम बढ़ने का संकेत देती है वहीं कमण्डल अपने इष्ट-आराध्य की भक्ति से स्वयं के खाली घट को भरने का संकेत देता है। मां दुर्गा का यह स्वरूप भत्तफ़ों और सिद्धों को अनंत फल प्रदान करने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की वृद्धि होती है। दुर्गा पूजा के दूसरे दिन इन्हीं की उपासना की जाती है।

## मां चंद्रघंटा

मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघण्टा है। नवरात्र उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन व आराधना की जाती है। इनका स्वरूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके मस्तक में घण्टे के आकार का अर्धचन्द्र है। इसी कारण इस देवी का नाम चंद्रघण्टा पड़ा। चंद्र जहां शीतलता का प्रतीक है वहीं घण्टा नाद ब्रह्म का प्रतीक है। नाद ब्रह्म अर्थात् ॐ का उच्चारण करते हुए भक्त पूर्ण ब्रह्म को प्राप्त करें। इनके शरीर का रंग स्वर्ण के समान चमकीला है। इनका वाहन सिंह है। हमें चाहिए कि हम मन, वचन, कर्म एवं शरीर से शुद्ध होकर विधि-विधान के अनुसार, मां चंद्रघंटा की शरण लेकर उनकी उपासना व आराधना में तत्पर हों। इनकी उपासना से हम समस्त सांसारिक कष्टों से छूटकर सहज ही परमपद के अधिकारी बन सकते हैं।

## मां कूष्मांडा

माता दुर्गा के चौथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कूष्माण्डा पड़ा। नवरात्रें में चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन अनाहत चक्र में स्थित होता है। अतः पवित्र मन से पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिए। मां की उपासना मनुष्य को स्वाभाविक रूप से भवसागर से पार उतारने के लिए सुगम और श्रेयस्कर मार्ग है। माता कूष्माण्डा की उपासना मनुष्य को आधिव्याधियों से विमुत्तफ़ करके उसे सुऽ, समृद्धि और उन्नति की ओर ले जाती है। अतः अपनी लौकिक, परलौकिक उन्नति चाहने वालों को कूष्माण्डा की उपासना में हमेशा तत्पर रहना चाहिए।

## मां स्कंदमाता

मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता कहा जाता है। भगवान स्कन्द 'कुमार कार्तिकेय' के नाम से भी जाने जाते हैं। इन्हीं भगवान स्कन्द अर्थात कार्तिकेय की माता होने के कारण मां दुर्गा के इस पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना नवरात्रि पूजा के पांचवें दिन की जाती है इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में स्थित रहता है। इनका वर्ण शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान हैं। इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। नवरात्रि पूजन के पांचवें दिन का शास्त्रें में पुष्कल महत्व बताया गया है। इस चक्र में अवस्थित रहने वाले साधक की समस्त बाह्य क्रियाएं एवं चित्त वृत्तियों का लोप हो जाता है।

## मां कात्यायनी

मां दुर्गा के छठे स्वरूप को कात्यायनी कहते हैं। कात्यायनी महर्षि कात्यायन की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर उनकी इच्छानुसार उनके यहां पुत्री के रूप में पैदा हुई थीं। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की थी इसलिए ये कात्यायनी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। दुर्गा पूजा के छठे दिन इनके स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित रहता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सब कुछ न्यौछावर कर देता है। भत्तफ़ को सहजभाव से मां कात्यायनी के दर्शन प्राप्त होते हैं। इनका साधक इस लोक में रहते हुए भी अलौकिक तेज से युक्त होता है।

## मां कालरात्रि

मां दुर्गा के सातवें स्वरूप को कालरात्रि कहा जाता है। मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है लेकिन ये सदैव शुभ फल देने वाली मानी जाती हैं। इसलिए इन्हें शुभंकरी भी कहा जाता है। दुर्गा पूजा के सप्तम दिन मां कालरात्रि की पूजा का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रर चक्र में स्थित रहता है। उसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इस चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णतः मां कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। मां कालरात्रि दुष्टों का विनाश और ग्रह बाधाओं को दूर करने वाली हैं। जिससे साधक भयमुक्त हो जाता है।

## मां महागौरी

माँ दुर्गाजी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शत्तिफ़ अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भत्तफ़ों के सभी कल्मष धुल जाते हैं, पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप-संताप, दैन्य-दुःख उस भक्त के पास कभी नहीं जाते। महागौरी की पूजा-उपासना से भक्त सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है।

## मां सिद्धिदात्री

मां दुर्गा की नौवीं शक्ति को सिद्धिदात्री कहते हैं। जैसा कि नाम से प्रकट है ये सभी प्रकार की सिद्धियों को प्रदान करने वाली हैं। नव दुर्गाओं में मां सिद्धिदात्री अंतिम हैं। इनकी उपासना से भत्तफ़ों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं।

# उद्यमी बनने के लिए आपको एक अच्छा विक्रेता बनने की ज़रूरत है

*हर सफल व्यवसायी के पास अपने जीवन में ऊर्जा के स्तर को उच्च रखने का गुण होना बहुत जरूरी है। चाहे कोई भी स्थिति हो वे हमेशा आगे बढ़ते रहते हैं और प्रेरित रहते हैं। वे व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए विचारों और रणनीतियों के बारे में उत्साह के साथ लगातार चर्चा करने के लिए तैयार हैं। इसलिए, अगर आप एक सफल उद्यमी बनने का सोच रहे हैं, तो आपको इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि स्वयं को हमेशा प्रेरित और उर्जावान बने रहें।*




अगर आप अपना कारोबार करना चाहते हैं तो आपके पास कुछ योग्यताएं होनी चाहिये। करोबार के लिए कठिन परिस्थितियों में आगे बढ़ने के जुनून के साथ-साथ अनुभव की आवश्यकता होती है। एक कारोबार के अन्दर किसी भी तरह की प्रतिकूल परिस्थितियों और चुनौती के बावजूद आगे बढ़ने की प्रवृत्ति होनी चाहिए। इसके साथ-साथ एक सफल संगठन चलाने के लिए जोखिम लेने और विफलताओं को स्वीकार करने की क्षमता भी होनी चाहिए। अगर आप भी अपना व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं तो एक सफल उद्यमी बनने के लिए अपने व्यक्तित्व में निम्नलिखित गुणों को विकसित करें।

## जीवन-शक्ति और ऊर्जा बनाये रखें

हर सफल व्यवसायी के पास अपने जीवन में ऊर्जा के स्तर को उच्च रखने का गुण होना बहुत जरूरी है। चाहे कोई भी स्थिति हो वे हमेशा आगे बढ़ते रहते हैं और प्रेरित रहते हैं। वे व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए विचारों और रणनीतियों के बारे में उत्साह के साथ लगातार चर्चा करने के लिए तैयार हैं। इसलिए, अगर आप एक सफल उद्यमी बनने का सोच रहे हैं, तो आपको इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि स्वयं को हमेशा प्रेरित और उर्जावान बने रहें।

## बेचने की क्षमता जरुरी

एक उद्यमी के मुख्य गुणों में से एक यह है कि वे दूसरों को एक विचार पेश करने और उसको बेचने की क्षमता रखते हैं। वे अपने दृष्टिकोण में निडर और आश्वस्त होते हैं और ग्राहकों को एक संबंधित उत्पाद या सेवा खरीदने के लिए राजी कर लेते हैं।उद्यमी बनने के लिए आपको एक अच्छा विक्रेता बनने की ज़रूरत है, कम-से-कम आपको यह जानना चाहिए कि बाज़ार में आपके विचार कैसे चर्चा पैदा कर सकते हैं?

## समस्या का समाधान करने और निर्णय लेने की क्षमता

एक उद्यमी को यह जानना चाहिए कि जब भी कोई समस्या उत्पन्न होती है तब उन्हें एक सकारात्मक समाधान निकालना होता है। इसके अलावा, एक व्यवसायी को कंपनी के भविष्य और प्रगति लिए एक अच्छा निर्णय लेना होता है। एक उभरते उद्यमी के रूप में आपको इन गुणों को हासिल करने और एक सफलतापूर्वक व्यवसाय चलाने के लिए हर स्तर पर सकारात्मकता बनाए रखने की कोशिश करनी चाहिए।

किसी भी उद्यमी के लिए यह जरूरी है कि वह हर कठिन स्थिति में भी अपने को काबू में रखे। प्रत्येक सफल उद्यमी को हर स्तर पर अपने को शांत रखने के लिए सकारात्मकता की जरूरत होती है क्योंकि इससे उन्हें कोई भी निर्णय लेने में मदद मिलती है। इसलिए, यदि आप निकट भविष्य में एक उद्यमी बनने के लिए उत्सुक हैं, तो हर स्थिति में शांत रहने के लिए अपने दिमाग को प्रशिक्षण देना शुरू करें।

## परिवर्तन स्वीकार करें

उद्यमशीलता का मार्ग एक आसान मार्ग नहीं है क्योंकि इसमें लगातार बदलते बाजार के माहौल के अनुरूप अपडेटेड रहना पड़ता है। एक उद्यमी के अन्दर लचीलापन होनी चाहिए ताकि वह हर परिस्थिति में खुद को ढाल सके। हालांकि, इसका मतलब हर स्तर पर समझौता करना नहीं है। एक युवा उद्यमी के रूप में आप को बाज़ार के रुझान को बारीकी से समझना और समय-समय पर अपने व्यवसाय में सूक्ष्म परिवर्तन करना आना चाहिए।

## आत्म-जागरूकता

पिछली गलतियों से सीखने और उनमें सुधार करने की इच्छा भी एक मुख्य गुण हैं जो एक उद्यमी में होना चाहिए। इसके लिए, आपको स्वयं के बारे में जागरूक होना चाहिए और अपने विचारों और कार्यों को बारीकी से मॉनिटर करना आना चाहिए। यदि आप निकट भविष्य में अपना व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, तो बाज़ार के रुझान पर नजर बनाये रखें। एक महत्वाकांक्षी उद्यमी को अपनी विचार प्रक्रिया में रचनात्मक होना चाहिए। आप एक उभरते उद्यमी के रूप में केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रह सकते। आपको अपनी कल्पना को विस्तारित करने का प्रयास करना चाहिए।

*मोबाइल फोन के अधिक उपयोग के कारण होने वाली समस्याओं को अभिभावक इस प्रकार रोकें। बच्चों को सोने से 30 मिनट पहले किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का उपयोग न करने दें। हर तीन महीने में सात दिन के लिए फेसबुक से दूर रखें। सप्ताह में एक बार, पूरे दिन के लिए सोशल मीडिया का उपयोग न करने दें। अपने मोबाइल फोन का उपयोग केवल तभी करें जब घर से बाहर हों।*

# सेल्फी की आदत से बच्चों को बचाएं



आजकल मोबाइल की पहुंच बच्चों ओर किशोरों तक भी है और वह भी सेल्फी लेने लगे हैं। वहीं इससे लगातार हादसे के मामले सामने आ रहे हैं। ऐसे में बच्चों को इस आदत से दूर रखना अभिभावकों का काम है। वहीं विशेषज्ञों के अनुसार हम एक ऐसे युग में रहते हैं जहां मोबाइल फोन हमारे जीवन में प्रवेश कर चुका है और वास्तविक मानवीय संपर्क लगभग न के बराबर है हालांकि प्रौद्योगिकी ने सभी के लिए जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन इसके साथ एक गंभीर समस्या भी है। पिछले दो वर्षो में दुनिया भर में सेल्फी का बुखार बढ़ा है। सेल्फी को दुनिया भर में बड़ी संख्या में मृत्यु दर और महत्वपूर्ण बीमारी से जोड़ा गया है।

इस डिजिटल युग में, अच्छे स्वास्थ्य के लिए तकनीक का इस्तेमाल जरुरत से ज्यादा न हो। हम में से बहुत से लोग ऐसे उपकरणों के गुलाम बन गए हैं जो वास्तव में हमें फ्री टाइम देने और जीवन को बेहतर तरीके से अनुभव करने तथा लोगों के साथ अधिक समय बिताने के लिए बनाये गये थे। जब तक जल्द से जल्द एहतियाती उपाय नहीं किए जाते, यह लत लंबी अवधि में किसी के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। मोबाइल फोन के अधिक उपयोग के कारण होने वाली समस्याओं को अभिभावक इस प्रकार रोकें। बच्चों को सोने से 30 मिनट पहले किसी भी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट का उपयोग न करने दें। हर तीन महीने में सात दिन के लिए फेसबुक से दूर रखें। सप्ताह में एक बार, पूरे दिन के लिए सोशल मीडिया का उपयोग न करने दे।अपने मोबाइल फोन का उपयोग केवल तभी करें जब घर से बाहर हों। अपने मोबाइल टॉक टाइम को दिन में दो घंटे तक सीमित करें। अपने मोबाइल की बैटरी को दिन में एक से अधिक बार रिचार्ज न करें।





बीजिंग में चाइना ओपन टेनिस में जापान की नाओमी ओसाका रिटर्न शॉट लगाती हुई।

## भारतीय टीम को डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने चाहिये चार जीत

मुम्बई (ईएमएस)। बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 की जीत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं और बढ़ गयी हैं। भारतीय टीम पहले दो सत्र में भी डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंची थी पर तब वह जीत हासिल करने में विफल रही थी। अब भारतीय टीम लगातार तीसरी बार फाइनल की ओर मजबूती से बढ़ रही है। भारतीय टीम को आने वाले समय में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर पर और फिर बाहर जाकर टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसमें किये प्रदर्शन के आधार पर ही उसका डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना तय होगा। भारतीय टीम को अभी 8 मुकाबले और खेलने हैं और इसमें अगर वह लगातार चार मैच जीतती है हो फाइनल में पहुंच जाएगी। इसमें न्यूजीलैंड के साथ अपनी धरती पर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज शामिल है। उसे कीवी टीम को 3-0 से हराने के बाद ऑस्ट्रेलिया से पहला मैच जीतना होगा। भारतीय टीम इस समय डब्ल्यूटीसीमें अंक तालिका में शीर्ष पर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया दूसरे और श्रीलंका की टीम तीसरे स्थान पर है। भारत ने 11 टेस्ट खेलकर 8 में जीत दर्ज की है और 2 मुकाबले हारी है जबकि एक टेस्ट मैच ड्रॉ रहा। इस प्रकार भारतीय टीम के कुल 98 अंक हैं और जीत का प्रतिशत 74.24 है। दूसरे नंबर पर कायम ऑस्ट्रेलिया ने 12 टेस्ट में 8 जीत, 3 हार और 1 ड्रॉ के साथ 90 अंक हासिल किए हैं जबकि श्रीलंकाई टीम 9 मैच में 5 जीत और 4 हार के साथ तीसरे नंबर पर है। अब फाइनल में जगह बनाने के लिए भारतीय टीम को अपने बचे बाकी के 8 टेस्ट में से सिर्फ 4 में जीत दर्ज करनी होगी।

## प्रधानमंत्री मोदी से मिले गेल



नई दिल्ली (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर क्रिस गेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की है। गेल जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होलनेस के साथ आये प्रतिनिधिमण्डल के साथ ही प्रधानमंत्री मोदी से मिले। गेल ने इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया में साझा की हैं। गेल ने सोशल मीडिया में लिखा, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर गौरव का अनुभव कर रहा हूं। साथ ही लिखा , जमैका टू इंडिया वनलव। जमैका के प्रधानमंत्री होलनेस आजकल भारत दौरे पर हैं। यह उनकी पहली भारत यात्रा है और जमैका के किसी प्रधानमंत्री की भारत की पहली द्विपक्षीय यात्रा भी है, इसी दौरान गेल को भी भारतीय प्रधानमंत्री से मिलने का अवसर मिल गया। जमैका के प्रधानमंत्री ने हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के साथ द्विपक्षीय बैठक की। भारत और जमैका के बीच मजबूत ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। दोनो में ही क्रिकेट के प्रति जुनून भी काफी ज्यादा है। गेल जमैका सहित पूरे कैरिबिया से भारत में खेल के सबसे बड़े एम्बेस्डरों में से एक हैं। उन्होंने साल 1999-2021 के बीच 42 शतक और 105 अर्द्धशतक लगाये हैं और अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खेल का आकर्षण बढ़ाया है। आईपीएल में अपने आक्रामक खेली से वह भारत में भी बेहद लोकप्रिय हैं। अपने करियर के दूसरे भाग में गेल मुख्य रूप से अपने टी20 में धमाकेदार खेल से छाये हैंजिसमें उन्होंने 463 मैचों में 36.22 की औसत से सबसे अधिक 14,562 रन बनाये हैं। इसमें 455 पारियों में 22 शतक और 88 अर्द्धशतक शामिल हैं।

### बाबर आजम ने पाकिस्तान टीम की कप्तानी छोड़ी

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान की एकदिवसीय और टी20 टीम के कप्तान बाबर आजम ने अपना पद छोड़ दिया है। बाबर पर टी20 विश्वकप में टीम के ख़राब प्रदर्शन के बाद से ही कप्तान पद छोड़ने का दबाव था। आजम ने इसकी जानकारी पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को भी दे दी है। बाबर ने लिखा, ' मैंने क्रिकेट टीम के कप्तान पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। मैंने पिछले महीने पीसीबी और टीम प्रबंधन से इस बारे में बात की थी।' साथ ही लिखा , 'इस टीम का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है पर अब समय आ गया है कि मैं कप्तानी छोड़कर अपने खेल पर ध्यान दूं। कप्तानी का अनुभव अच्छ रहा पर इससे कामकाज का बोझ बढ़ गया था। अब मैं अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना चाहता और परिवार के साथ समय बिताना चाहता हूं। आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद।' पाक टीम इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए टी20 विश्वकप के पहले ही दौर में बाहर हो गयी थी। पाक को ग्रुप मुकाबले में न केवल भारत से हार झेलनी पड़ी थी बल्कि मेजबान अमेरिका ने भी उसे हराया था। बाबर की बल्लेबाजी भी पिछले कुछ समय से अच्छी नहीं रही है। कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी उन्हें कप्तानी छोड़ने कहा था।

### पाकिस्तान के कप्तान बाबर के बाद न्यूज़ीलैंड के कप्तान साउदी का इस्तीफा

मुम्बई (ईएमएस)। पाकिस्तान की एकदिवसीय और टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम के इस्तीफे के बाद अब न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने भी अपना पद छोड़ दिया है। अब साउदी की जगह कीवी टीम के भारत दौरे में . टॉम लेथम कप्तानी संभालेंगे। साउदी ने श्रीलंका के खिलाफ पारी की हार के एक दिन बाद ही कप्तानी छोड़ दी। साउदी ने कहा कि टीम की करना बड़े सम्मान की बात है। मैंने इस भूमिका को पूरी क्षमता के साथ निभाया पर मुझे लगाता है कि यह पद छोड़ने का सही समय है। ' न्यूजीलैंड की टीम को इसी महीने भारत दौरे पर एक टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसमें बल्लेबाज लेथम टीम की कमान संभालेंगे। साउदी की बात करें तो उन्होंने 14 टेस्ट मैचों में कप्तानी की जिसमें न्यूजीलैंड को 6 में जीत मिली और इतने ही मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है जबकि दो मैच ड्रॉ रहे हैं। लेथम ने पहले भी कई बार कप्तानी की है। ऐसे में ये नई भूमिका उनके लिए कठिन नहीं रहेगी। वहीं दूसरी ओर पाक के लिए नये कप्तान को तलाशना आसान नहीं रहेगा। बाबर ने कहा है कि वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने कप्तानी छोड़ रहे हैं पर मुख्य कारण ये है कि टी20 विश्वकप में टीम की हार के बाद से ही उन्हें कप्तानी से हटाने को लेकर दबाव बढ़ता जा रहा था। टीम के पास अब नये कप्तान के लिए काफी कम विकल्प हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को कप्तानी मिल सकती है।

### फिटनेस के मामले में क्रिकेटरों से कहीं आगे हैं हॉकी खिलाड़ी : हार्दिक

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि हॉकी खिलाड़ी फिटनेस के मामले में क्रिकेटरों से कहीं आगे हैं। हार्दिक के अनुसार जिस यो-यो टेस्ट को आजकर फिटनेस का मानक माना जाता है उसमें भी हॉकी खिलाड़ियों का स्कोर क्रिकेटरों से कहीं बेहतर है। क्रिकेट में टीम चयन के दौरान यो-यो टेस्ट में पास होना जरुरी होता है।

भारतीय क्रिकेटरों में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को सबसे फिट एथलीटों में से एक माना जाता है पर उनका भी यो-यो टेस्ट स्कोर 17.2 है जबकि न्यूनतम आवश्यकता 16.5 होती है। क्रिकेट में यो-यो टेस्ट में 17-18 के स्कोर को काफी अच्छा माना जाता है। वहीं हार्दिक ने कहा कि पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ियों का यो-यो स्कोर 23 के करीब बना रहता है।

हार्दिक ने कहा कि क्रिकेट में अगर कोई यो-यो टेस्ट में 19 या 20 अंक बना रहा है तो लोग उसे सबसे फिट क्रिकेटर मानते है जबकि हॉकी में तो गोलकीपर पीआर श्रीजेश के ही 21 अंक हैं। हार्दिक ने कहा कि इंटरमिटेंट रिकवरी टेस्ट मुख्य स्तर 15 से शुरू होता है और इसमें 8 स्प्रिंट होते हैं। यह 23.8 तक बढ़ता है, जो अंतिम स्तर है। हमारे सात खिलाड़ियो ने 23.8 का स्तर हासिल किया है। उन्होंने कहा कि जूनियर लड़कियों की हॉकी टीम के फिटने टेस्ट के स्कोर भी 17-18 के आसपास रहे हैं वहीं पुरुष खिलाड़ियों का औसत 22-23 का रहा है।

### आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के नये नियम से धोनी को होगा करोड़ों का नुकसान

मुम्बई (ईएमएस)। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के नीयमों में बदलाव से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को करोड़ों का नुकसान हो सकता है। अब आईपीएल की अगली नीलामी में उन खिलाड़ियों को अनकैप्ड की लिस्ट में रखा जाएगा जिन्होंने 5 साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और जिनके पास बीसीसीआई अनुबंध नहीं है। धोनी ने साल 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और उनके पास बीसीसीआई का अनुबंध भी नहीं है हालांकि नियमों के अनुसार वह 2025 आईपीएल खेलने के पात्र हैं। धोनी ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2019 में खेला था।

धोनी ने आईपीएल 2024 सीजन की शुरुआत से पहले चेन्नई सुपरकिंग्स टीम की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था. उन्हें तब सीएसके ने 12 करोड़ में रिटेन किया था। वहीं अब अगर सीएसके धोनी को बतौर अनकैप्ड खिलाड़ी रिटेन करती है तब उनके वेतन में करोड़ों की कमी करनी पड़ेगी। नए नियम के तहत अनकैप्ड खिलाड़ियों को 4 करोड़ रुपए में रिटेन किया जाएगा। ऐसे में धोनी को करीब 66.67 प्रतिशत का घाटा होगा। आईपीएल में हमेशा से ऐसा रहा है कि मेगा नीलामी में हर बार विदेशी और भारतीय प्लेयर रिटेन करने की सीमा तय होती थी पर इस बार विदेशी और भारतीय खिलाड़ियों को रिटेन करने की कोई सीमा नहीं है। फ्रेंचाइजी चाहें तो पांचों भारतीय या पांचों विदेशी प्लेयर्स को भी रिटेन कर सकती हैं।

# विराट ने संन्यास लेने वाले शाकिब को भेंट में दिया अपना बल्ला

कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने खेल से संन्यास की घोषणा करने वाले बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को उपहार के तौर पर अपना बल्ला दिया है। शाकिब का ये भारत में अंतिम टेस्ट था। उन्होंने इस मैच के शुरु होने से पहले ही सीमित ओवरों से संन्यास की घोषणा कर दी थी। साथ ही कहा था कि दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाद बाद वह टेस्ट को भी अलविदा कह देंगे। विराट ने कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में जीत के बाद शाकिब को विदाई दी।



शाकिब ने बांग्लादेश के लिए तीनों फॉर्मेट में खेला है। 71 टेस्ट में इस क्रिकेटर ने 4609 रन बनाए है जिसमें 5 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं। शाकिब ने घोषणा की है कि अगर उन्हें अवसर मिलता है तो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी सीरीज घरेलू धरती पर उनकी आखिरी सीरीज होगी। वहीं अगर नहीं तो भारत के खिलाफ सीरीज उनकी विदाई सीरीज होगी। शाकिब ने मैच से पहले ही कहा था, मैं दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए उपलब्ध हूं पर घर पर हालात ठीक नहीं है, इसलिए स्वाभाविक रूप से सब कुछ मुझ पर निर्भर नहीं करता है। मैंने टेस्ट क्रिकेट के लिए अपनी योजनाओं पर बीसीबी के साथ बात की है। अब देखना है कि क्या होता है। गौरतलब है कि शाकिब पर बांग्लादेश में हत्या का मामला दर्ज है। उनपर ये मामला पूर्व की शेख हसीना सरकार के सांसद होने के कारण लगा था। ऐसे में शाकिब को बांग्लादेश लौटने पर सुरक्षा की चिन्ताएं सता रही हैं।

### यशस्वी ने आक्रामक पारी का श्रेय कप्तान और कोच को दिया

बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी कर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले यशस्वी जायसवाल ने कहा है कि उन्हें कप्तान रोहित शर्मा और कोच गौतम गंभीर ने आक्रामक रणनीति अपनाने को कहा था जिसका पालन उन्होंने किया है। यशस्वी ने पहली पारी में 51 गेंदों पर 12 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 72 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में 8 चौकों और एक छक्के की सहायता से 51 रन बनाये। उन्होंने इस मैच में लगातार दो अर्द्धशतक बनाए। जिससे भारतीय टीम को जीत दर्ज करने में सहायता मिली। नाम कर ली।

यशस्वी ने कहा कि उसने इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ भी पिछली सीरीज में 700 से अधिक रन बनाए थे। साथ ही कहा कि इस बार भी में टीम के लिए मैच जीतने का लक्ष्य लेकर सीरीज में उतरा था। मैं सफलता में योगदान देना चाहता था। हमने यहां कानपुर में जिन हालातों का सामना किया, उससे चेन्नई में स्थितयां अलग थीं। इस युवा बल्लेबाज ने कानपुर में पहली पारी में आजादी से खेलने की सलाह देने के लिए कप्तान और कोच का आभार जताया है। साथ ही कहा कि उसे अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए कहा गया था। इससे भी उसे लाभ हुआ और मैं बड़े शॉट लगा सका।




### बुमराह नीलामी में उतरे तो उनपर लगेगी 30-35 करोड़ की बोली : हरभजन

भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि आईपीएल के अगले सत्र में अगर तेज गेंदबाजी जसप्रीत बुमराह मेगा नीलामी में उतरते हैं तो उन्हें 30-35 करोड़ रुपये मिल सकते हैं। आईपीएल 2025 के लिए नीलामी दिसंबर में होने की संभावना है। वहीं नये नियमों के अनुसार कोई भी फ्रेंचाइजी 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं। इसके साथ ही ज्यादातर स्टार खिलाड़ियों का रिटेन होना भी तय नजर आता है। हरभजन के अनुसार बुमराह नीलामी में उतरते हैं तो उन्हें खरीदने के लिए टीमों में होड़ शुरु हो जाएगी। भज्जी ने कहा, 'यदि बुमराह अपना नाम नीलामी के लिए देते हैं तो हमें आईपीएल की सबसे बड़ी बोली देखने को मिल सकता है। क्या आप सहमत हैं।' मेरे विचार से बुमराह को 30-35 करोड़ रुपए आसानी से मिल जाएंगे। सभी 10 टीमें बुमराह पर दांव लगाएंगी केवल गेंदबाजी के नहीं बल्कि कप्तानी के लिए भी। '

बुमराह साल 2013 से ही आईपीएल खेल रहे हैं। वे अपने पहले सत्र में मुंबई इंडियंस में शामिल थे। मुंबई इंडियंस हर बार बुमराह को अपने साथ बनाये रखती है। मुंबई इंडियंस ने इस बार हालांकि उन्हें रिटेन किये जाने की कोई बात अब तक नहीं कही है।

## बेटी आयरा पर प्यार लुटाते दिखे शमी , मॉल में शॉपिंग करायी





कोलकाता (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को लंबे समय बाद अपनी बेटी आयरा से मिलने का अवसर मिला। शमी इस दौरान बेहद खुश दिखे और उन्होंने बेटी को प्यार से गले लगा लिया। शमी ने इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में भेजा है। इसमें उन्होंने लिखा, जब मैंने उसे बहुत दिनों बाद बेटी को देखा तो ऐसा लगा जैसे समय रुक सा गया। वीडियो में शमी बेटी को सीने से लगाए प्यार लुटा रहे हैं और आयरा भी पिता के कलेजे से चिपकी हुई नजर आयी।

वीडियो में दिखता है कि शमी अपने कुछ साथियों के साथ किसी मॉल में जाते हैं। वहां उनके साथ बेटी आयरा भी होती है। वह बिटिया को मनपसंद सामान दिलाते हैं। इस दौरान एक सीन आता है, जिसमें शमी हाथ में मोबाइल लिए बिटिया को गले लगाए खड़े दिखते हैं। आयरा भी अपने पापा के साथ बेहद खुश दिखी।

शमी का अपनी पत्नी हसीन जहां से तलाक हो गया है। हसीन ने शमी पर घरेले हिंसा के साथ ही मैच फिक्सिंग और प्यार में धोखा देने सहित कई प्रकार के आरोप लगाये थे। हसीन ने शमी के परिवार पर भी कई आरोपन लगाए थे। हालांकि शमी ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया था। इसके बाद हसीन अपनी बेटी के साथ कोलकाता में रहने लगीं थीं। दूसरी ओर, शमी बंगाल टीम से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं, जबकि उनका गृह राज्य उत्तर प्रदेश है। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाली हसीन जहां अक्सर बेटी के साथ वीडियो और तस्वीरें शेयर करते रहती हैं, वहीं शमी सोशल मीडिया पर कई बार बेटी से न मिल पाने की निराशा जाहिर करते रहे हैं।

### मलेशिया की हॉकी टीम के कोच बने पाक के पूर्व खिलाड़ी सोहेल अब्बास

कराची (ईएमएस)। मलेशिया ने पाकिस्तान के दिग्गज हॉकी खिलाड़ी और पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ रहे सोहेल अब्बास को अपनी टीम का कोच बनाया है। मलेशिया हॉकी परिसंघ ने सोहेल को ड्रैग फ्लिक कोच के तौर पर एक साल के लिए अनुबंधित किया है। वह मलेशिया के मुख्य कोच सुरजीत सिंह के साथ काम करेंगे। सोहेल को हालांकि अभी कोचिंग का अनुभव नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान हॉकी महासंघ के साथ अभी तक कोई कोचिंग करार नहीं किया है। उन्हें दो बार प्रस्ताव मिले थे पर उन्होंने इंकार कर दिया था। इस खिलाड़ी ने अपने करियर के दौरान 311 मैचों में 348 गोल किए थे।



चीन में विश्व टेबिल टेनिस के मिश्रित युगल में भाग लेते हुए ऑस्ट्रेलिया के रॉबर्ट गार्डोस व सोफिया पोलकेनोवा की जोड़ी।

## महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट आज से यूएई में शुरु होगा , दस टीमें भाग लेंगी

### भारतीय टीम 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड, 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से खेलेगी

दुबई (ईएमएस)। महिला टी20 विश्व कप क्रिकेट गुरुवार से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरु होगा। इसमें 10 टीमें भाग लेंगी। भारतीय टीम के साथ इसमें ग्रुप ए में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया की टीमें हैं। दूसरे ग्रुप में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड शामिल हैं। टूर्नामेंट में कुल 23 मैच होंगे। सेमीफाइनल और फाइनल मैचों के लिए 'रिजर्व डे' रखा गया है। इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले से करेगी। इसमें भारतीय टीम को ग्रुप ए में ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है। पहले ये टूर्नामेंट बांग्लादेश में होना था पर हिंसा और खराब राजनीतिक हालातों के कारण इसे यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम अपना पहला मैच 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड से खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से मुकाबला करेगी। भारतीय महिला टीम इस टूर्नामेंट से पहले शानदार फार्म में है। उसने अभ्यास मैच में दक्षिण अफ्रीका को 28 रन से हराया। वहीं इससे पहले भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को 20 रन से हराया था। ये टूर्नामेंट सबसे अधिक छह बार ऑस्ट्रेलिया ने जीता है जबकि एक-एक बार इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने इसमें जीत हासिल की है।

मैचों का कार्यक्रम इस प्रकार है

| तारीख | मैच | स्थान |
| --- | --- | --- |
| 4 अक्टूबर | भारत और न्यूजीलैंड | दुबई |
| 6 अक्टूबर | भारत और पाकिस्तान | दुबई |
| 9 अक्टूबर | भारत और श्रीलंका | दुबई |
| 13 अक्टूबर | भारत और ऑस्ट्रेलिया | शारजाह |
| 17 अक्टूबर | पहला सेमीफाइनल | दुबई |
| 18 अक्टूबर | दूसरा सेमीफाइनल | शारजाह |
| 20 अक्टूबर | फाइनल | दुबई |

# शराब की लत से तबाह हुआ कांबली सहित इन क्रिकेटरों का करियर

मुम्बई (ईएमएस)। क्रिकेट में कुछ प्रतिभाशाली क्रिकेटरों का जीवन नशे की आदत से तबाह हुआ है। इन्हीं में से एक पूर्व बल्लेबाज विनोद कांबली भी हैं। नब्बे के दशक में कांबली की गिनती एक बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी के तौर पर होती थी और माना जाता था कि वह कई बड़े रिकार्ड बनायेंगे पर ऐसा हुआ नहीं। कांबली को कई दिग्गज सचिन तेंदुलकर से भी ज्यादा प्रतिभाशाली मानते थे। टेस्ट में सबसे कम उम्र में दोहरा शतक बनाने वाले कांबली नशे की लत के कारण अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की अच्छी शुरुआत को







आगे नहीं बढ़ा पाये। साल 1993 में इंग्लैंड के खिलाफ जब टेस्ट में उन्होंने 21 साल की उम्र में दोहरा शतक लगा दिया था पर शराब पीने की बुरी लत और ग्लैमर ने उनका करियर तबाह कर दिया और वह केवल 17 टेस्ट खेलकर ही बाहर हो गये। इसमें उन्होंने दो दोहरे शतक लगाये थे। वहीं दिवंगत ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एंड्रयू साइमंड्स एक बेहतरीन ऑलराउंडर माने जाते थे पर शराब पीने की आदत ने उनका भी करियर खराब कर दिया था। साल 2009 तक सब ठीक था पर इसके बाद क्रिकेट बोर्ड ने अनुशासनहीनता के कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया। इसके बाद वह वापसी नहीं कर पाए और साल 2022 में एक सड़क हादसे का शिकार हो गये। इसके अलावा न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर जेसी राइडर के करियर की शुरुआत भी काफी अच्छी थी। टेस्ट और एकदिवसीय दोनों में ही इस खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत कर 3-3 शतक लगाये। टी20 में भी उनका प्रदर्शन ठीक ठाक था पर शराब की आदत ने उनका भी करियर बेकार कर दिया। ऑस्ट्रेलिया के एक और ऑलराउंडर जेम्स फॉकनर का क्रिकेट में भी जिस तेजी से बढ़ा शराब की आदत के कारण नीचे आ गया। मैनचेस्टर में शराब पीकर गाड़ी चलाने पर वह गिरफ्तार हुए थे जिसके बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया।

## गाँधी जयंती पर सेवा भारती एवं जे सी आई पहचान के संयुक्त तत्वाधान में 72 यूनिट रक्त संग्रह



जमशेदपुर। तुलसी भवन के मुख्य सभागार में गांधी/शास्त्री जयंती के शुभअवसर पर सेवा भारती एवं जे सी आई पहचान के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान महोत्सव सम्पन्न हुआ, जिसमें 72 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इस महोत्सव में सहभागी रहे अभ्युदय, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, डॉ मुकुंद प्रधान सेवा स्मृति न्यास। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी शास्त्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्प अर्पित कर हुआ। दीप प्रज्वलन में सेवा भारती के बसंत खले, जे सी आई पहचान की बीना देबुका, कविता धुत, तुलसी भवन के अरुण तिवारी, सुभाषचंद्र मुनका, अभ्युदय के राजा झुनझुनवाला, मुकुंद प्रधान न्यास के दिनेश पारीक, पी एस एस पी के विनय यादव, वरुण कुमार, क्रीड़ा भारती के राजीव कुमार, भाजपा नेता दिनेश कुमार, सागर तिवारी ने अपना सहभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण तिवारी, संचालन डॉ प्रसेनजित तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन मोनिका बाकरेवाल ने किया। आर एस एस के रामचंद्र, इंद्रदेव, प्रकाश मेहता, भाजपा के चंद्रशेखर मिश्र, अमरजीत सिंह राजा, शंकर रेड्डी, सहित अनेक महानुभावों ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेवा भारती के राकेश कुमार, संजय मिश्रा, प्रदीप चटर्जी, दिवाकर खां, एडवोकेट राजेश कुमार, सोनू गिरी, धर्मेंद्र राय, निक्कू, रितेश, शशि सहित दर्जनों पूर्व सैनिक गण का योगदान रहा।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें किया गया नमन



कोयलांचल संवाद संवाददाता

चतराःराष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती पर शहिद स्मारक फांसी तलाब पहुंच चतरा उपायुक्त रमेश घोलप ने राष्ट्रपिता को स्मरण करते हुए उनकी तस्विर में पुष्प अर्पित किया। उपायुक्त संग अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, चतरा प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिणाथ महतो समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी बापू की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। वहीं शहिद स्मारक पर लगे अन्य शहीदों की तस्वीरों पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इसके अलावे उपायुक्त की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी धर्म के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को स्मरण करते हुए आपस में भाईचारा एवं प्रेम की भावना रखते हुए उनके दिखाए अहिंसा के राह पर चलने की बात सभी धर्मों के लोगों द्वारा कही गई। साथ हीं चतरा के इतिहास में शहीदों द्वारा दिए गए बलिदान को भी याद किया गया। इसके अलावे उपायुक्त ने कहा कि हमे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नीति एवं सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाकर उसे लागू करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आगे उन्होंने कहा जिन्होंने भी इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन किया है उन्हें बधाई देता हूं। गांधी जी की जयंती और धर्म सभा का आयोजन इसी को कनेक्ट करने वाला गांधी जी का जो एक लाइन है, रघुपति राघव, राजा राम, पतित पावन सीताराम, ईश्वर अल्लाह तेरहो नाम सबको सम्मति दे भगवान। तो इस अवसर पे सभी लोगों को सत्य के राह पर अहिंसा के राह पर दूसरों के कल्याण के लिए जो त्याग करना होता है परिश्रम करना होता है उस राह पर चलने की सम्मति भगवान सभी को दें। यही प्रार्थना आज के सर्वधर्म सभा के माध्यम से करता हूं।

## खिजरी विधायक के सौजन्य से दो मृतक परिवारों क़ो मिला सूखा चावल



ओरमांझी( मोहसीन आलम ):सिलदीरी गांव के मरहूम साजिद अंसारी और बारीडीह गांव के स्वर्गीय दुती महतो के परिजनों को विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से 52-52किलो चावल सहायता स्वरूप दी गई, मालूम हो साजिद अंसारी का आकस्मिक मौत 5 दिन पहले गुमला के घाघरा के एक तालाब में डूबने से हुई थी,घर में कमाने खाने वाला कोई नहीं है, बूढी मां तीन बच्चे और एक पत्नी बेसहारा हो गए हैं, जिससे देखते हुए परिजनों क़ो चावल देकर मदद किया गया.उसके अलावा बारिडीह के दुति महतो का निधन के उपरांत जैसे ही खिजरी के विधायक को पता चला तुरंत विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी व प्रखंड के उप प्रमुख रिजवान अंसारी क़ो आदेश देकर दोनो मृतक परिवार को सूखा राशन एवं नगद राशि देकर सहयोग करने के लिये दोनों मृतको के घर भेजा।और मदद किया गया,मौके पर उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने कहा कि गठबंधन की सरकार में सभी वर्गों पर विशेष रुप से ध्यान दिया जा रहा है। सभी लोगों के लिए सरकार बेहतर कार्य कर रही है। मृतक परिवार को किसी भी तरह से कोई दिक्कत नही होना चाहिए। लोकप्रिय विधायक हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए तात्पर्य एवं कटिबंध है, वही विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि विधायक द्वारा चावल वितरण करने का अभियान दिनों दिन तेजी आ रहा हैं, विधायक जी के सहयोग से हाथी पीड़ित परिवार सहित मृतक परिवार,और गरीब बेटी की शादी में लगातार मदद करते आ रहे हैं जिसका फायदा उन्हें आने वाले विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा, मौके पर मुजिबुल अंसारी, जियाउल अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया

रांचीः जेआरजी बैंक के लगभग 100 अधिकारी/कर्मचारियों ने बैंक के अध्यक्ष श्री मदन मोहन बरियार के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सुबह 7:00 बजे से बैंक के आधार वाक्य *"एक कदम स्वच्छता की ओर"* के अंतर्गत *टैगोर हिल,* रांची की सफाई के लिए स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को साफ करना, बल्कि स्वच्छता के महत्व को भी उजागर करना है। साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, रांची द्वारा आयोजित स्वच्छ मुद्रा सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छ नोटों का विनिमय, सिक्कों का प्रतिदिन वितरण और नोट एवं सिक्कों का विनिमय भी इस अभियान के जरिए आम जनों तक फैलाना है| सफाई के दौरान, लोगों ने प्लास्टिक की बोतलें, रैपर, पोलीथिन बैग, कैन आदि इकट्ठा किए। लगभग दो घंटे तक चले इस अभियान में सामूहिक प्रयासों के माध्यम से क्षेत्र को स्वच्छ बनाया गया।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज ट्रांसपोर्ट नगर फेज -1 का विधिवत उदघाटन करेंगे

रांचीः झारखंड के सुकरहुटू में राज्य का पहला बहुप्रतीक्षित ट्रांसपोर्ट नगर फेज -1 बन कर तैयार हो गया है. गुरुवार 3 अक्टूबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका उदघाटन कर आम जनता को सौंप देंगे. वहीं, द्वितीय फेज में ट्रांसपोर्ट नगर 9 एकड़ परिसर में बनाया जायेगा. अधिकारियों ने बताया कि इसे बनाने में 55.82 करोड़ की लागत आयेगी. दूसरे फेज में कुल 256 वाहन खड़ा करना का प्लेटफॉर्म बनेगा. जलमीनार, डोरमेट्री भी बनेगी. इसके अलावा वाहन चालकों-खलासी इत्यादि के रहने के लिए आधुनिक विश्रामगृह भी



बनाया जायेगा. ट्रांसपोर्ट नगर के बनने से भारी व मालवाहक वाहनों का प्रवेश शहरों में नहीं होगा. ट्रांसपोर्ट नगर में ही सामान को अनलोड किया जायेगा फिर वहां से छोटे परिवहन वाहनों से सामाग्रियों को रांची सहित आसपास के क्षेत्रों में पहुंचाया जायेगा. भारी वाहनों के प्रवेश नहीं होने से शहर जाममुक्त भी हो सकेगा.

इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्य के नगर विकास एवं आवास मंत्री हफीजुल अंसारी, राज्यसभा सांसद महुआ माजी और कांके विधायक समरी लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे. जानकारी के अनुसार नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार आज शाम उदघाटन स्थल एवं शिलान्यास स्थल का मुआयना कर तैयारियों की समीक्षा करेंगे.

### ट्रांसपोर्ट नगर फेज -1 के प्रमुख बिंदु

- योजना की लागत- 113.24 करोड़ रुपये
- कुल क्षेत्रफल – 40.68 एकड़
- निर्माण अवधि- 24 माह
- भारी मालवाहको की पार्किंग- 424 वाहन
- 3400 एवं 6100 वर्गमीटर के दो वेयर हाउस
- 120 टन क्षमता के दो धर्मकांटा
- वाहनों के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए सर्विस स्टेशन
- 17 कॉमर्शियल दुकानें
- ट्रांसपोर्टरों के लिए 16 आफिस
- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र
- चालक एवं उपचालक के विश्राम के लिए 360 बेड की डोरमेट्री
- मनोरंजन केंद्र एवं फूड प्लाजा
- जी प्लस थ्री इंटीग्रेटेड बिल्डिंग.

## स्वच्छता ही सेवा को आत्मसात कर स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान दें युवा - डॉ ब्रजेश

### स्वच्छता अभियान में लगातार सक्रिय रहते हुए अपने कर्तव्य का पालन करें- रौशन

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** :माई भारत, राँची एवं राँची विश्विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस, राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर राँची के मान सरोवर (बड़ा तालाब) के परिसर में स्वच्छता शपथ, स्वच्छता संकल्प सभा, स्वच्छता जागरूकता रैली एवं स्वच्छता ड्राइव कार्यक्रम आर. यू. के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार के अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस अवसर पर आर. यू. के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा को आत्मसात कर स्वच्छ भारत के निर्माण में युवा योगदान दें एवं महात्मा गांधी जी ने स्वच्छ भारत का सपना देखा था उसे साकार करना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज हम संकल्प लें कि ना गंदगी करेंगे और ना किसी को करने देंगे तथा सघन जागरूकता अभियान चलाएंगे।

माई भारत, राँची जिला के युवा अधिकारी रोशन कुमार ने कहा कि स्वच्छता अभियान में लगातार सक्रिय रहते हुए अपने कर्तव्य का पालन करें एवं




स्वच्छता ही सेवा अभियान का आज समापन हो रहा है लेकिन हमें इस अभियान को अपने स्तर पर चलाने की आवश्यकता है।

आज राँची के मान सरोवर से स्वच्छता जागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया जो सेवा सदन, लेक रोड़, मारवाड़ी कॉलेज एवं अपर बाजार होते हुए पुनः मान सरोवर परिसर में समाप्त हुआ।

रैली के दौरान माई भारत एवं एन एस एस के स्वयंसेवकों ने स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता, क्लीन राँची- ग्रीन राँची, प्रकृति के दुश्मन तीन, पाउच पन्नी पॉलीथिन, बापू का संदेश, स्वच्छ सुंदर अपना देश आदि नारे लगाए थे। रैली का नेतृव एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ चंचल लकड़ा, विवेकानंद युथक्वेक के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल एवं रुपाली यादव ने संयुक्त रूप से किया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अवसर पर मान सरोवर के सीढ़ियों पर बिखरे हुए कचरे को एन एस एस के स्वयंसेवकों ने साफ सफाई की एवं एकत्रित कचड़े को नगर निगम कचड़े के वाहन को सौंपा गया।

आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में क्रमशः दिवाकर, पुरषोत्तम, क्षणिका, स्वेता, रिकेष, अतुल, अंजली, प्रीति, अजहर, कनिष्क, अमित, आरती, नैन्सी, लवली, आकाश, रवि, उदय शंकर आदि का योगदान रहा।

आज के कार्यक्रम में राँची विश्विद्यालय के राँची वीमेंस कॉलेज, राँची, मारवाड़ी कॉलेज, डोरंडा कॉलेज, राँची, गोस्सनर कॉलेज, राँची, निर्मला कॉलेज, राम लखन सिंह यादव कॉलेज, विश्विद्यालय हिंदी, अंग्रेजी, भूगर्भ शास्त्र, वनस्पति शास्त्र के लगभग 300 से ज्यादा एन एस एस एवं माई भारत के स्वयंसेवक शामिल रहे।

## ट्राई एड फाउंडेशन के सदस्यों ने फूलों से 'बापू' नाम की श्रृंखला बनाकर तथा 155 दिये जलाकर जन्मदिवस मनाया

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : 2 अक्टूबर 2024 को ट्राई एड फाउंडेशन के सदस्यों ने मोराबादी स्थित बापू वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 155वें जन्मदिवस पर फूलों से 'बापू' नाम की श्रृंखला बनाकर तथा 155 दिये जलाकर जन्मदिवस मनाया। सभी ने मूर्ति के नीचे फैले पेपर आदि गंदगियों को साफ कर पुष्प अर्पण कर गांधी जी के देश की स्वतंत्रता में दिये योगदानों को याद किया ।

मौके पर वरिष्ठ सलाहकार विवेक तिवारी जी ने उनके द्वारा चलाये गए आंदोलनों पर प्रकाश डाला। संगठन के प्रेसिडेंट प्रिंस तिवारी ने महात्मा गांधी के मूल्यों को सभी के बीच रखा और कहा कि सौ वर्ष पूर्व उन्होंने जो हथियार हमें प्रदान किया था वे आज भी प्रासंगिक हैं।

कार्यक्रम के दौरान, सदस्यों ने गांधी जी के आदर्शों को अपनाने के लिए सपथ ग्रहण किया और स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आसपास के क्षेत्र की सफाई की।

ट्राई एड फाउंडेशन ने स्वच्छता ही सेवा



पखवारा 17 सितम्बर 2024 से लेकर 2 अक्टूबर 2024 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया, जिसमें संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने अतुल्य योगदान दिया। इस पखवारे के दौरान, संगठन ने विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान चलाया और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया।

मौके पर अन्य सदस्यों में दिपक साहु, पुरुषोत्तम कुमार, अतुल कुमार, सुरभी तिवारी,अंगिता कुमारी,नवीन किशोर, यशपाल, पायल, अंकित, उज्जवल, रोहीत साहा, रौशनी, सुहानी,शिवरानी,अंजली व अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड केंद्रीय विश्व विद्यालय ब्रांबे में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : झारखंड केंद्रीय विश्व विद्यालय ब्रांबे में प्रबंधन विभाग के बुक रीडिंग एंड क्रिएटिव क्लब द्वारा महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जन्म दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के बीच गांधी जी और शास्त्री जी कि मूल्यों और विचारों को बढ़ावा देना था। इसमें पोस्टर मेकिंग, एक्सटेंपोर, क्रिएटिव राइटिंग, कंटेंट राइटिंग, जस्ट ए मिनट, स्टोरी टेलिंग का आयोजन, विभाग के रिसर्च स्कॉलर हेमंत राज के अध्यक्षता और प्रोफसर डॉ. भगवान सिंह के देख रेख में हुई। जिसमे केंद्रीय विश्व विद्यालय के विभिन्न विभाग के कुल 84 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता में जियो इनफॉर्मेटिक विभाग के डॉ. किरण जलेम, डॉ. विकास रंजन परिदा, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. वीरेंद्र भारती, डॉ. शिखा चौरसिया ने जज की भूमिका निभाई।



इस कार्यक्रम का आयोजन सफल बनाने में क्लब के प्रेसिडेंट अनुराधा शाही और वाइस प्रेसीडेंट आदित्य सिन्हा और क्लब के अन्य सदस्यों जिसमे निशी, महताब, आकृति, स्वाति, श्रुति, निकिता, शालिनी भी शामिल थे।

यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे के बीच में आयोजित किया गया जिसमे कंटेंट राइटिंग में अनिकेत कुमार को पहला, संदीप कुमार टुडू को दूसरा और स्टोरी टेलिंग में श्रीजीत चक्रवोर्थी को पहला, दिया दिनेश को दूसरा, प्रफुल को तीसरा और पोस्टर मेकिंग में राजीव आनंद को पहला, अनन्या मोदक को दूसरा, शुभम राज को तीसरा और क्रिएटिव राइटिंग में खुशी पाठक को पहला, ललिता मंडी को दूसरा, दीप सीखा मुखी को तीसरा और एक्सटेंपोर एंड जस्ट ए मिनट में प्रफुल को पहला, चंद्र मोहन को दूसरा, यशवंत कुमार को तीसरा स्थान मिला।

इस कार्यक्रम के उपरांत प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. बटेश्वर सिंह द्वारा विजेताओं का प्रोत्साहन किया गया।

# एमजीएम कॉलेज में नव निर्मित अस्पताल का मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया निरीक्षण

जमशेदपुर । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा एमजीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में 500 शय्या अस्पताल के ओपीडी सेवा का शुभारंभ एवं उदघाटन 05.10.2024 को प्रस्तावित है। इसी क्रम में बन्ना गुप्ता मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, परिवार कल्याण तथा खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा एमजीएम कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। मौके पर प्रधान सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड अजय कुमार सिंह, अभियान निदेशक एनएचएम अबू इमरान, जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा उच्च स्चरीय बैठक कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा भवन निगम के अभियंता प्रमुख, कार्यदायी एजेंसी एल & टी के प्रतिनिधियों से कॉलेज निर्माण संबंधी अधतन स्थिति की जानकारी ली गई । प्रेस प्रतिनिधियों से बातचीत में मंत्री ने कहा कि 751 बेड का एमजीएम अस्पताल वर्तमान में बन चुका है, 131 बेड आईसीयू, 620 बेड जेनरल होंगे । इसी के साथ-साथ 100 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट भी अलग से बनाया जा रहा है जिससे अस्पताल की कुल कैपेसिटी 851 बेड की हो जाएगी । उन्होने कहा कि अस्पताल के निर्माण से



कोल्हान के साथ-साथ आसपास के जिलों के मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। अस्पताल के सुव्यवस्थित एवं बेहतर संचालन को लेकर समीक्षा किया गया तथा शेष जो संसाधन जरूरी है उसपर चर्चा की गई । उन्होने कहा कि जल्द ही यह अस्पताल कोल्हान वासियों की सेवा में समर्पित होगा। मौके पर सिटी एसपी ऋषभ गर्ग, एसडीएम धालभूम श्रीमती शताब्दी मजूमदार, सिविल सर्जन पूर्वी सिंहभूम डॉ साहिर पाल, सिविल सर्जन पश्चिमी सिंहभूम डॉ जुझार माझी, एनडीसी श्री डेविड बलिहार, जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी समेत अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रेडक्रॉस भवन में मेगा रक्तदान शिविर आयोजित , 503 यूनिट रक्त संग्रह हुआ

जमशेदपुर । भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति राष्ट्रीय रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस भवन में किया गया। रक्तदान शिविर में 503 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रेड क्रॉस भवन में राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर आयोजित रक्तदान महायज्ञ में सम्मानित अतिथि के रूप में एसडीओ सह उपाध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम शताब्दी मजूमदार, जमशेदपुर ब्लड सेन्टर की महासचिव नलिनी राममूर्ति, रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, विकास सिंह, जेसीएपीसीपीएल के कार्यकारी निदेशक जुनीची मुत्सुनागा, मुख्य वित्त पदाधिकारी प्रवीण हेगड़े तथा मुख्य मानव संसाधन पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते तथा महासचिव आर.के. सिंह, रेड क्रॉस के संरक्षक अमलेश झा, चन्द्रमोहन सिंह उपस्थित थें। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती मजूमदार ने सभी रक्तदाताओं को पुष्प गुच्छ प्रदान करते हुए रक्तदाताओं से उनके रक्तदान यात्रा के विषय में जानकारी लेते हुए उनका उत्साह बढाया। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देश पर बीते वर्ष की भांति रक्तदान अभियान के विशेष पखवाड़ा का आयोजन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के संयोजन में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के इस अयोजन



में रक्तदाताओं को धन्यवाद देने के उद्देश्य से अफेरेसिस डोनेशन के द्वारा प्लेटलेट्स का दान कर लोगों का जीवन बचाने वाले 15 एसडीपी डोनर्स, एवं तीन शतकवीर रक्तदाताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रक्तदान को प्रोत्साहन देने का कार्य करने वाले मानगो नगरपालिका के ब्रान्ड एम्बेसडर समाजसेवी मुख्तार आलम खान, रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह तथा नियमित रूप से रक्तदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने वाले क्रान्ती जी को सम्मानित किया गया। रेड क्रॉस की उपाध्यक्ष एवं एसडीओ ने रेड क्रॉस भवन में रक्तदाताओं को दी जा रही सुविधा की सराहना की तथा इस अभियान में हमेशा रक्तदाता पहले की तर्ज पर इसी तरह आगे भी अभियान चलाने की प्रेरणा दी। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह तथा जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के महाप्रबंधक संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में शहर के अनेकों नामचीन लोगों ने भाग लेकर रक्तदाताओं का उत्साह बढाया जिसमें मुख्य रूप से वरीय पत्रकार जयप्रकाश राय, सुशील कुमार सिंह, नानक सिंह, सिद्धनाथ दुबे, पूरबी घोष, डी के घोष, देवानंद सिंह, शंकर लाल गुप्ता, यशवंत सिंह, राम उदय सिंह, बीएनपी गुप्ता और कई शामिल हुए। इस पूरे अभियान के दौरान रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम ने 1574 यूनिट रक्त संग्रह 10 रक्तदान शिविरों में किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के 40 सदस्यों तथा जमशेदपुर ब्लड बैंक के महाप्रबंधक संजय चौधरी के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम ने बेहतरीन तरीके से कार्य सम्पादित किया। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वैसे रक्तदाता जो आज किसी कारण वश रक्तदान नहीं कर पाये हैं, वे 8 अक्टूबर को रेड क्रॉस भवन में आयोजित रक्तदान शिविर रक्तदान कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान टाटा पिगमेन्टस, जेसीएपीसीपीएल, बैंक ऑफ बड़ोदा, बैंक ऑफ इंडिया, सुधा डेयरी की टीम ने आकर अपने साथियों के साथ रक्तदान किया। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव बिजय कुमार सिंह ने रक्तदान में सहयोगी सभी के प्रति आभार जताया

# सीसीएल में मनाई गई महात्मा गांधी जयंती

### सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया

**कोयलांचल संवाद संवाददाता, रांची** : 2 अक्टूबर, 2024 राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया । अवसर विशेष पर सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए । इस अवसर पर निदेशक (वित्त ) श्री पवन कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी /संचालन) श्री हरीश दुहान , विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष ,कर्मी एवं बड़ी संख्या में सफाई मित्र उपस्थित थे ।उपस्थित सभी बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।

सीएमडी श्री सिंह ने राष्ट्रपिता को स्मरण करते हुए कहा कि महात्मा गांधी का जीवन एक प्रेरणा है। उनके विचारों और कार्यों से हम सभी को सीखना चाहिए। । उनके बताए हुए मूल्य ;सादगी ,सत्य एवं अहिंसा को सभी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। साथ ही उन्होने सादगी और करुणा के प्रतीक लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करते हुए कहा कि हम सभी उनके "जय जवान, जय किसान" के नारा को सार्थक बनाये



और राष्ट्र सेवा की शपथ लेते हुए उनके सपनों को साकार करें ।

इस कार्यक्रम के दौरान सीसीएल के स्वच्छता मित्र भी उपस्थित थे। उनके बीच जूट बैग , जूते, टी-शर्ट, दस्ताने, सैनिटाइज़र और मिठाई वितरित की गई। श्री सिंह ने सीसीएल परिसर को साफ-सुथरा रखने में उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञपित भी किया।

ज्ञात हो कि आज भारत सरकार द्वारा संचालित#स्वच्छता ही सेवा अभियान का अंतिम दिवस भी था ।यह स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितंबर 2024 से आरंभ हुआ था, जिसका आज 2 अक्टूबर 2024 को अंतिम दिन था। इस दौरान मुख्यालय एवं सहित सभी क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर विभिन्न सिटिजन सेंट्रिक जगह की सफाई की गई । इसी के अंतर्गत कई विद्यालयों एवं सार्वजनिक जलाशयों की साफ सफाई भी की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कचरा, अपशिष्ट पदार्थों का निस्तारण एवं स्वच्छ परिवेश के लिए लोगों को जागरूक करना था। इस अभियान के दौरान ही स्वच्छता मित्रों के स्वास्थ्य के जांच हेतु कई निशुल्क शिविर भी लगाए गए एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित ' एक पेड़ मां ' पहल के तहत पौधा रोपण भी किया गया।

इस कार्यक्रम के अंत में, सभी ने महात्मा गांधी के आदर्शों को अपनाने और एक स्वच्छ और स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प लिया ।

## झामुमो कांके कमेटी ने खिलाड़ियों को जर्सी,महिलाओं क़ो साड़ी व चना वितरण किया

कांके( मोहसीन आलम ):झारखंड मुक्ति मोर्चा कांके प्रखंड के द्वारा गांधी व शास्त्री जयंती पर क्षेत्र के खिलाड़ियों व महिलाओं के बीच जर्सी,साड़ी व चना का वितरण किया.जिसमे एक बालिका फुटबॉल टीम व चार पुरुष फुटबॉल टीम के अलावे समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 महिलाओं को लाल पाढ़ साड़ी का वितरण किया गया.कार्यक्रम में संग्राम पुर,पतरातु, होचर, बनहारा ,रेडों के ग्रामीण मौजूद थे.मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष झाबुलाल महतो,संगठन सचिव रंथू उरांव,उपाध्यक्ष बसंत महतो,युवा मोर्चा अध्यक्ष बिनोद मुंडा,संयुक्त सचिव मोती लाल उरांव,कोषाध्यक्ष मोहन उरांव,मेसरा पंचायत अध्यक्ष बाबूलाल महतो,उपाध्यक्ष आगमलाल महतो,दिनेश लोहरा,बाबूलाल साहू,मुन्ना उरांव,राजू मुंडा, भक्तु उरांव,संजय मुंडा,मंगराज मिंज,अजय एक्का,निशु सोरेन,रीना कच्छप,शशि कच्छप, सीवन देवी, देवंती देवी,रिमनी देवी सहित अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, प्लॉट नं. 535 एवं 1272, लालगुटुआ, रांची से मुद्रित एवं फर्स्ट फ्लोर, 105, नायल कॉम्प्लेक्स, कांटाटोली, रांची-834001 (झारखण्ड) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं. JHAHIN/50549 फोन नं. 8084372014, Email : koylanchalsamvad@gmai.com & koylanchal.hindi@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट तहत जिम्मदार।